आश्विन कृष्ण पक्ष तृतीया उपरांत 09:15 चतुर्थी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 20 सितंबर 2024

वर्ष 5, अंक 305, पृष्ठ 14

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

वैज्ञानिकों ने खोज निकाला सबसे बड़ा ब्लैकहोल जेट 14

अपने बेटों को जब वी मेट दिखाना चाहती हैं करीना 13

बिहार में दबंगों ने दलितों के 80 घर जलाए

पुलिस ने घटना के मुख्य आरोपी सहित 15 को किया गिरफ्तार

नवादा/पटना, एजेंसी

बिहार के नवादा जिले में बुधवार शाम को दबंगों ने दलित बस्ती के करीब 80 घरों में आग लगा दी। इस दौरान फायरिंग भी की गई। घटना के पीछे जमीन का विवाद कारण बताया जा रहा है। हालांकि प्रशासन की ओर से 34 घरों के आग के चपेट में आने की बात कही जा रही है।

कृष्ण नगर माझी टोले में हुई इस घटना में पुलिस ने अभी तक 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने घटना की निंदा करते हुए सभी आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए हैं। नवादा

बिहार के नवादा में दबंगों द्वारा दलित बस्ती में लगाई गई आग में जलते घर।

- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने की घटना की निंदा

के जिलाधिकारी (डीएम) आशुतोष कुमार वर्मा ने बताया कि माझी टोला में एक समूह ने करीब 34 घरों को नष्ट कर दिया। आगजनी से प्रभावित ज्यादातर घर एससी/एसटी समुदाय के लोगों के थे। डीएम ने कहा कि यह आशंका भी जताई जा रही कि आरोपियों ने घरों में आग लगाने से पहले हवा में गोलियां चलाईं।

बबुआ के राज में माफिया चलाते थे समानांतर सरकार

योगी ने कहा-जनता पिसती थी, बबुआ 12 बजे सोकर उठता था, 1005 करोड़ की 93 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को सपा मुखिया अखिलेश यादव पर कड़े प्रहार किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा सरकार के समय हर जिले का बड़ा माफिया व गुंडा सीधे सपा से जुड़ा था। पदाधिकारी या शागिर्द भी उसी पार्टी का था।

कहा कि बबुआ 12 बजे तक सोता था। बबुआ घर से बाहर नहीं निकलता था। माफिया समानांतर सरकार चलाते थे। अराजकता व गुंडागर्दी करते थे। वह मिल्कीपुर में विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में 1005 करोड़ की 93 परियोजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण समारोह पर जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सपा सरकार के समय में संगठित अपराध था। पशु, वन, खनन और भू-माफिया थे। मुस्लिम तुष्टिकरण की हद थी। पर्व व त्योहारों में इन लोगों ने अराजकता फैलाई थी। सारा काला चिठ्ठा सामने आएगा तो मुंह दिखाने लायक नहीं बचेंगे। होली, दिवाली, रक्षाबंधन-शिवरात्रि, रामनवमी-जन्माष्टमी को प्रतिबंधित कर दिया था। जन्माष्टमी के आयोजनों पर थाना, पुलिस लाइन, जेलों में रोक लगा दी थी।

समाजवादी पार्टी को डकैती डालने के लिए अंधेरा ही चाहिए

योगी ने कहा कि दीपोत्सव पर अयोध्या के मंदिरों पर जब दीप जलते हैं तो सिर्फ सपा मुखिया और पाकिस्तान को परेशानी होती है। इन्हें मालूम है कि अयोध्या में जलने वाला एक-एक दीप अयोध्या, प्रदेश व देश को रोशन करेगा। पाकिस्तान भारत का दुश्मन है, उसे तो परेशानी होती है, लेकिन हिंदू विरोधी मानसिकता के कारण समाजवादी पार्टी को भी दिक्कत होती है। सपा को डकैती डालने के लिए अंधेरा ही चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह इनके संस्कार हैं। कहते थे कि जन्माष्टमी में भजन न गाओ। हरे रामा, हरे कृष्णा की धुन कुछ लोगों को पसंद नहीं है। कांवड़ यात्रा पर बैन लगाती थी। दुर्गा पूजा में अयोध्या का दंगा हर किसी ने देखा। सपा सरकार में अयोध्या के देवकाली मंदिर में मूर्ति चोरी हो गई थी। बतौर सांसद गोरखपुर से आकर मैंने आंदोलन किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में कोई जमीन घोटाला नहीं हुआ। गुर्गों पर कार्रवाई की तो सरगना को तकलीफ हो रही है। उन्होंने अयोध्या के विकास कार्यों की फेहरिस्त गिनाई। उनके साथ प्रदेश सरकार के कई मंत्री, विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी मंच पर मौजूद थे।

कश्मीर में नहीं लागू होने देंगे खून बहाने का पाकिस्तानी एजेंडा : मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा-पड़ोसी मुल्क के इशारे पर खेल रहे नेकां और कांग्रेस

- दावा-दुनिया की कोई ताकत जम्मू-कश्मीर में 370 वापस नहीं ला सकती
- भरोसा : जम्मू-कश्मीर फिर से राज्य बनेगा और भाजपा ही इसे पूरा करेगी

श्रीनगर/जम्मू, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि यह गठबंधन आतंक के आका पाकिस्तान के उसी एजेंडे को जम्मू-कश्मीर में लागू करना चाहता है, जिसने यहां पीढ़ियां बर्बाद की और खून बहाया। अनुच्छेद 370 पर पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ की टिप्पणियों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वह जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान के एजेंडे को लागू नहीं होने देंगे और दुनिया की कोई ताकत जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 की वापसी नहीं करा सकती है। मोदी जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में वैष्णो देवी मंदिर जाने वाले तीर्थयात्रियों के आधार शिविर कटरा में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे।

इससे पहले, उन्होंने दिन में श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर स्टेडियम में भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में एक रैली को संबोधित किया। दोनों ही जनसभाओं में प्रधानमंत्री ने इस पूर्ववर्ती प्रदेश के लोगों को भरोसा दिलाया कि जम्मू-कश्मीर फिर से राज्य बनेगा और भाजपा ही इस प्रतिबद्धता को पूरा करेगी। कटरा की रैली में मोदी ने कहा कि कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस को लेकर जम्मू-कश्मीर में भले ही उत्साह न हो, लेकिन पड़ोसी देश इन्हें लेकर बहुत उत्साह में है। पाकिस्तान में कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस के गठबंधन की बल्ले बल्ले हो रही है। इनके घोषणापत्र से पाकिस्तान बहुत खुश नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस का खुलकर समर्थन किया है, जिन्होंने कहा है कि अनुच्छेद 370 और 35 ए को लेकर कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस का एजेंडा वही है जो पाकिस्तान का है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दशकों तक कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस ने यहां वही काम किया जो आतंक के आका पाकिस्तान को फायदा पहुंचाता था। उन्होंने कहा कि आज भी यह आतंकी आका के उसी एजेंडे को लागू करना चाहते हैं। लेकिन मोदी आज कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस को डंके की चोट पर कह रहा है कि हम जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान के एजेंडे को लागू नहीं होने देंगे। दुनिया की कोई ताकत जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 की वापसी नहीं करा सकती। ज्ञात हो कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक पाकिस्तानी समाचार चैनल से बातचीत में कहा है कि उनका देश कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस के विचारों से सहमत है कि अनुच्छेद 370 को बहाल किया जाना चाहिए।

कांग्रेस-पाकिस्तान के इरादे और एजेंडा एक : शाह

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अनुच्छेद 370 पर पाकिस्तानी मंत्री ख्वाजा आसिफ की टिप्पणियों को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि इससे फिर से यह स्पष्ट हो गया है कि देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी और पाकिस्तान के इरादे भी एक हैं और एजेंडा भी। शाह ने 'एक्स' पर कहा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री द्वारा अनुच्छेद 370 और 35ए पर कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस का समर्थन करने की बात ने एक बार फिर कांग्रेस को एक्सपोज कर दिया है। इस बयान ने पुन: यह स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेस और पाकिस्तान के इरादे भी एक हैं और एजेंडा भी। आरोप लगाया कि पिछले कुछ वर्षों से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी देशवासियों की भावनाओं को आहत करते हुए हर एक भारत विरोधी ताकतों के साथ खड़े रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू पर एफआईआर

बेंगलुरु/नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के अमेरिका में दिए गए बयानों को लेकर उनके खिलाफ टिप्पणी के लिए केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के विरूद्ध यहां एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। गुरुवार को पुलिस ने बताया कि कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के एक पदाधिकारी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। बिट्टू ने रविवार को कहा था कि जब बम बनाने में माहिर लोग राहुल गांधी का समर्थन कर रहे हैं, तो वह देश के नंबर एक आतंकवादी हैं।' इस बयान की कांग्रेस ने कड़ी निंदा की थी।

- राहुल गांधी पर की थी टिप्पणी

प्राथमिकी दर्ज होने के बाद बिट्टू ने कहा कि वह अपनी टिप्पणी पर कायम हैं और पुलिस शिकायतों से नहीं डरते। प्राथमिकी दर्ज होने पर रेल राज्य मंत्री बिट्टू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा प्राथमिकी और पुलिस मामले दर्ज करके डराने की कोशिश करती है। मैं बिल्कुल भी चिंतित नहीं हूं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने भारत में सिखों की स्थिति के बारे में जो भी कहा है, मैं उस विचार से कैसे सहमत हो सकता हूं।

अब रामपुर में ट्रैक पर खंभा रख ट्रेन पलटाने की साजिश

संवाददाता, बिलासपुर (रामपुर)

अमृत विचार : रामपुर में रेलवे लाइन पर शरारती तत्वों ने लोहे का खंभा रखकर उधर से गुजर रही देहरादून-काठगोदाम एक्सप्रेस को बेपटरी करने की कोशिश की लेकिन लोको पायलट की सजगता हादसा टल गया। पायलट ने वक्त रहते खंभे को देखकर ट्रेन को रोक लिया। जानकारी मिलने पर रेल अधिकारियों में खलबली मच गई। खंभे को हटाने के बाद ट्रेन आगे रवाना हुई।

सूचना के बाद पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र तथा जीआरपी के पुलिस अधीक्षक ने मौका मुआयना किया। जीआरपी रामपुर ने अज्ञात लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है। रुद्रपुर बॉर्डर से सटी क्षेत्र की बलवंत एनक्लेव कालोनी के पीछे पिलर संख्या 45/10 तथा 45/11 के बीच रेलवे लाइन पर शरारती तत्वों ने टेलीफोन लाइन बिछाने में इस्तेमाल होने वाला लोहे का खंभा रख दिया। देहरादून-काठगोदाम जन शताब्दी एक्सप्रेस (12091) बुधवार की रात को करीब 10 बजे देहरादून से काठगोदाम जा रही थी। लोको पायलट ने ट्रैक पर लोहे का खंभा रखा देखकर ट्रेन रोक ली और स्टेशन मास्टर को सूचना दी। इसके बाद लोको पायलट ने खंभे को रेलवे लाइन से हटाकर ट्रेन को रवाना किया। ट्रेन को 9:45 पर रुद्रपुर पहुंचना था। घटना के चलते वह ट्रेन 10:15 बजे रुद्रपुर स्टेशन पहुंची। हाल ही में ट्रेन पलटाने की कई साजिशें हुई हैं। 17 अगस्त को साबरमती एक्सप्रेस ट्रैक पर रखे लोहे के टुकड़े के कारण डीरेल हो गई थी। 8 सितंबर को कालिंदी एक्सप्रेस तथा 24 अगस्त को फर्रुखाबाद पैसेंजर को पलटाने की साजिश की गई थी।

- बिलासपुर में शरारती तत्वों की करतूत, लोको पायलट की सूझबूझ से टला हादसा

बिलासपुर क्षेत्र में रेलवे लाइन पर लोहे का खंभा पड़ा होने की जानकारी पर मैंने मौके का निरीक्षण किया। रामपुर जीआरपी में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। -आशुतोष शुक्ला, एसपी रेलवे, मुरादाबाद मंडल

एक नजर

महंत नृत्य गोपालदास की फिर बिगड़ी तबीयत

अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास की फिर से तबियत बिगड़ने के बाद गुरुवार को उन्हें लखनऊ के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि फिर उन्हें यूरिन की समस्या हुई है। भोजन-पानी भी नहीं ले रहे थे। उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास ने बताया कि कुछ जांच भी होनी है, जिसके लिए दो दिन भर्ती रहना होगा।

शफी पंडित के निधन पर मोदी ने जताया शोक

श्रीनगर। कश्मीर के पहले मुस्लिम आईएएस अधिकारी मोहम्मद शफी पंडित का गुरुवार को निधन हो गया। वह 80 वर्ष के थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की पंडित के निधन पर दुख जताया और परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

दुष्कर्म पीड़िता को गोली से उड़ाया

मां तथा भाई के साथ बाइक पर सवार होकर घर लौट रही थी छात्रा

कार्यालय संवाददाता, संभल/सौंधन

अमृत विचार : कैला देवी थाना क्षेत्र में मां और भाई के साथ बाइक से घर लौट रही दुष्कर्म पीड़िता कक्षा नौ की छात्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मां और भाई का आरोप है कि कार में सवार दुष्कर्म के आरोपी ने अपने मामा के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस दूसरे पहलू पर भी जांच कर रही है।

कैला देवी थाना क्षेत्र के भमोरी पट्टी गांव निवासी किसान गाजियाबाद के साहिबाबाद मंडी

- कार सवार हमलावरों ने बाइक से खींचकर छात्रा को मार दी गोली
- कैलादेवी थाना क्षेत्र की वारदात आरोपी व उसके मामा पर रिपोर्ट

में ट्रैक्टर चलाता है। उसकी पत्नी बुधवार को बेटी के साथ गाजियाबाद से गांव लौट रही थी। सौंधन पहुंचने पर उन्हें लेने के लिए बेटा बाइक लेकर आ गया। बारिश की वजह से रात 10 बजे तक सौंधन में ही रहे। इसके बाद तीनों बाइक से गांव को रवाना हुए। छात्रा की मां का आरोप है कि रास्ते में सरकारी स्कूल के सामने कार सवार लोगों ने बाइक रोक ली। उनकी बेटी से दुष्कर्म करने का आरोपी रिंकू पुत्र राकेश निवासी भमौरी पट्टी अपने मामा पप्पू पुत्र जुगली निवासी सेतुआ थाना रजपुरा के साथ कार से उतरा और बाइक पर बैठी बेटी को खींच लिया और उसे गोली मार दी।

सूचना पर थाना पुलिस के साथ एएसपी श्रीशचंद और सीओ अनुज चौधरी मौके पर पहुंचे। सीओ अनुज चौधरी ने बताया कि मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस ने रिंकू और उसके मामा के खिलाफ मामला दर्ज किया है। छात्रा से दुष्कर्म के आरोप में पुलिस ने रिंकू को जेल भेजा था, वह 20 दिन पहले ही जमानत पर छूटा है।

आतिशी 21 को लेंगी मुख्यमंत्री पद की शपथ

नई दिल्ली। दिल्ली की नामित मुख्यमंत्री आतिशी के नेतृत्व में नया मंत्रिमंडल 21 सितंबर को शपथ लेगा। मंत्रिमंडल में आम आदमी पार्टी के विधायक मुकेश अहलावत नया चेहरा होंगे जबकि चार मंत्री बरकरार रहेंगे। दिल्ली की मुख्यमंत्री नामित की गईं आतिशी और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगी 21 सितंबर को पद की शपथ लेंगे। आप ने कहा कि निवर्तमान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के मंत्रीमंडल का हिस्सा रहे गोपाल राय, सौरभ भारद्वाज, कैलाश गहलोत और इमरान हुसैन को पुनः मंत्रिमंडल में जगह दी जाएगी।

भाजपा जिलाध्यक्ष के भाई ने की आत्महत्या

अपनी आटा चक्की पर कनपटी पर तमंचे से मारी गोली, परिजन बोले-मानसिक रूप से थे परेशान

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार : भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह के भाई गोविंद सिंह ने गुरुवार की शाम कनपटी पर तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के अनुसार वे कई दिनों से मानसिक रूप से परेशान थे।

गोविंद सिंह

शहर के मोहल्ला रामनगर निवासी गोविंद सिंह (60) छोटे भाई भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह के साथ रहते थे। उनकी मकान में ही आटा चक्की है। गुरुवार शाम सब कुछ सामान्य था। गोविंद सिंह अचानक अंदर आए और चक्की की गद्दी पर बैठकर तमंचे से कनपटी पर गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर घरवाले और आसपास के लोग दौड़कर पहुंचे। खून से लथपथ गोविंद सिंह को अस्पताल ले जाने लगे। इसी बीच उन्होंने दम तोड़ दिया। सीओ सिटी समेत कई पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। परिवार के लोगों का कहना है कि गोविंद सिंह कई दिनों से परेशान थे। उनसे वजह जानने की कोशिश की गई लेकिन वह मुस्करा कर टाल देते थे। सदर कोतवाली के अपराध निरीक्षक हरी प्रकाश ने बताया कि तमंचा कब्जे में लिया गया है। घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

रिवाल्वर से चली गोली से भाजपा नेता की मौत

लखीमपुर खीरी। थाना फूलबेहड़ क्षेत्र के गांव श्रीनगर निवासी भाजपा नेता डॉ. अरुण शुक्ला की लाइसेंसी रिवाल्वर से चली गोली से मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि वह रिवाल्वर साफ कर रहे थे। भाजपा नेता डॉ. अरुण कुमार शुक्ला (45) श्रीनगर में क्लीनिक चलाते थे। गुरुवार की सुबह वह घर पर ही थे। अचानक लाइसेंसी रिवाल्वर से चली गोली उनके सीने में धंस गई और वह वह खून से लथपथ होकर गिर गए। परिजन जिला अस्पताल ले गए, जहां पर डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने रिवाल्वर कब्जे में ले लिया। घरवालों का कहना है कि उनका किसी से विवाद नहीं था। रिवाल्वर साफ कर रहे थे, तभी गोली चल गई। पुलिस जांच की बात कह रही है।

डॉ. अरुण शुक्ला

बंगाल में शनिवार से काम पर लौटेंगे जूनियर डॉक्टर

कोलकाता, एजेंसी

आरजी कर अस्पताल मामला

- आंदोलन आंशिक रूप से समाप्त करने की घोषणा

पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा अधिकतर मांगें मान लिए जाने के बाद आंदोलनकारी कनिष्ठ चिकित्सकों ने घोषणा की है कि वे शनिवार से अपना आंदोलन आंशिक रूप से खत्म करके राज्य द्वारा संचालित अस्पतालों में आपातकालीन और आवश्यक सेवाओं में अपनी ड्यूटी आंशिक रूप से शुरू करेंगे। आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या की घटना के बाद पिछले 41 दिनों से काम से दूर चिकित्सकों ने घोषणा की है कि वे शुक्रवार को धरना समाप्त कर देंगे। इससे पहले वे स्वास्थ्य भवन से साल्ट लेक क्षेत्र में सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित सीबीआई कार्यालय तक एक मार्च निकालेंगे। एक आंदोलनकारी चिकित्सक ने कहा कि यह निर्णय लिया गया है कि राज्य में बाढ़ की स्थिति और राज्य सरकार द्वारा हमारी कुछ मांगों पर सहमति जताए जाने के मद्देनजर हम शनिवार से आपातकालीन और आवश्यक सेवाओं में आंशिक रूप से काम पर लौटेंगे लेकिन बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) में काम नहीं करेंगे।

सियारों ने महिला समेत चार को किया घायल

बरखेड़ा। पति संग टहलने निकली महिला समेत चार ग्रामीणों को सियारों ने घायल कर दिया। ग्राम पतरासा कुंवरपुर की सियारानी पति उमाचरन के साथ गुरुवार सुबह करीब 6 बजे मुड़िया हुलास मार्ग पर टहलने गई थीं। सरकारी स्कूल के पास गन्ने के खेत से निकले सियार ने हमला कर सियारानी को घायल कर दिया। करीब आधे घंटे बाद मछली पकड़ रहे गांव के ही ओमकार को सियार ने घायल कर दिया। वहीं भैंसहा ग्वालपुर गांव निवासी शिवप्रताप पर बरखेड़ा रोड पर टहलते समय सियार के हमले में घायल हो गए। गांव के ही राहुल पर भी सियार ने हमला किया। नहर पुलिया पर बैठे छोटेलाल और रामऔतार को सियार ने दौड़ा लिया।

हरिद्वार में नकली नोट छापने वाले गिरोह का भंडाफोड़

देहरादून में किराए के मकान से चला रहे थे नकली नोटों का कारोबार, 2 लाख 25 हजार रुपये के नकली नोट बरामद

ब्यूरो, हरिद्वार

अमृत विचार : हरिद्वार पुलिस ने जाली नोट बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। गिरोह के चार सदस्य हरिद्वार और दो देहरादून में पकड़े गए हैं। नकली नोटों का यह धंधा देहरादून में किराए के मकान से चल रहा था। इनके कब्जे से 2 लाख 25 हजार रुपये कीमत के 500-500 के नकली नोट बरामद किए गए हैं।

रानीपुर कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो मोटर साइकिलों पर सवार चार लोगों को रोका। तलाशी में उनके पास से 500-500 के 44 नोट मिले।

बरामद नकली नोट बनाने के उपकरण।

नोटों की गहनता से जांच की तो वे नकली पाए गए। इसके बाद पुलिस इन चारों आरोपियों सौरभ निवासी देवबंद (सहारनपुर), निखिल निवासी सरसावा (सहारनपुर), अनंतबीर बाबूगढ छावनी (हापुड़) और नीरज निवासी गांधी कॉलोनी देवबंद को कोतवाली ले आई। वहां पूछताछ में उन्होंने बताया कि उनके दो अन्य साथी मोहित और विशाल देहरादून के सुद्धोवाला में मकान किराए पर लेकर रहते हैं। वहां लैपटॉप व प्रिंटर की मदद से नकली नोट बनाने का काम करते हैं। इस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र डोभाल ने तत्काल एक पुलिस टीम को देहरादून भेजा। टीम ने प्रेमनगर थाना क्षेत्र के सुद्धोवाला में एक मकान में दबिश देकर मोहित को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 500-500 के 200 नकली नोट यानी कुल एक लाख रुपये बरामद हुए। वहीं कमरे से लैपटॉप, प्रिंटर, दो ब्लेड कटर, दो चमकीली ग्रीन टेप और नोट छापने का सामान भी मिला। इसके बाद टीम ने पटेलनगर थाना क्षेत्र के दून एनक्लेव से विशाल को भी पकड़ लिया। उसके पास 500-500 के 207 नकली नोट यानी कुल एक लाख तीन हजार रुपये बरामद हुए।

यूट्यूब से सीख बनाने लगे नकली नोट

मोहित गिरोह का सरगना है और वह नकली नोट बनाने में माहिर है। यूट्यूब देखकर उसने नकली नोट छापना शुरू कर दिया। यह सब काम इतनी सफाई से करता था कि पहली नजर से नोट में असली-नकली का अंतर कर पाना मुश्किल है। मोहित और निखिल कुमार इससे पहले भी नकली नोट छापने और बाजार में चलाने के आरोपी में हिमाचल प्रदेश के नहान में जेल जा चुके हैं।

असली नोट स्कैन कर बनाते थे नकली

आरोपियों ने 500 के असली नोट स्कैन कर रखे थे। उसी से नकली नोट प्रिंट करते थे। नकली नोटों को आरोपी देहरादून और हरिद्वार के बाजारों में बड़ी चालाकी से चलाते थे। नकली नोट ज्यादा भीड़भाड़ वाले इलाकों और बुजुर्ग दुकानदारों के पास चलाते थे। दुकानदार को 500 का नोट देकर 100 या 150 रुपये का सामान लेते थे।

एक नजर

गंगा प्रसाद लोधी बने प्रांतीय उपाध्यक्ष

पीलीभीत : ईपीएस 95 अल्प पेंशन धारकों के आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए राष्ट्रीय संघर्ष समिति के उत्तर प्रदेश में प्रांतीय उपाध्यक्ष पद पर गंगा प्रसाद लोधी को जिम्मेदारी दी गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष कमांडर अशोक राऊत की ओर से नियुक्ति पत्र जारी किया गया है। ये जिम्मेदारी दी है कि गंगाप्रसाद लोधी अल्प पेंशनधारक वृद्धों के समाज कार्य में पूरा सहयोग करते हुए आगे बढ़ाएंगे।

बाढ़ प्रभावित इलाकों में बांटी राहत सामग्री

पूरनपुर : ठाकुर भजन सिंह भदौरिया एंड एनिमल वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों ने गुरुवार को बाढ़ प्रभावित चंदिया हजारा और राहुलनगर पहुंचकर बाढ़ पीड़ित ग्रामीणों का हाल जाना। संस्था की ओर से गांवों में 150 लोगों को राशन सामग्री और 15 परिवारों को तिरपाल बांटे गए। इस दौरान शिवम भदौरिया, विशाल वर्मा, दयाल विश्वास, सिद्धार्थ शुक्ला, प्रतीक जायसवाल, वासु खंडेलवाल, सचित शुक्ला, लक्ष्य गुप्ता, अंकित गुप्ता, पारस, हर्ष शर्मा, मानिक बैरागी, गोपाल, दीनबंधु आदि मौजूद रहे।

दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

जहानाबाद : कोतवाली जहानाबाद क्षेत्र की एक महिला से छेड़छाड़ के मामले में पुलिस ने बीते दिनों पीड़िता के कोर्ट में बयान कराए थे। जिसके बाद दुष्कर्म की धारा बढ़ा दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी माजिद अली को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया है।

इसे बरसाती तालाब कहिए या फिर अंडरपास... एक ही बात है

बारिश हुए सप्ताह गुजर गया, नौगवां, गौहनिया और बरहा के अंडरपास में अब भी भरा है पानी, गुजरने वाले झेल रहे हैं भारी दिक्कत, अफसरों को परवाह नहीं

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: रेलवे के अंडरपास में जलभराव की दिक्कत एक बार फिर राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बन गई है। शहर से सटे इलाकों में बने तीनों अंडरपास बीते दिनों हुई मूसलाधार बारिश के बाद तालाब बन गए। इनसे हजारों की संख्या में प्रतिदिन राहगीर गुजरते हैं। हादसे भी हो रहे हैं। मगर इसका समाधान जिम्मेदार नहीं करा सके हैं। धीरे-धीरे पानी कम हो रहा है लेकिन कीचड़ की समस्या बनी हुई है। आलम ये है कि राहगीरों की दिक्कत की कोई सुध लेने वाला ही नहीं है।

बता दें कि नौगवां चौराहा, गौहनिया और बरहा गांव में रेलवे की ओर से अंडरपास बनाए गए थे। इन अंडरपास को सहुलियत के लिए बनवाया गया था। मगर, हर बारिश के बाद ये आफत बन रहे हैं। शहर में प्रवेश करने के लिए प्रतिदिन हजारों की आबादी सफर करती है। नौगवां अंडरपास की बात करें तो यहां पर जलभराव होने के बाद नौगवां पकड़िया नगर पंचायत की करीब 40 हजार आबादी को शहर आने के लिए दिक्कत होती है। बीते दिनों हुई तीन दिन की तेज बारिश तो थम गई लेकिन दिक्कतें बरकरार है। इन अंडरपास में पानी भर चुका है। कई दिन से बारिश रुकी हुई है, लेकिन अंडरपास में भरा पानी निकालने की जहमत तक नहीं उठाई गई है। शुरुआत में तो तीन से चार फिट तक पानी रहा। जिससे गुजरते वक्त दुपहिया वाहन बंद हो गए और लोगों को पानी में उतरकर वाहन खींचना पड़ गए थे।

इसके बाद अब धीरे-धीरे पानी कम हो रहा है, लेकिन उसकी साफ सफाई कराने की सुध जिम्मेदारों के स्तर से नहीं हो सकी है। इससे पहले जुलाई में हुई बारिश के बाद भी करीब पखवाड़ा भर तक अंडरपास से आवागमन बाधित रहा था। इस बार भी समस्या का समाधान कब तक होगा, इसे लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है।

रेल पटरी से होकर तय कर रहे सफर

अंडरपास में फैली अव्यवस्था के बाद हादसे का डर भी बना हुआ है। अंडरपास से निकलने के बजाय पैदल वाले राहगीर तो रेल की पटरियों को पार करके आ रहे हैं। नौगवां अंडरपास के पास तो दिनभर इस तरह से पटरियों को पार करके सड़क तक आने वालों की भीड़ देखी जा सकती है। कुछ इसी तरह से हाल अन्य स्थानों का भी है।

बरहा जाने वाले मार्ग के अंडरपास में भरा पानी और कीचड़ से गुजरते वाहन। ● अमृत विचार

अंडरपास में पानी भरने पर मजबूरी में रेलवे लाइन पार करते लोग। ● अमृत विचार

रोजाना इसी मार्ग से आते जाते है। समस्या पर कोई ध्यान नहीं देता हर बार बारिश में अंडरपास में पानी भरता है कई कई दिनों तक पानी भरा रहता है। अंडर पास बना कर छोड़ दिया लेकिन कोई भी जिम्मेदार यहां देखभाल भी नहीं करने आता। - **विनोद कुमार, ग्राम सराय**

पढ़ाई के लिए रोज अंडर पास से ही निकलकर जाना होता है। कभी कभी पानी ज्यादा होने पर स्कूल नहीं जा पाते वापस लौट जाते है। रेलवे के अधिकारियों को इस तरफ ध्यान देना चाहिए। - **सुमित, मकतुल**

नौगवां चौराहे पर बने इसी अंडर पास से रोजाना आते जाते है। रोज कोई न कोई गिर कर घायल होता है। लोगों की बाइकें पानी भर जाने से बंद हो जाती है जिम्मेदार भी समस्या पर ध्यान नहीं देते। - **राहुल गुप्ता, पीलीभीत**

समस्या तो काफी बड़ी है हादसा भी हो सकता है। आम तौर पर ज्यादातर लोग अंडर पास से रोजाना काम पर आते जाते है। पानी भरे सप्ताह भर हो चुका है। आम जनता सुविधा के नाम पर खुदको ठगा सा महसूस करने लगी है। - **सुधीर कुमार, देशनगर**

पानी निकलने के बाद गंदगी बनेगी मुसीबत

इन तीनों अंडरपास में जलभराव जैसे-जैसे कम हो रहा है। गंदगी दिखाई देने लगी है। राहगीरों की मानें तो जब पानी पूरी तरह से निकल भी जाएगा, उस वक्त और दिक्कत बढ़ेगी। गंदगी की मोटी परतें जमी हुई अभी से दिखाई दे रही है। ऐसे में अगर जलभराव दूर होने के बाद सफाई न कराई गई तो आगे भी दिक्कत बनी रहेगी।

स्कूली बच्चे और मरीजों को भी परेशानी

इन अंडरपास से होकर बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे शहर पहुंचते हैं। उसके अलावा मरीजों का भी आवागमन रहता है। कई अस्पताल पहुंचने के लिए भी अंडरपास से ही सफर होता है। अंडरपास में पानी भरने के बाद स्कूली बच्चे और मरीजों को भी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

नौगवां चौराहा अंडरपास में बारिश के बाद इस तरह गुजरते हैं लोग। फाइल फोटो

सरकारी कर्मी पर हमला करने के आरोपी को छह साल कैद

विधि संवाददाता, पीलीभीत

- **अपर सत्र न्यायाधीश अनु सक्सेना ने सुनाया फैसला**
- **अभियुक्त को छुड़ाने के लिए आरोपी ने की थी दबंगई**

अमृत विचार: अपर सत्र न्यायाधीश अनु सक्सेना ने एक मामले की सुनवाई के बाद दियोरियाकलां कोतवाली के ग्राम जयनगर निवासी आरोपी (अभियुक्त) गंगाराम पुत्र कालीचरन को लोकसेवक पर हमला करने, तोड़फोड़ और उसके बिस्तर में आग लगाने का दोषी पाते हुए छह साल की कैद और 8500 रुपये जुर्माने से दंडित किया है।

दियोरिया रेंज के वनरक्षक बृजपाल सिंह ने 11 जुलाई 2021 में कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई थी। जिसमें बताया गया था कि दोपहर सूचना मिली कि रामनगर बीट के कक्ष संख्या चार में कुछ लोग जंगल में वन्यजीव का शिकार करने गए हैं। वह टीम के साथ संबंधित स्थान पर पहुंचे तो एक आरोपीको मौके पर पकड़ा गया। आरोपी को लेकर दियोरिया रेंज टीम जा रही थी कि पकड़े गए आरोपी को छुड़ाने के लिए आरोपी गंगाराम वन विभाग की देवहना चौकी पहुंच गया और गाली गलौज करने लगा। चौकी पर हमला कर दिया।

वायरलैस ऑपरेटर के कमरे में रखे सामान में तोड़फोड़ की और बिस्तर में आग लगा मौके से भाग गया। विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। 25 नवंबर 2021 को गंगाराम के विरुद्ध न्यायालय ने आरोप विचरित किए। अपर सत्र न्यायाधीश अनु सक्सेना ने सुनवाई के बाद गंगाराम को दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

बंद मकान से बर्तन चुराने वाले चोर पुलिस के हत्थे चढ़े

पूरनपुर, अमृत विचार: बंद घर में घुसकर पड़ोसी युवक ने बर्तन चोरी कर लिए। लोगों ने उसे घर से निकलते देख लिया। पुलिस ने चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपरिया दुलई के रहने वाले महेश कुमार पंजाब में नौकरी करते है। 27 अगस्त को उनकी पत्नी छाया देवी रुद्रपुर गईं थीं। घर में उनकी बेटी मौजूद थी। शाम को उनकी बेटी पड़ोसी के घर किसी काम से गई थी। इस दौरान पड़ोस का रहने वाला अमित घर में घुस गया। उसने घर से चार थाली, दो भगौना, तीन लोटा और कसकुट चोरी कर लिए। घर से निकलते उसे गांव के ही लोगों ने देख लिया। पंजाब से लौटे महेश कुमार ने पुलिस से शिकायत की। कोतवाल राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि आरोपी अमित को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है।

सीएम डैशबोर्ड की खराब प्रगति पर डीएम नाराज

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **पर्यटन समेत कई विभागों की लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति कम मिलने पर सुधार के निर्देश**

अमृत विचार: मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की समीक्षा के दौरान डीएम ने खराब प्रगति वाले राष्ट्रीय आजीविका मिशन, पर्यटन समेत अन्य विभागों के अधिकारियों पर नाराजगी जताते हुए सुधार के निर्देश दिए।

गांधी सभागार में डीएम संजय कुमार सिंह ने सड़क निर्माण, सिंचाई, विद्युत, पंचायत भवन निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी/ग्रामीण, छात्रवृत्ति, पेयजल, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन आदि योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान राष्ट्रीय आजीविका मिशन, पर्यटन विभाग की समीक्षा में लक्ष्य के सापेक्ष कम प्रगति मिलने पर संबंधित विभाग के अफसरों को सुधार लाने के निर्देश दिए। पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन ने बताया कि 15 पुलों में चार पुलों का काम पूरा हो चुका है। शेष बचे निर्माणाधीन पुलों का कार्य भी जल्दी पूरा करा लिया जाएगा। 66 सड़कों में से 30 का कार्य पूरा है।50 लाख से अधिक लागत के भवन निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई।

ड्रग वेयरहाउस की समीक्षा में बताया गया कि 80 प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है। नगर पंचायत पकड़िया नौगवा कल्याण मंडपम के संबंध में कार्यदायी संस्था ने बताया कि 83 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। शेष बचे कार्यों को अक्टूबर के अंत तक पूरा कराने को कहा गया। मां गोमती उद्गम स्थल पर पर्यटन कार्य पूरे होने की जानकारी दी गई। आयुर्वेदिक कॉलेज के 50 बेडेड छात्रावास निर्माण के संबंध में कार्यदायी संस्था ने बताया कि कार्य पूरा किया जा चुका है। शीघ्र ही हैंडओवर की कार्यवाही की जाएगी।

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के निर्माणाधीन छात्रावास का कार्य जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए गए। सहकारी बैंक के मुख्य भवन निर्माण का कार्य 90 प्रतिशत पूरा होने की जानकारी दी गई। डीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को अवशेष कार्यों को निर्धारित समय में पूरा कराने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, सीएमओ डॉ. आलोक कुमार, डीडीओ संजय कुमार, सीवीओ डॉ. अरविंद कुमार, डीएसटीओ अशोक कुमार, एक्सईएन राजेश चौधरी, मनीष आदि मौजूद रहे।

गांधी सभागार में समीक्षा बैठक के दौरान निर्देश देते डीएम। ● अमृत विचार

मौत की सूचना पर गांव पहुंची पुलिस

जहानाबाद, अमृत विचार : संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत की सूचना मिलने पर थाना जहानाबाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। गांव में पता चला कि युवक की मौत हार्ट अटैक से हुई है। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से भी इंकार कर दिया। बता दें कि गुरुवार को जहानाबाद पुलिस को सूचना मिली कि कोतवाली क्षेत्र के गांव अडोली में 22 वर्षीय धर्मेंद्र पुत्र प्यारेलाल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। सूचना मिलने पर थाना जहानाबाद पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक के पिता ने पुलिस को बताया कि उसके पुत्र की हार्ट अटैक से मौत हुई है। उन्होंने पुलिस को पोस्टमार्टम न कराने की बात भी लिखकर दे दी। इंस्पेक्टर संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि युवक की मौत की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस गांव गई थी।

धूमधाम से निकाली गई कलश यात्रा

बीसलपुर,अमृत विचार: गायत्री परिवार के कार्यकर्ता सुबह कार्यकर्ता गायत्री शक्तिपीठ परिसर में एकत्र हुए और कलश यात्रा निकाली। 51 पीत वस्त्र धारी महिलाएं सिर पर कलश धारण कर लोगों को हम सुधरेंगे जग सुधरेगा, एक बनो, नेक बनो..आदि नारे लगाते हुए चल रही थी। विभिन्न मार्गों से होती हुई यात्रा पुनः शक्तिपीठ में आकर संपन्न हुई। यात्रा में वृंदावन से आए कथावाचक आचार्य अवधेश कृष्ण, मुख्य प्रबंध ट्रस्टी सत्यपाल यादव, राजेन्द्र कुमार, गायत्री गंगवार, निशा गंगवार, हेमा देवी, सत्यवती, गीता , ज्ञानेश्री, सुचित्रा, विमला देवी आदि मौजूद रहे। यात्रा संपन्न होने पर कथावाचक अवधेश कृष्ण महाराज ने भागवत कथा शुरू की।

प्रेरणादायक है प्रधानमंत्री का जीवन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित नमो प्रदर्शनी एक बरात घर में लगाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि बृजक्षेत्र के सहकोष प्रमुख मनीष अग्रवाल, विशिष्ट अतिथी अनुसूचित वर्ग आयोग के सदस्य संजय सिंह रहे।

प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बचपन से लेकर अब तक की उनकी यात्रा का पूरा चित्रण प्रदर्शनी के माध्यम से किया गया। मुख्य अतिथि मनीष अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पूरा जीवन आम जनमानस के लिए प्रेरणादायक है। भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने विभिन्न अभावों के होते हुए भी विश्व के सबसे ज्यादा लोकप्रिय प्रधानमंत्री बनने तक की यात्रा पूरी की है। प्रदर्शनी के संयोजक अभिमन्यु गंगवार ने बताया कि ये प्रदर्शनी तीन दिन तक चलेगी। जिसमें विभिन्न स्कूलों के बच्चों को प्रदर्शनी दिखाई जाएगी।

नगर के देवतुल्य नागरिकों से भी प्रदर्शनी में आने की अपील की। जिला महामंत्री लेखराज भारती ,चेयरमैन डॉ.आस्था अग्रवाल, सुमित गंगवार ,अकलीम मलिक, मुकेश , पुष्पा शुक्ला , मनोज मिश्र , नागेंद्र प्रताप , विकास देव , मिथुन मिश्रा आदि मौजूद रहे। रानी अवंतीबाई कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने भी प्रदर्शनी भी देखी।

नमो प्रदर्शनी की शुरुआत कराते भाजपा नेता। ● अमृत विचार

तोड़फोड़ का विरोध करने पर मारपीट

पीलीभीत,अमृत विचार : थाना अमरिया क्षेत्र के गांव चठिया भैसहा निवासी हरिशंकर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 15 सितंबर की शाम वह घर के बाहर खड़ा था। आरोप है कि गांव का राजू और मोहित कुमार ट्रैक्टर पर सवार होकर आ गए। फिर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उसके घर के दरवाजे पर टक्कर मारने लगे। जिससे दरवाजा टूट गया। टक्कर से समर सेवल और तखत भी टूट गया। करीब 70 हजार का नुकसान हुआ। बचाव करने पहुंची पत्नी लक्ष्मी पर ईंट से प्रहार कर दिया। जिससे वह घायल हो गई। आरोपी एक घंटे तक हंगामा करते रहे। इसके बाद जान से मारने की धमकी देकर चले गए।

मासिक परीक्षा में 30 फीसदी बच्चे नदारद

संवाददाता, बीसलपुर

- **जनपद के 1508 परिषदीय विद्यालयों में हुई परीक्षाएं, 23 सितंबर को होगी आखिरी परीक्षा**

अमृत विचार: जिले के परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वालों की बौद्धिक क्षमता को परखने के लिए मासिक परीक्षाओं का गुरुवार से आयोजन किया गया। यह परीक्षाएं 23 सितंबर तक चलेंगी। पहले दिन कक्षा दो से आठ तक के छात्र-छात्राओं की लिखित परीक्षा कराई गई। परीक्षा के दौरान बढ़ी संख्या में छात्र-छात्राएं अनुपस्थित रहे।

जिले में कुल 1508 परिषदीय विद्यालय संचालित हो रहे हैं। नए शैक्षिक सत्र के तहत करीब पौने दो लाख छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। शैक्षिक सत्र शुरु होने के बाद वहां पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के मासिक टेस्ट का आयोजन किया गया। गुरुवार को पहले दिन कक्षा में दो और तीन में गणित का लिखित पेपर कराया गया। यह परीक्षा सुबह साढ़े आठ बजे से साढ़े दस बजे तक चली। जहां बच्चों की लिखित परीक्षा कराई गई।

इस दौरान कई विद्यालयों में परीक्षार्थी गैरहाजिर भी रहे। इनके अलावा कक्षा चार, पांच और छह में हिंदी, कक्षा सात और आठ में विज्ञान का पेपर पहली पाली में कराया गया। जबकि दूसरी पाली में कक्षा तीन से आठ तक के छात्र-छात्राओं का संस्कृत/ उर्दू का पेपर कराया गया। जो साढ़े 11 से डेढ़ बजे तक कराई गई। इन परीक्षाओं के दौरान 1508 विद्यालयों में करीब 30 फीसदी छात्र-छात्राएं अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान समस्त बीईओ ने अपने-अपने क्षेत्र के स्कूलों का निरीक्षण भी किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि स्कूलों में मासिक परीक्षाएं कराई जा रही है। यह परीक्षा दो पालियों में कराई जा रही है। जो 23 सितंबर तक चलेगी। अब शुक्रवार को अंग्रेजी, हिंदी, सामाजिक विज्ञान का पेपर कराया जाएगा। परीक्षा समाप्त होने के बाद स्कूलों में पेरेंट्स मीटिंग का आयोजन किया जाएगा। जहां प्रधानध्यापकों के द्वारा छात्र-छात्राओं के रिपोर्ट कार्ड उनके अभिभावकों को दिए जाएंगे। साथ ही शिक्षा के प्रति जागरूक भी किया जाएगा।

वेट लिफ्टिंग में दिखाया दमखम, मंडलीय टीम में चयन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: मंडलीय विद्यालय वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन राम इंटर कॉलेज ने गांधी स्टेडियम मैदान में किया। जिसमें मंडल की 19 व 17 वर्षीय बालक व बालिका टीम ने प्रतिभाग किया। जिला क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह ने खिलाड़ियों का परिचय कराया।

19 वर्षीय बालिका वर्ग में शाहजहांपुर से रोली वर्मा, प्रियांशी, बरेली से मुस्कान वर्मा, निशा, बदायूं से पलक पटेल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बरेली मंडल की टीम में उनका चयन किया गया। 17 वर्षीय बालिका वर्ग में कौशल्या देवी, शाहजहांपुर से शिवानी, कसक, उमांशी , पीलीभीत से राधा आदि का बरेली मंडल की वेट लिफ्टिंग टीम में चयन हुआ।

अंडर 17 बालक वर्ग में नागेश्वर, साईम, युग बाबू, शिवम कश्यप, लक्ष्य सक्सेना, बदायूं से मोहित कुमार का चयन किया गया। अंडर 19 में निशांत शर्मा, सागर, बिर्जेश कुमार, बरेली से सुनील कुमार, शाहजहांपुर से विवेक राना, पीलीभीत से सचिन कुमार का मंडल वेट लिफ्टिंग टीम में चयन किया गया।

जिला क्रीड़ा सचिव राजेश शुक्ला ने बताया कि चयनित खिलाड़ी बरेली मंडल की टीम की तरफ से 23 सितंबर से प्रयागराज में होने वाली प्रदेशीय वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। रामकुमार मौर्य, नरेश अग्रवाल, संजीव वर्मा, यासीन खां, वीरेंद्र गंगवार, कोच महेश कुमार, अरविंद आदि मौजूद रहे।

प्रतियोगिता में भाग लेती युवती। ● अमृत विचार

खेलकूद और सांस्कृतिक प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

मझोला : जीनियस एकेडमी हल्दीघेरा में न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, ब्लाक प्रमुख खटीमा रनजीत सिंह नामधारी रहे। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। खेलों में अपार संभावनाएं हैं। विद्यालय अध्यक्ष सुखविंदर सिंह, परविंदर कौर ने बच्चों को खेलों के प्रति जागरूक होने के लिए प्रेरित किया। 100 , 200 , 400 और 600 मीटर दौड़ ,लंबी कूद ऊंची कूद सुलेख प्रतियोगिता व मानचित्र प्रतियोगिता हुई। जिला मान्यता प्राप्त प्रबंधक संघ के संरक्षक अखिलेश मिश्रा, अजय मौर्या, विजय शंकर यादव, प्रधान गुरप्रीत, खंड विद्यालय प्रशासक जसराज सिंह, गुरु अमृत सिंह, रामगोपाल, अरविंद गोस्वामी आदि मौजूद रहे। संचालन डॉक्टर नीरज सक्सेना ने किया।

महिला की सर्पदंश से हुई मौत

पूरनपुर,अमृत विचार: घर में काम कर रही महिला को सर्प ने डस लिया। उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन आनन-फानन में महिला को उपचार के लिए सीएचसी ले गए। वहां डाक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

नगर से सटी पंकज कालोनी की रहने वाली मालती देवी पत्नी रामचंद्र बुधवार रात घर में काम कर रही थी। इस दौरान महिला को जहरीले सांप ने डस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन महिला को उपचार के लिए ले गए। गुरुवार सुबह परिजन महिला को उपचार के लिए सीएचसी ले गए। वहां जांच के बाद डाक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

भागवत कथा सुनने से होता है कल्याण: अखिलेश मिश्रा

संवाददाता, बीसलपुर

अमृत विचार: नगर के साई बाबा मंदिर में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव में कथावाचक पंडित अखिलेश मिश्रा ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा जीव को अमरता प्रदान करती है। इसके सुनने मात्र से जीव का कल्याण हो जाता है। यह जीव को सभी बंधनों से मुक्त करती है। उन्होंने कहा कि जीवन में कभी हताश नहीं होना चाहिए। अपना सब कुछ नारायण को सौंप दीजिए। सब कुछ उन्हीं को मान लीजिए। उन पर भरोसा रखिए वो आपकी सभी बिगड़ी बनाने का कार्य करेंगे। उनके बिना सृष्टि में एक पत्ता तक नहीं खरक सकता। वह सृजनकर्ता भी हैं और संहार कर्ता भी। सदैव अपने कर्म अच्छे रखिए। परोपकार और पुण्य कार्य करते रहिए आपके जीवन में बड़ी से बड़ी बाधाएं आए फिर भी अपने रास्ते से विचलित न हों। एक समान बने रहिए, बाधाएं आएंगी और कैसे चली गई पता भी नहीं चलेगा। यह स्वयं नारायण की कृपा से संभव होगा। यह जीवन परमात्मा की भक्ति के लिए ही समर्पण कर देना चाहिए।

कथावाचक अखिलेश मिश्रा।

शहर में झाड़ू लगी न कचरा उठा, सफाई कर्मियों की हड़ताल से बिगड़े हालात

ब्रह्मचारी घाट पर अस्थायी जलाशय में लगी पन्नी हटाने पर सफाई नायक समेत चार कर्मचारियों को निलंबित करने का मामला

नगर पालिका परिषद कार्यालय में धरने पर बैठे सफाई कर्मचारी। ● अमृत विचार

शहर के छतरी चौराहे के पास हड़ताल के चलते पड़ा कूड़ा। ● अमृत विचार

शहर के जाटों के चौराहे पर हड़ताल के चलते नही उठा कूड़ा। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- कर्मियों को बहाल कर माहौल बिगाड़ने वालों पर कार्रवाई की मांग पर अड़े संगठन के पदाधिकारी

पालिका के कर्मचारियों का कारनामा
जलाशय की पन्नी हटाने पर हंगामा
कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत
- गंदगी में तैरती मूर्तियां देख शनिदेव मंदिर के महंत समेत अन्य लोगों ने जताया विरोध
- सिटी मजिस्ट्रेट और सीओ सिटी ने पहुंचकर कराया शांत, टीम ने रात में ही कराया सुधार
ममले की जानकारी मिलने के बाद मौके पर जाकर जांच की गई थी। इस मामले में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को मामले में लिप्त कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिया गया है। – विजय वर्धन तोमर, सिटी मजिस्ट्रेट
प्रकाशित खबर का पीडीएफ।

अमृत विचार : शहर की सफाई व्यवस्था पहले से ही किसी से छिपी नहीं है। इधर, दो दिन पहले अस्थायी जलाशय की पन्नी हटाने पर सफाई नायक समेत चार कर्मचारियों को निलंबित करने पर कर्मचारी नेता भड़क गए। गुरुवार को संगठन के आह्वान पर सफाई कर्मचारी हड़ताल पर चले गए। इससे शहर के मुख्य बाजारों से लेकर गली, मोहल्लों में कूड़े और गंदगी के ढेर लगे रहे। कर्मचारी जुलूस निकालकर नगरपालिका कार्यालय पहुंचे। जहां कर्मचारियों का निलंबन वापस करने और अभद्र टिप्पणी करने वालों पर कार्रवाई करने की मांग उठाई।

जानकारी मिलते ही सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर मौके पर पहुंचे। संगठन के पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंप कार्रवाई की मांग की। इस पर सिटी मजिस्ट्रेट ने तीन दिन में जांच कराकर समाधान करने का आश्वासन दिया है। हालांकि कर्मचारी अभी अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं। कर्मचारी नेताओं का कहना है कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होगी। वह काम पर वापस नहीं लौटेंगे।

बता दें, कि शहर के ब्रह्मचारी घाट पर स्थित देवहा नदी के पास विसर्जन करने के लिए अस्थायी जलाशय बनाया था। वहां से पॉलिथीन हटाने पर लोगों ने दो दिन पहले नगरपालिका के खिलाफ हंगामा किया। सिटी मजिस्ट्रेट, सीओ सिटी ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत कराया। इसके बाद नगरपालिका के अधिकारी सख्त हुए और सफाई नायक श्यामा चरण, सफाई कर्मचारी दिलीप, मुकेश और सलीम को निलंबित कर दिया गया। गुरुवार को जब इसकी भनक लगी तो कर्मचारियों में रोष दिखा। इसकी निंदा करते हुए उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष मुकेश वाल्मीकि के नेतृत्व में शहर में सफाई व्यवस्था ठप कर कर्मचारी हड़ताल पर चले गए। सुबह दस बजे समस्त कर्मचारी पालिका कार्यालय में एकत्र हुए। जहां कर्मचारियों ने सफाई कर्मचारियों के प्रति हीन भावना रखने वाले लोगों के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। हड़ताल की सूचना पर पहुंचे सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर और ईओ लाल चंद भारती मौके पर पहुंचे। जहां संगठन के लोगों ने उन्हें ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया कि सफाई कर्मचारी दिन रात मेहनत करके शहर को स्वच्छ बनाने का काम करते हैं, लेकिन इसके बाद भी कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है। संगठन ने मांग की निलंबित कर्मचारियों को बहाल किया जाए। साथ ही सोशल मीडिया पर नगर पालिका और कर्मचारियों अभद्र टिप्पणी करने वालों पर कार्रवाई की मांग उठाई। इस पर सिटी मजिस्ट्रेट ने उन्हें समाधान कराने की बात कहते हुए हड़ताल समाप्त करने के लिए कहा। लेकिन कर्मचारी नेता इस बात पर तैयार नहीं हुए। सिटी मजिस्ट्रेट की ओर से मामले की जांच करने के लिए ज्ञापन एसपी को भेज दिया गया है। इधर, दिन भर नगरपालिका में कर्मचारी अपना डेरा जमा रहे।

सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते कर्मचारी। ● अमृत विचार

ईओ बोले, हड़ताल खत्म कर्मचारी नेता अड़े रहे

सफाई कर्मचारियों की हड़ताल को लेकर अफसर कर्मचारियों को मानने में लगे रहे, लेकिन कर्मचारी नेता और अन्य सफाई कर्मी अपनी जिद पर अड़े रहे। ईओ लाल चंद भारती ने कहा कि इस प्रकरण में कर निरीक्षक कमलेश सिंह को जांच सौंपीगई है। फिलहाल हड़ताल समाप्त कर दी गई है, मगर संगठन अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं। उनका कहना है कि कर्मचारियों का शोषण और अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जब तक कार्रवाई नहीं होगी। तब तक हड़ताल खत्म नहीं होगी।

शहर के गौहनिया चौराहे के पास कूड़े के ढेर में घूमते जानवर। ● अमृत विचार

गीता मंदिर रोड पर कूड़ेदान के बाहर पड़ा कूड़ा। ● अमृत विचार

नगरपालिका कर्मचारियों की ओर से हड़ताल की जानकारी मिली थी। मौके पर पहुंचकर उनकी समस्या को सुना गया है। मामला पुलिस से संबंधित है। इसलिए पुलिस विभाग को मामले की जांच करने के लिए भेज दिया गया है।
– विजय वर्धन तोमर, सिटी मजिस्ट्रेट

इन मोहल्लों से नहीं उठा कूड़ा

सफाई कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने के बाद शहर की सफाई व्यवस्था एक दिन में ही गड़बड़ा गई। प्रतिदिन शहर में करीब 27 मीट्रिक टन से अधिक कूड़ा निकलता है। जिससे साफ करने के लिए 170 से अधिक सरकारी सफाई कर्मचारी और 196 आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारी काम करते हैं। गुरुवार को हड़ताल होने के दौरान शहर के नींबू बाजार, देशनगर, लाल रोड, स्टेशन रोड, राजाबाग कॉलोनी, टनकपुर हाईवे, गौहनिया चौराहा से मेडिकल कॉलेज कैंपस तक हर तरफ कूड़ा ही कूड़ा देखने को मिला। इतना ही नहीं डोर टू डोर वाले भी कूड़ा लेने के लिए घरों में नहीं आए। ऐसे में लोगों ने कूड़ा सड़क किनारे ही ढेर लगा दिए। जिस वजह से पूरा दिन शहर गंदगी से पटा रहा।

एक नजर

ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार संगठन ने सौंपा ज्ञापन

पूरनपुर : ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार संगठन के पदधिकारियों ने गुरुवार को एसडीएम को ज्ञापन सौंप भुगतान की गांरटी अधिकार के तहत ठगी पीड़ित को जमाकर्ता जमाराशि को तीन गुना भुगतान करने समेत अन्य मांगें पूरी न होने पर 21 सितंबर से जेल भरो आंदोलन शुरू करने बात कही। जाएगा। महेश चंद्र त्रिवेदी, चंद्रपाल सिंह, सुनील सक्सेना आदि मौजूद रहे।

किशोरी को फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट

बरखेड़ा : थाना न्यूरिया क्षेत्र की एक महिला बताया कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री बरखेड़ा में 10 सितंबर को रिश्तेदारी में आई थी। 17 सितंबर की को गांव पिपरिया आगरु का बबलू अपने चाचा के सहयोग से पुत्री को फुसलाकर ले गया। इंस्पेक्टर ने बताया कि विवाहिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

घायल ग्रामीण ने दम तोड़ा

बरखेड़ा : गांव अरसियाबोझ की शांति देवी ने बताया कि उसके पति वेदप्रकाश (45) 14 सितंबर को खेत से पैदल घर आ रहे थे। गजरौला मार्ग पर बाइक ने टक्कर मार दी। उपचार के दौरान 16 सितंबर को पति की मौत हो गई। इंस्पेक्टर मुकेश शुक्ला ने बताया कि बाइक चालक पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

ग्राम पंचायतों में सफाई के लिए कर्मचारियों को मिलेंगे उपकरण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- डीपीआरओ ने ग्राम प्रधानों व सचिवों को दिए निर्देश
- एक अक्टूबर को सफाई कर्मियों को पीपीई किट भी बांटी जाएगी

अमृत विचार: ग्राम पंचायतों में तैनात सफाई कर्मियों को जल्द ही सफाई उपकरण मिल सकेंगे। जिला पंचायत राज अधिकारी ने सभी ग्राम प्रधान एवं सचिवों को ग्राम पंचायतों में तैनात सफाई कर्मियों को सफाई उपकरण एवं अन्य सामग्री मुहैय्या कराने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत सफाई कर्मियों का पीपीई किट भी वितरित किए जाने को निर्देशित किया है।

शासन की ओर से 17 सितंबर से एक अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। बताते हैं कि जनपद की अधिकांश ग्राम पंचायतों में तैनात सफाई कर्मियों के पास सफाई उपकरण ही नहीं हैं। ऐसे में सफाई अभियान कैसे चलेगा, इसको लेकर सफाई कर्मियों में ऊहापोह की स्थिति बनी हुई थी। इधर इस मामले की जानकारी सफाई कर्मियों ने पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष धर्मपाल सिंह को दी। इस पर जिलाध्यक्ष धर्मपाल सिंह ने एक दिन पूर्व पदाधिकारियों के साथ विकास भवन पहुंचकर डीपीआरओ को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी संजय तोमर को सौंपकर सफाई उपकरण दिलाने की मांग की थी। पदाधिकारियों को जल्द ही समस्या का समाधान किए जाने का आश्वासन दिया गया था। इधर गुरुवार को जिला पंचायत राज अधिकारी सतीश कुमार ने जनपद की सभी ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान एवं सचिवों को पंचायत में तैनात सफाई कर्मियों को शासनादेश के मुताबिक सफाई उपकरण एवं अन्य सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। जारी आदेश में उन्होंने एक अक्टूबर को स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सभी सफाई कर्मियों को पीपीई किट/सुरक्षा गियर वितरण कराने के भी निर्देश दिए हैं। इस संबंध में जिला पंचायत राज अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि सभी एडीओ पंचायत को इसकी जिम्मेदारी दी गई है कि वह ग्राम पंचायतों से सफाई उपकरण क्रय करवाकर उनका वितरित कराएं।

सिकरहना से युवती को ले गई मध्य प्रदेश पुलिस

संवाददाता, पूरनपुर

- ढाई महीने पहले कंबाइन हेल्पर के साथ आई थी युवती
- मध्य प्रदेश के जिला दतिया के थरैटा में दर्ज थी गुमशुदगी

अमृत विचार: ढाई महीने पहले कंबाइन पर काम करने गया हेल्पर युवती को बहला फुसलाकर ले आया। युवती का पता लगाते हुए मध्य प्रदेश पुलिस घुंघचाई पहुंची और युवती को साथ ले गई। भनक लगने पर युवक घर से फरार हो गया।

घुंघचाई थाना क्षेत्र के सिकरहना का रहने वाला एक युवक लगभग ढाई महीने मध्यप्रदेश के जिला दतिया के थाना थरैटा के गांव में कटाई कंबाइन से कटाई करने गया था। इस दौरान युवक का पड़ोस में रहने वाली युवती से प्रेम प्रसंग शुरु हो गया। युवक वहां से युवती को बहला फुसलाकर घर ले आया। जानकारी लगने पर उसके परिजनों ने थाना दतिया में गुमशुदगी दर्ज कराई। बुधवार रात मध्यप्रदेश के थाना दतिया की पुलिस घुंघचाई पहुंची। मध्यप्रदेश पुलिस ने स्थानीय पुलिस से युवती के बारे में जानकारी की। पुलिस युवती को थाने लाई। भनक लगने पर युवक घर से फरार हो गया। युवती ने थाने में पुलिस का विरोध किया। इसके बावजूद मध्यप्रदेश पुलिस उसे साथ ले गई।

सीसी रोड निर्माण में मापदंडों की हो रही मिट्टी पलीत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- गांव बांसबोझी का मामला, जांच में सड़क की मोटाई निकली कम, मानकों में भी निकला खेल
- जांच में खुलासा होने पर डीपीआरओ ने प्रधान व सचिव को थमाया कारण बताओ नोटिस

सीसी रोड निर्माण को लेकर कराई गई जांच में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं पाई गई हैं। इस पर संबंधित ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान और सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। निर्धारित समय तक स्पष्टीकरण न देने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। – सतीश कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी

अमृत विचार: सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण में जरूरी मापदंडों को दरकिनार किया जा रहा है। इंजीनियरिंग मैनुअल में इसके माप तय हैं, लेकिन वर्तमान में चल रहे निर्माण कार्यों में इनकी खुली अवहेलना की जा रही है, जिसकी वजह से ग्राम पंचायतों में लाखों की लागत से बनने वाली सीसी रोड दो तीन माह में ही उखडने लगती हैं। मामला पूरनपुर ब्लाक की ग्राम पंचायत महुआगुंदे के गांव बांसबोझी का है। ग्राम प्रधान-सचिव ने सरकारी पैसे का बंरबांट करने को सीसी रोड के मापदंडों को ताक पर रखा। शिकायत के बाद हुई जांच में मानकों से खेल करने का पता चलने पर ग्राम प्रधान और सचिव का जवाब तलब किया गया है।

Sugar (मधुमेह) जैसे जानलेवा बीमारी का आयुर्वेदिक और यूनानी दवाइयों द्वारा इलाज, जोडों में दर्द रहना। कोलेस्टॉल का खराब होना, लीवर का बार-बार खराब हो जाना, ऐसे जटिल से जटिल समस्याओं का इलाज बिना किसी साइड इफेक्ट्स के यूनानी और आयुर्वेदिक उपचार...
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
9634499693
9837338306

अम्बा हैल्थ क्लीनिक

डॉ.आर.एस. सिंह
B.A.M.S.(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
25 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic
पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरुष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।

चिकित्सा जानकारी
● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां ● सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
● स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना-कमजोरी होना
● हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
● इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
● वीर्य में शुक्राणु का कम होना
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
● यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।
नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनानें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें



Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में विपविपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांकः-15 सितम्बर 2024, रविवार
29 सितम्बर 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल
काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

चीनी लादकर बिहार जा रहा ट्रक पलटा, दो घायल

बिजुआ, अमृत विचारः गुलरिया चीनी मिल से चीनी लादकर दरभंगा (बिहार) जा रहा एक ट्रक लखीमपुर-भीरा मार्ग पर बेलवा मलूकापुर मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रक में सवार दो हेल्पर घायल हो गए हैं, जिन्हें बिजुआ सीएचसी में भर्ती कराया गया है। हादसा गुरुवार को हुआ। गुलरिया चीनी मिल से चीनी लादकर एक ट्रक दरभंगा (बिहार) के लिए निकला था। बेलवा मलूकापुर के पास तीव्र मोड़ पर ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रक में सवार हेल्पर नासिर व अशरफ निवासी गबदुआ जिला महाराजगंज घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे पड़रिया तुला चौकी इंचार्ज संदीप यादव ने घायलों को सीएचसी बिजुआ में भर्ती कराया है। ट्रक चालक को तीव्र मोड़ का अंदाजा न होने की वजह से हादसा हुआ है। इससे पहले भी इस मोड़ पर कई बार हादसे हुए हैं।

पलिया में बिजली की अघोषित कटौती से उपभोक्ता परेशान

पलिया कलां, अमृत विचारः नगर में इन दिनों हो रही बिजली की अघोषित कटौती से लोग परेशान हैं। दिन में कई बार आने-जाने वाली बिजली शाम होते ही गायब होने से घरों में अंधेरा छा जाता है। लोगों का कहना है कि सुबह आठ बजते ही बिजली की कटौती शुरू हो जाती है। यह बिजली एक बार जाने के बाद कब आएगी, किसी को कुछ नहीं पता होता। यदि आ भी गई तो यह कितनी देर ठहरेगी, इसकी भी जानकारी लोगों को नहीं रहती है। दिन में कितनी बार बिजली आएगी, जाएगी। इसकी भी कोई निश्चित संख्या नहीं रहती है। इसके अलावा रोजाना शाम होते ही बिजली कटना यहां एक आम बात है, इससे लोग बेहद परेशान हैं। नगर की जलापूर्ति भी इस बेशुमार विद्युत कटौती से लड़खड़ा जाती है। शिकायत है कि अधिकारियों के न तो फोन उठते हैं और न उपभोक्ताओं को विद्युत कटौती की कोई जानकारी ही दी जाती है।

युवक, युवती को घर में जाते देख मचा शोर

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः नगर के मोहल्ला कुम्हारन टोला में एक युवक एक युवती के साथ दूसरे के घर में जाते देखे जाने से शोर मच गया। बात पुलिस तक पहुंची। पता चला कि वह दोनों की शादी तय हो चुकी है। गुरुवार को मोहल्ला कुम्हारन टोला के लोगों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई कि एक युवक और एक युवती संदिग्ध परिस्थितियों में मकान के अंदर मौजूद हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम को युवक और युवती मकान के बाहर खड़े मिले। दोनों लोगों को पुलिस पूछताछ के लिए कोतवाली लायी, पूछताछ में पता चला कि दोनों एक ही जाति के हैं और दोनों का विवाह तय हो चुका है। कोतवाल रमेशचंद्र पांडेय ने बताया कि दोनों की शादी तय है।

घर में घुसकर युवक के सिर में मारा बांका

लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः थाना खीरी के गांव लोनपुरवा में पुरानी रंजिश के चलते हमलावरों ने एक युवक की पिटाई कर दी। सिर पर बांका मारकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने महिला समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव लोनपुरवा निवासी तारा देवी ने बताया कि घर के सदस्य खाना खा रहे थे। इसी बीच गांव के ही कैलाश, पृथ्वी, रामपाल और लक्ष्मी पत्नी कैलाश घर में घुस आए। उनके पुत्र धीरज की पिटाई करने लगे। आरोप है कि उसके सिर पर बांका मार दिया, जिससे धीरज लहूलुहान होकर गिर गया और बेसुध हो गया। घर में चीख पुकार मच गई। शोर सुन आसपास के लोग आ गए। लोगों को आते देख हमलावर जान से मार देने की धमकी देते हुए भाग निकले।

बाढ़ से टापू बना रामपुर कलां, नहीं पहुंची राहत सामग्री

बाढ़ पीड़ित पांच दिन से प्रशासन की मदद की आस लगाए बैठे

संवाददाता, बिजुआ

अमृत विचारः शारदा नदी में आई बाढ़ ने गांवों में तबाही मचा रखी है। तमाम गांवों के चपेट में आने से ग्रामीण सड़क पर आ गए हैं। कुछ गांव चारों तरफ से पानी भरने से टापू बन गए हैं। इससे ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ने लगी हैं। कुछ ऐसा ही हाल बिजुआ ब्लॉक के गांव रामपुर कलां का है। टापू बन चुके गांव के लोग बेबस होकर मदद के लिए जिला प्रशासन से उम्मीद लगाए हैं। मगर, पांच दिन बाद भी राहत सामग्री न पहुंचने से ग्रामीणों का बुरा हाल है। हालांकि बृहस्पतिवार को आठ दस ग्रामीणों को प्रशासन ने राहत सामग्री वितरित की है।

बीते दिनों हुई बारिश और बनबसा बैराज से छोड़े गए पानी से शारदा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। इससे रातों रात रामपुरकलां गांव चारों तरफ पानी से घिरकर टापू बन गया। गांव निवासी राज कुमार ने बताया कि बुधवार रात हुई बरसात से पूरा गांव बाढ़ की चपेट में आ गया है। गांव के हर तरफ पानी ही पानी है। गांव से बाहर जाने के सारे रस्ते जलमग्न हैं। वहीं गौरी शंकर बताते हैं कि गांव में करीब 150 परिवार है। गत छह दिन से सभी लोग गांव में ही कैद हैं। भारत ने बताया कि रामनगरकलां जाने के लिए नौ किलो मीटर व बल्लीपुर जाने के लिए पांच किलोमीटर का रास्ता तय करना पड़ता है। नदी का रुख भयानक होने की वजह से सभी लोग गांव कैद होकर रह गए हैं। छोटे कोमल बताते हैं कि गांव के पानी से घिरने से तमाम ग्रामीण मौसमी बीमारियों से परेशान है। न तो गांव में इलाज का इंतजाम है और न ही लोगों के घरों में अनाज, सब्जी आदि रह गई है। इस समय पूरा गांव भगवान भरोसे है। ग्रामीणों का कहना है कि पांच दिन हो गए है, लेकिन अभी तक प्रशासन की ओर से कोई मदद व राहत सामग्री नहीं दी गई है। न तो ग्राम प्रधान ने ही गांव आकर हम लोगों की सुधि लेना जरूरी समझा और न ही तहसील प्रशासन के किसी अधिकारी ने। शासन प्रशासन के दावे सिर्फ कागजों तक ही सीमित हैं।

- **रास्तों पर पानी भरा होने से ग्रामीणों की बढ़ रही मुसीबतें**
- **बच्चे-बुजुर्ग बीमार उपचार की व्यवस्था तक नहीं मिल रही**

सड़क किनारे तंबू में रह रहे बाढ़ पीड़ित। ● अमृत विचार

करसौर गांव के करीब पहुंची शारदा नदी। ● अमृत विचार

शारदा नदी का जलस्तर अधिक होने की वजह से रामपुर कलां गांव पहुंचना मुश्किल हो रहा है। बृहस्पतिवार को क्षेत्रीय लेखपाल अमन सत्यार्थी को राहत सामग्री वितरण के लिए रामपुर कलां के लिए भेजा था। मगर, ट्रैक्टर ट्रालियां पलिया के खालेपुरवा गांव तक ही पहुंच सकीं। जहां पर रामपुरकलां के पीड़ितों को बुलाकर किट वितरित की गई है। हालांकि सभी लोग नहीं आ पाए। शुक्रवार को भी किट का वितरण होगा। एक भी बाढ़ प्रभावित राहत किट से वंचित नहीं रहेगा। टीमें लगातार निगरानी कर हालातों का जायजा ले रही हैं।
-विनोद कुमार गुप्ता, एसडीएम गोला

करोड़ों रुपये खर्च, बाढ़ का दंश झेल रहे शारदा क्षेत्र के ग्रामीण

संवाददाता, मूड़ा सवारान

- **आखिर कब होगा पुख्ता समाधान : हर वर्ष बाढ़ बचाव के नाम पर होता है इंतजाम, फिर भी नतीजा शून्य**

अमृत विचारः शारदा क्षेत्र के ग्रामीण एक दशक से बाढ़ का दंश झेल रहे हैं। नदी बाढ़ और कटान रूपी भयंकर तबाही मचाती चली आ रही है। प्रतिवर्ष करोड़ों रुपये बाढ़ बचाव के नाम पर खर्च किए जाते हैं मगर नतीजा शून्य ही रहता है।

गोला तहसील के ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र में शारदा नदी लगभग 12 वर्षों कृषि भूमि, वन भूमि, वेश कीमती जंगलों सहित अन्य कटान करते हुए भारी तबाही मचाती है। जिस कारण पीड़ित परिवार तितर बितर हो जाते हैं। तो वहीं गरीब परिवारों को आर्थिक तंगी झेलते हुए भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इन दिनों बाढ़ से हजारों परिवार बेघर हो चुके हैं। अधिकांश परिवारों ने सड़कों के किनारे झुग्गी झोपड़ी डालकर अपना ठिकाना बना रखा है। जहां वन विभाग भूमि को अपनी बताकर इन परिवारों को परेशान करता है इन दिनों शारदा के कटान से सैकड़ों किसान भूमिहीन हो गए हैं। इन परिवारों के आगे रोजी-रोटी का भयंकर संकट खड़ा हो गया है प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से लगातार आश्वासन दिया जा रहा है पीड़ित क्षेत्र वासियों ने सरकार से बाढ़ और कटान रोकने का स्थाई समाधान कराने की मांग की है। गोला तहसील क्षेत्र में शारदा नदी के तटवर्ती गांव रूरा सुल्तानपुर में जल भराव होने के कारण ग्रामीण अपने मकानों की छतों पर ठिकाना बनाए हैं। वहीं गुजारा, जौहरा, बेलहा, सिकिटिहा आदि गांव के अधिकांश लोग गांव छोड़कर सड़कों के किनारे तंबू लगाकर रह रहे हैं।

बाढ़ से बर्बाद हुईं धान और गन्ने की फसलें, किसान परेशान

संवाददाता, पलिया कलां, अमृत विचार : क्षेत्र की शारदा, सुहेली और मोहाना नदियों में पिछले दिनों आई भीषण बाढ़ से क्षेत्र की मुख्य धान एवं गन्ने की फसलें बर्बाद हो गई हैं। इससे उनकी पैदावार पर काफी खराब सर पड़ने की उम्मीद है। बता दें कि पलिया तहसील क्षेत्र में बाढ़ तब आती थी। जब धान तथा गन्ने कि फसलें पूरी तरह मजबूत हो जाया करती थीं। इससे यदि बाढ़ आ भी जाती, तो तब तक पौधा इतना मजबूत हो जाया करता था कि उस पर बाढ़ का असर कम पड़ता था, लेकिन इस बार अगस्त महीने के प्रारंभ में ही पहली और सितंबर माह के मध्य में दूसरी बार शारदा, सुहेली एवं मोहाना नदियों में भीषण बाढ़ आ जाने से धान व गन्ने की फसलें जहां पूरी तरह चौपट हो गई हैं, वहीं क्षेत्र में हरी सब्जी लगाकर अपनी दाल- रोटी कमाने वाले किसान तो पूरी तरह बर्बाद ही हो गए हैं। यही कारण है कि बाजार में इन दिनों हरी सब्जी मिलना ही कठिन हो गया है। तहसील प्रशासन दोबारा बाढ़ आने के बाद अभी तक इसके नुकसान का आंकलन अभी तक नहीं कर सका है। जानकार बताते हैं कि एक खेत में जितनी फसल पैदा होनी चाहिए थी, इस बार उसकी एक तिहाई और एक चौथाई फसल मिलना भी कठिन होगा।

बाढ़ के बाद चौपट हुई धान की फसल। ● अमृत विचार

नेशनल हाईवे पर बने गड्ढों से हादसे का अंदेशा

मोहम्मदी, अमृत विचारः नेशनल हाईवे 730 अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। इस हाईवे पर काफी लंबे समय से बड़े बड़े गड्ढे बने हुए हैं। उन पर जिम्मेदारों की अभी तक नज़र नहीं पड़ी है। शायद उन्हें किसी बड़े हादसे का इंतजार है।

ग्राम पंचायत रामपुर मिश्र बालमिया के गांव बड़खर के समीप एनएच 730 स्टोन नंबर 22 से 23 के बीच पुलिया पर कई महीनों से सड़क में बड़े बड़े गड्ढे हैं। वहां सड़क पर एक मोड़ भी है, जिस कारण वाहन चालक गड्ढों को देख नहीं पाते हैं। वाहन उछाल मार कर असंतुलित हो जाता है। लोग जान जोखिम में डालकर आवागमन कर रहे है। यह हाईवे लखनऊ से उत्तराखंड के कई प्रमुख पर्यटन स्थलों के अलावा नैनीताल तक जाता हैं। इस हाइवे पर प्रत्येक दिन हजारों वाहन आते जाते हैं। इतने व्यस्त मार्ग पर बने गड्ढों की कारण हादसों की संभावना हर समय बनी रहती है।

नेशनल हाईवे पर गांव बरखड़ के निकट बने गड्ढे।

एक नजर

मैगलगंज के व्यक्ति की दुबहा गांव के पास मौत

मितौली। थाना क्षेत्र के गांव दुबहा के पास एक अधेड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। एक बाइक सवार अधेड़ खून से लथपथ पड़ा था। इसे देखकर राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। अपराध निरीक्षक संतोष कुमार ने युवक को एंबुलेंस से सीएचसी भिजवाया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उपनिरीक्षक बलवीर सिंह ने बताया कि मैगलगंज थाना क्षेत्र के गांव चुरईपुरवा निवासी 50 वर्षीय रामपाल पुत्र लक्ष्मण दुबहा गांव के पास से सड़क किनारे पड़ा मिला था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों के मुताबिक रामपाल घर से मितौली दवा लेने के लिए गया था।

पंचायत भवन से कंप्यूटर सेट चोरी, रिपोर्ट दर्ज

लखीमपुर खीरी : थाना खीरी की ग्राम पंचायत कादीपुर में बने पंचायत सचिवालय से चोर कंप्यूटर चोरी कर ले गए। पुलिस ने पंचायत सहायक की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव कादीपुर निवासी इरम फातिमा ने बताया कि वह ग्राम पंचायत में पंचायत सहायक के पद पर कार्यरत है। वह पंचायत भवन में काम कर रही थी। अचानक किसी का फोन आ जाने के कारण वह मोबाइल पर बात करती हुई पंचायत भवन से निकल कर बाहर चली गई। कुछ समय बाद जब वापस पंचायत भवन में आई तो देखा कि वहां पर रखा कम्प्यूटर सिस्टम गायब है।

पुलिस नहीं लिख रही रिपोर्ट

संवाददाता, मोहम्मदी : थाना क्षेत्र के गांव पकड़िया निवासी बेवा शिववती पत्नी ने बताया कि गांव के विमलेश ने उसके साथ मारपीट की। जान से मार डालने की धमकी दी। उसी समय पीड़िता ने यूपी 112 पुलिस को कॉल की। पुलिस भी मौके पर पहुंची थी। पुलिस को देख कर आरोपी गांव से फरार हो गया। मारपीट में महिला को चोट भी लगी। उसने 18 सितंबर को कोतवाली पुलिस को तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने न ता रिपोर्ट दर्ज की और न ही उसका मेडिकल परीक्षण कराया।

सड़क दुर्घटना में दो घायल

गोला गोकर्णनाथ : क्षेत्र में हुई अलग अलग सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल हो गए, जिन्हे सीएचसी भर्ती कराया गया। थाना मैलानी क्षेत्र के गांव बोझिया निवासी रोहित वर्मा (24) पुत्र राजेश वर्मा और पसगवां थाना क्षेत्र के गांव दोहक निवासी नीरज यादव (35) पुत्र फूलचंद यादव सड़क दुर्घटना में घायल हो गए, जिन्हे राहगीरों की मदद से सीएचसी भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार होने पर उन्हें छुट्टी दे दी गई।

जनता दरबार लगाकर सुनीं लोगों की समस्याएं

पलिया कलां : नगर पंचायत भीरा अध्यक्ष पति संजय शुक्ला ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर जनता दरबार लगाकर समस्याएं सुनीं। दरबार में पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं बताईं। उन्होंने कुछ समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कर दिया, जबकि बची शिकायतों के जल्द निस्तारण का आश्वासन दिया।

डीसीएम ने तीन को रौंदा, दो की मौत

संवाददाता, धौरहरा

अमृत विचारः बुधवार रात सिसैया गांव के निकट एक अनियंत्रित डीसीएम ने घर के बाहर सड़क किनारे बैठी एक बच्ची सहित तीन लोगों को रौंद दिया। इसमें एक महिला की मौके पर मौत हो गई, जबकि युवक को सीएचसी धौरहरा में मृत घोषित किया गया। उधर, बच्ची की हालत गंभीर देखकर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। डीसीएम में कच्चे केले लदे होना बताया जाता है। चालक डीसीएम छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए लखीमपुर भेजा है।

थाना क्षेत्र के सिसैया गांव निवासी मीरा देवी (42) पत्नी सुन्दर, सगानू (25) पुत्र जगदीश व 15 वर्षीय मोहिनी देवी पुत्री गुड्डू घर के सामने सड़क किनारे बैठे थे। बुधवार रात्रि करीब नौ बजे धौरहरा की तरफ से आ रही केला भरी डीसीएम मीरा देवी, सुग्गन व मोहिनी को रौंदती हुई निकल गई। जिसमें मीरा देवी (42) की मौके पर ही मौत हो गई। घायल सग्गनू व मोहिनी को गंभीर हालत में सीएचसी ले गए जहां डॉक्टरों ने सग्गनू को मृत घोषित कर दिया और मोहिनी की गम्भीर दशा देखकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे में दो मौतों से परिजनों में चीख पुकार मची है मृतक सग्गनू की पत्नी शिवानी और मां लल्ली देवी का रो रोकर बुरा हाल है।

तीन बच्चों के सिर से उठा पिता का साया।

दुर्घटना में मृतक सग्गनू मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था। पत्नी शिवानी बताती हैं की पति मृतक सग्गनू खाना खा कर घर से बाहर निकले ही थे कि रोड से नीचे आकर डीसीएम ने उन्हें मौत की नींद सुला दिया। मृतक के तीन बच्चे हैं। इनमें दीपक (10), राधिका (7) व छोटू (5) हैं। पति की मौत के बाद पत्नी शिवानी को बच्चों के जीवनयापन की चिंता सता रही है।

घटना में मृतक मीरा के पति सुंदर की तहरीर पर वाहन डीसीएम चालक के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी गई है। **-सुरेश मिश्रा,** कोतवाल धौरहरी कोतवाली

डॉक्टर पर जानलेवा हमले की कोशिश

संवाददाता, निघासन

- **दो नामजद, एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, एससीएसटी एक्ट भी लगाया**

अमृत विचारः सीएचसी में बुधवार की देर रात प्रसूताओं को फर्स पर लिटाने और बाहर से दवा मंगवाने को लेकर जमकर हंगामा हुआ। सूचना पर एसपी और सीएमओ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच की। सीएचसी अधीक्षक की तहरीर पर पुलिस ने जान से मारने की कोशिश, अभद्रता समेत कई धाराओं में तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। एससीएसटी एक्ट भी लगाया है।

सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर पीके रावत ने बताया कि गुरुवार की शाम कस्बे का ही एक युवक अस्पताल के सामने स्थित एक मेडिकल स्टोर पर गया था और दुकानदार से रुपये मांगे थे। मेडिकल व्यवसायी ने रुपये देने से मना कर दिया था। इसके बाद देर शाम को नंद किशोर आर्या, प्रमोद कुमार राठौर व अन्य अज्ञात के साथ सीएचसी आ धमके और मरीजों को फर्स पर लिटाने और दवा बाहर की लिखने का आरोप लगाते हुए मरीजों का इलाज कर रहे डॉक्टरों डॉ. दिवाकर गिरि व मोहित वीर से गाली गलौज कर अभद्रता करने लगे। उन्होंने बताया कि जब डॉक्टरों ने अभद्रता करने और गाली गलौज करने का विरोध किया तो आरोपियों ने हाथापाई कर दी। इससे अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई। करीब आधे घंटे तक जमकर बवाल होता रहा। उन्होंने बताया कि आरोपी नशे में थे। सीएचसी अधीक्षक ने घटना की जानकारी सीएमओ और पुलिस को दी। सूचना पाकर निघासन पुलिस जब तक मौके पर पहुंचती। इससे पहले ही आरोपी भाग निकले। बवाल की सूचना पर एसपी गणेश प्रसाद साहा और सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता सीएचसी पहुंचे। अफसरों ने भर्ती मरीजों के तीमारदारों संतोष और महेश यादव से घटना की पूरी जानकारी ली।

सीएचसी अधीक्षक की तहरीर पर नंद कुमार आर्या, प्रमोद कुमार राठौर व एक अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। प्रकरण की विवेचना सीओ निघासन का सौंपी गई है। **- दिनेश कुमार सिंह,** प्रभारी निरीक्षक थाना निघासन

एसपी ऑफिस के बाहर महिला ने ब्लेड से गले पर किया वार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- **सास-ससुर पर लगाया पति से बात न करने देने का आरोप**

अमृत विचारः पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक महिला ने हंगामा करते हुए खुद के गले पर ब्लेड से प्रहार कर लिया, हालांकि ब्लेड मामूली लगने से बड़ी घटना टल गई। महिला अपने सास-ससुर व अन्य ससुरालीजनों पर पति से बात न करने देने का आरोप लगा रही थी।

शहर के एक मोहल्ले की युवती ने बताया कि उसने दूसरी शादी 26 अगस्त को की थी। शादी के बाद से ही पति-पत्नी के बीच अनबन रहने लगी। उसने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी।

पुलिस ने मामले को निपटारे के लिए पुलिस परिवार परामर्श केंद्र भेज दिया। गुरुवार को दोनों को काउंसलिंग के लिए परिवार परामर्श केंद्र पर बुलाया गया था। पत्नी लगातार पति से बात करने की जिद कर रही थी, लेकिन परिजन उससे बात नहीं करने दे रहे थे। काफी मशक्कत के बाद जब पति सामने आया तो दोनों के बीच विवाद होने लगा।

पुलिस ने दोनों को समझा बुझाकर शांत कराया। इसके बाद महिला एसपी कार्यालय के बाहर आई और हंगामा करते हुए अपने साथ लाए गए ब्लेड से गले पर वार कर लिया। साथ में मौजूद लोगों ने उसे पकड़ लिया। गनमीमत रही कि ब्लेड हल्का ही लगा। सूचना पर सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने दोनों से वार्ता की और समझौता कराने का प्रयास किया, लेकिन समझौता नहीं हो सका।

एसपी दफ्तर के बाहर पीड़ित महिला। ● अमृत विचार

पति-पत्नी के बीच आपसी विवाद चल रहा है। उसने खुद गले पर ब्लेड से वार किया था, लेकिन चोट नहीं आई है। दोनों के बीच समझौता कराने का प्रयास किया, लेकिन नहीं हो सका है। **-रमेश कुमार तिवारी,** सीओ सिटी

एथलेटिक्स में मंदीप, दौड़ में दृष्टि, ऊंची कूद में सुनील ने मारी बाजी

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : कृशक समाज इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय वार्शिक खेलकूद शुरू कराकर खेल की कई प्रतियोगिताएं कराई गईं। प्रधानाचार्य एपी सरोज की अध्यक्षता, प्रबंध समिति के उपमंत्री विनोदचंद्र मिश्र ने तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद का शुभारंभ क्रीड़ा ध्वज फहराकर एवं मशाल जलाकर किया। प्रथम दिवस एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में मंदीप ने 100मी, 400मी, 600 मी की दौड़ में प्रथम, दृष्टि वर्मा ने 400मी, 600 मी दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शिवांगी वर्मा ने लंबी कूद, 100 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान, सुनील कुमार ने ऊंची कूद में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। क्रीडा प्रवक्ता श्याममूर्ति शुक्ला ने बताया 20 सितंबर को गोला फेक, चक्का, भाला फेंक प्रतियोगिताएं होगी। लखपत भारती, डॉ अनिल कुमार, रामनरेश वर्मा, ओमप्रकाश यादव, देवेंद्र सिंह, सरोज कुमार वर्मा का विशेष सहयोग रहा। संचालन आशीष पांडे ने किया।

गन्ने के खेत में मिला संरक्षित पशु का शव, हत्या की आशंका

मितौली, अमृत विचार : कस्बे के एक गन्ने के खेत में बृहस्पतिवार को प्रतिबंधित पशु का शव मिलने से हड़कंप मच गया। हिंदू गौ रक्षा दल के लोगों ने हत्या करने की आशंका जताई है। बृहस्पतिवार दोपहर अंकित कटियार अपना खेत देखने गए थे। खेत में गोवंश का शव दिखाई दिया। इसकी सूचना उन्होंने पुलिस को दी। गोवंश का शव मिलने की खबर से लोगों को हुजूम लग गया। सूचना पर थाना प्रभारी राजू राव की मौजूदगी में पशु चिकित्सा प्रभारी डॉ. अनुपम सिंह ने मौका मुआयना कर पशु का मांस निकाल कर डॉक्टरी परीक्षण के लिए भेजा है। विश्व हिंदू परिषद एवं भारतीय गौरक्षा दल के पदाधिकारियों ने गोवंश की हत्या का आरोप लगाते पुलिस को तहरीर दी है। इस दौरान जिलाध्यक्ष विवेक कुमार पटेल, महामंत्री रामनिवास वर्मा, शुभम शुक्ला, अंकित राठौर, अंकित शर्मा ने कार्यवाही करने की मांग की है।

गन्ना सर्वे, सट्टे का अवलोकन कर सुधार करा लें किसान

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः सहकारी गन्ना विकास समिति में 14 सितंबर से समिति स्तरीय सर्वे सट्टा प्रदर्शन मेले का आयोजन हो रहा है, जो 22 सितंबर तक चलेगा।

गुरुवार को समिति के सचिव बलवन्त कुमार चौधरी, चीनी मिल के महाप्रबंधक गन्ना पीएस चतुर्वेदी ने संयुक्त रूप से किसानों की समस्याएं सुनी और उनका समाधान कराया। वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना ने किसानों से नये सदस्य यथाशीघ्र बनने एवं अपने सर्वे सट्टे को भली भांति जांच कर उसमें आवश्यक सुधार कराने के सुझाव दिये। सहकारी गन्ना विकास समिति के सचिव बलवंत कुमार चौधरी ने बताया कि मेले में किसान अपना गन्ना सर्वे तथा सट्टे का अवलोकन कर आवश्यक सुधार करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि कृषि योग्य भूमि दर्ज कराना, समिति के नये सदस्य बनना, गन्ना रकबे का पारिवारिक बटवारा/छूटे रकबे को चढ़वाना, गन्ना प्रजाति, मोबाइल नम्बर, आधार नम्बर, बैंक खाता दर्ज कराना इत्यादि से सम्बन्धित सभी आवश्यक अभिलेख जमाकर समिति में चल रहे किसान मेले में समय रहते सुधार करा सकते हैं। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर ने बताया कि जिनकी कृशि योग्य भूमि कम है, वह खतौनी जमा करें साथ ही साथ गन्ना प्रजाति, पेड़ी पौधा को अपने सर्किल काउंटर पर पहुंचकर जानकारी कर लें।

मेला में शिविर लगाकर किया पशुओं का उपचार

पसगवां, अमृत विचार : ग्राम इब्राहिमपुर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया गया, जिसमें 484 पशुओं की जांच कर उन्हें दवाइयां दी गईं। चिकित्सा की गई। मेले का शुभारंभ ग्राम प्रधान सब्बन बेग ने फीता काटकर किया। इसके साथ ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माला वा फूल अर्पित किए गए। गाय और गौ माता को गुड व चने का भोग लगाकर गौ पूजन किया गया। इस अवसर पर पशु चिकित्सा अधिकारी पसगवां पशु चिकित्साधिकारी डा. राहुल कुमार सिंह, डा. पंकज वर्मा, डा. विवेक वर्मा, विटनरी फार्मासिस्ट तेज पाल आदि मौजूद रहे।

KESHLATA INTERNATIONAL SCHOOL
NAVADIYA JHADA, BISALPUR ROAD BAREILLY 243006
REQUIRED TRAINED
EXPERIENCED & QUALIFIED STAFF
AS PER C.B.S.E. NORMS FOR THE
SESSION 2024-25
P.G.T. and T.G.T. FOR ALL SUBJECTS
LAB ASSISTANTS -2 RECEPTIONIST - 1
Candidates must be fluent in written and spoken English.
Kindly share your resume on the following mail ID klisbly@gmail.com
PRINCIPAL

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मैं अपने पुत्र महेन्द्र मौर्य एवं पुत्रवधू गोमती को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **पोथीराम पुत्र टीकाराम निवासी मेमौर थाना भोजीपुरा जिला बरेली**

सूचना
मैंने अपने छोटे पुत्र गौरव अवस्थी को उसके गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी कार्य या लेन-देन की जिम्मेदारी मेरी व शेष परिवार की नहीं होगी। **श्रीमती निर्मला देवी पत्नी स्व. रामप्रकाश निवासी ग्राम घुसवारी थाना तिलहर- शाहजहांपुर (उ.प्र.)**

सूचना
मेरे पुत्र इश्तियाक अली का चाल- चलन एवं मेरे प्रति उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण मैं उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **वारिस अली पुत्र जाकिर अली ग्राम हमीदाबाद पो. मूड़ा सवारान, अलीगंज थाना व तह. गोला परगना भूड़ जिला लखीमपुर खीरी**

सूचना
मेरी पत्नी शिरीन व दो पुत्र मुनीर अंसारी और मुशीर अंसारी तथा दो पुत्र हुमैरा तथा सानिया है मैं अपनी पत्नी शिरीन को उसके गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **अकरम उमर अंसारी पुत्र मोहम्मद उमर निवासी सैलानी रोड़, सूफी टोला पुराना शहर, थाना बारादरी, जिला बरेली**

सूचना
मैंने अपना नाम RAJEEV KUMAR से बदलकर RAJEEV KUMAR SHARMA पुत्र वेदप्रकाश शर्मा कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **राजीव कुमार शर्मा पुत्र श्री वेदप्रकाश शर्मा निवासी 661 कालीचरण मार्ग, सुभाषनगर, बरेली**

सूचना
मैंने विज्ञान स्नातक (त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम) की परीक्षा रोल नं. 200091020904 एन. रोलमेन्ट नं. 17010864 बरेली कॉलेज बरेली से वर्ष 2020 में संस्थागत छात्र के रूप में उत्तीर्ण की थी। मैं अपने घर व गांव से मुरादाबाद जा रहा था रास्ते में जाते समय बी.एस.सी. की डिग्री रास्ते में कहीं गिर गयी। जिसका सूचना थाना भोजीपुरा में दिनांक 16.09.2024 को दर्ज करा दी। **सचिन पुत्र श्री लाखन सिंह निवासी घंघोरा पिपरिया थाना भोजीपुरा जिला बरेली (उ.प्र.)**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी इंटरमीडिएट की मार्कशीट अनुक्रमांक 0722380 वर्ष 2017 व हाई स्कूल की मार्कशीट अनुक्रमांक 1009330 वर्ष 2015 वास्तव में कहीं खो गई है जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिली है। **सुनीता भारती पुत्री सुरेश चंद्र भारती (पत्नी मनोज कुमार) निवासी ग्राम व पोस्ट माधोटांडा तहसील कलीनगर जनपद पीलीभीत। मो. 9410038415**

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

एक नजर

शब्दाक्षर की काव्य गोष्ठी में तीन कवि सम्मानित

शब्दाक्षर की गोष्ठी में सम्मानित कवि।

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : शब्दाक्षर के जिलाध्यक्ष शशिकान्त मिश्र ने हिन्दी पखवाड़ा के उपलक्ष्य में काव्य गोष्ठी का आयोजन कर तीन कवियों को सम्मानित किया। शब्दाक्षर कार्यालय भारत भूषण कालोनी में सन्त कुमार बाजपेयी सन्त की अध्यक्षता में हुई काव्यगोश्ठी के मुख्य अतिथि डॉ द्वारिका प्रसाद रस्तोगी, विशिष्ट अतिथि मधुकर शैदाई ने गोला के तीन कवियों सन्त कुमार बाजपेयी सन्त, डॉ वेदप्रकाश अग्निहोत्री और शशिकान्त मिश्र शशि को बाल साहित्य में उत्कृष्ट योगदान हेतु बाल साहित्य भूषण की मानद उपाधि से सम्मानित किया। काव्यगोश्ठी में कवियों ने हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने पर बल दिया। मधुकर शैदाई, श्याम मोहन मिश्र, डॉ वेदप्रकाश अग्निहोत्री, प्रमोद गुप्ता भोले, बृजेश तिवारी बृजेश, शशिकान्त मिश्र शशि ने अपनी रचनाएं पढ़ीं। मुख्य अतिथि डॉ द्वारिका प्रसाद रस्तोगी ने पढ़ा – राष्ट्र की संवेदना में हम सभी को डोलना है। राष्ट्र भाषा में हमारी हर किसी को बोलना है। काव्य गोष्ठी में आलोक तिवारी आलोक ने सूर कबीर और जायसी तुलसी सा सम्मान है हिन्दी। छंद सवैया गीत गजल जन गण मन का गान है हिन्दी कविता पढ़ी।

भाजपा जिलाध्यक्ष के आवास पर उमड़ी भीड़। ● अमृत विचार

पत्नी व दो बच्चों को छोड़ गए गोविंद सिंह

गोविंद सिंह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। परिवार वालों ने बताया कि गोविंद सिंह के एक बेटा और एक बेटी है। बेटी बीए कर रही है। दोनों बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है। उनकी आकस्मिक मौत से पत्नी और दोनों बच्चों का रो-रोकर हाल बेहाल है। परिवार और आसपास की महिलाएं बिलख रही पत्नी और बच्चों का सांत्वना दे रहे थे।

घर के बाहर गली में बड़ी संख्या में खड़े लोग। ● अमृत विचार

नौकर के हटते ही मार ली गोली, आवाज आने पर दौड़े लोग

भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह के आवास पर उमड़ी भीड़, एएसपी ने किया निरीक्षण, परिजनों से ली जानकारी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● भाजपा विधायक और नेताओं ने पहुंचकर बंधाया ढांढस

अमृत विचार: शहर के मोहल्ला रामनगर में भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह के बड़े भाई गोविंद सिंह के गोली मारकर आत्महत्या करने की खबर फैलते ही लोग आवाक् रह गए। बताते हैं कि आटा चक्की पर काम कर रहा नौकर जब किसी काम से चक्की से बाहर निकला तभी उन्होंने कनपटी पर तमंचा सटाकर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गोली चलने की आवाज पर आसपास के लोग मौके की तरफ दौड़ पड़े। बताते हैं कि वह हाथ में होने वाले दर्द से भी काफी परेशान रहते थे।

दो भाईयों में सबसे बड़े गोविंद सिंह के आत्महत्या की खबर से जिले में में शोक की लहर दौड़ गई। लोग उनके घर की तरफ दौड़ पड़े। वह अपनी पत्नी व दो बच्चों के साथ छोटे भाई भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह के साथ ही रहते थे। दोनों भाइयों में काफी प्रेम था। बताते हैं कि उनमें कभी आपस में कोई मतभेद नहीं रहा।

राजनीति से काफी दूर रहने वाले गोविंद सिंह अपनी आटा चक्की पर ही रहकर उसकी देखरेख करते थे। उनकी आसपास के लोगों और मोहल्ले वालों से भी कभी कोई अनबन नहीं हुई। गुरुवार की शाम आत्महत्या की खबर जब लोगों को मिली तो सभी आवाक रह गए। एकबारगी किसी को विश्वास नहीं हो रहा था कि गोविंद सिंह इस तरह का आत्मघाती कदम उठा लेंगे। बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उनके घर और घटनास्थल पर लग गई। सभी घटना की वजह जानने को लेकर एक-दूसरे से चर्चा कर रहे थे। लोग कह रहे थे कि कुछ न कुछ तो बात जरूर रही होगी। ऐसे ही कोई आसानी से अपनी जान नहीं गवां देता है। घटना की जानकारी मिलने के बाद कई विधायक, नगर पालिका परिषद की चेयरमैन डॉ. इरा श्रीवास्तव, भाजपा नेता पुष्पा सिंह समेत कई भाजपा नेता भी उनके आवास पहुंचे और घटना की जानकारी लेकर पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया।

पोस्टमार्टम हाउस पर उमड़ी भीड़ : पोस्टमार्टम हाउस शव लाने के बाद लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। कई भाजपा नेता और बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए। इससे उनके घर से लेकर पोस्टमार्टम हाउस तक भारी भीड़ रही।

घटनास्थल पर मौजूद पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर जुटाए साक्ष्य

एएसपी पूर्वी पवन गौतम, प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे। एएसपी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से तमंचे से वैज्ञानिक फिंगर नमूने लिए। इसके अलावा भी मौके से कई फोरेंसिक साक्ष्य जुटाए। टीम करीब आधे घंटे से अधिक समय तक मौके पर जांच करती रही। एएसपी ने भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, परिवार और आसपास के लोगों से भी बातचीत की। साथ ही बिलख परिवार के लोगों को ढांढस बंधाया।

मनौना धाम जाने की थी तैयारी

परिवार के लोगों ने बताया कि मृतक गोविंद के हाथ में दर्द की समस्या रहती थी। वह इसकी चर्चा अपने मित्रों और खास लोगों से भी करते रहते थे। आसपास के लोगों ने बताया कि दो दिन पहले वह अपने काफी नजदीकी लोगों के साथ बैठकर हाथ में असहनीय दर्द होने की चर्चा की थी। इस दौरान मनौना धाम चलने पर उन लोगों की आपस में सहमति बनी थी। गोविंद की मनौना धाम जाने की हसरत धरी रह गई।

भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह के भाई गोविंद सिंह ने गोली मारकर आत्महत्या की है। जिस असलहे से गोली चलाई है। वह वैध है या अवैध। यह अभी कह पाना मुश्किल है। फोरेंसिक टीम ने असलहे को कब्जे में लिया है। उसकी जांच की जा रही है। जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

-रमेश कुमार, तिवारी सीओ सिटी

डॉक्टर की आत्महत्या मामले में फोरेंसिक एक्सपर्ट ने जुटाए तथ्य

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार: थाना फूलबेहड़ क्षेत्र के गांव श्रीनगर निवासी भाजपा नेता डॉ. अरुण शुक्ला (45) के आत्महत्या या हादसा मामले की पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। फोरेंसिक टीम ने भी तथ्य जुटाए हैं कि आखिर गोली कैसे चली। डॉ. अरुण कुमार शुक्ला (45) ने गुरुवार की सुबह अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर सीने से सटाकर गोली मार ली थी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। मौके पर पड़ी रिवाल्वर को कब्जे में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। मौके पर पहुंची फील्ड यूनिट ने घटना स्थल से फोरेंसिक साक्ष्य जुटाए हैं। घरवालों का कहना है कि वह कोई घरेलू कलह से परेशान नहीं थे। उनका घर में किसी से कोई विवाद भी नहीं हुआ था। गुरुवार की सुबह डॉक्टर अरुण अपना लाइसेंसी रिवाल्वर साफ कर रहे थे। तभी गलती से अचानक गोली चल गई। गोली उनके सीने पर लगी और उनकी मौत हो गई। पुलिस अभी कुछ साफ नहीं बता रही है। पुलिस भी घटना को आत्महत्या मान रही है।

● परिजन कह रहे न कोई घरेलू कलह थी और न किसी से कोई विवाद हुआ था, यह सिर्फ हादसा

ट्रेंकुलाइज टीम ने संभाला मोर्चा, दुधवा से आएंगे हाथी

संवाददाता, बिलहरी/लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: महेशपुर रेंज की बिलहरी बीट के गांव मूड़ा अस्सी में बराबर बाघ की लोकेशन होने के चलते वन विभाग और ट्रेंकुलाइजर एक्सपर्ट की टीम अलर्ट मोड में आ गई है। दो दिन में बाघ को ट्रेंकुलाइज सके तो दुधवा से हाथी मंगाए जाएंगे।

वन विभाग द्वारा बाघ प्रभावित क्षेत्रों में लगाए गएं पिंजड़ों के पास बांधे गए भैंस के पड्डे भी बाघ को नहीं लुभा पा रहे हैं। वन विभाग ऐड़ी से चोटी तक का जोर लगाए है, लेकिन उसकी कोशिश कामयाब होती नहीं दिख रही है। ग्रामीणों, किसान नेताओं की बाघ न पकडे. जाने को लेकर उनकी नाराजगी जायज साबित हो रही है। महेशपुर वन क्षेत्राधिकारी नरेश पाल सिंह ने बताया कि अब एक ही उपाय बचा है कि दुधवा के हाथियों को मंगा कर बाघ की कांबिंग कराई जाय, लेकिन अभी तक बाघ ट्रेंकुलाइज करने आई टीम के एक्सपर्ट डॉ दयाशंकर और नितेश कटियार ने हिम्मत नहीं हारी है।

ट्रेंकुलाइजर गन के साथ मचान पर बैठा एक्सपर्ट।

नरदवल गांव के खेतों में दिखा तेंदुआ

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : जिले में बाघ और तेंदुए की दहशत कम होती नहीं दिख रही है। फरधान क्षेत्र के नरदवल गांव के खेतों में तेंदुआ देखे जाने से समूचे क्षेत्र में दहशत व्याप्त हो गई। खेतों की तरफ गए किसान उल्टे पांव वापस लौट आए। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने तेंदुआ होने की पुष्टि की है। गांव नरदवल निवासी ग्रामीण साप्ताहिक बाजार जा रहे थे। इसी बीच उनकी नजर खेतों के रास्ते पर घूम रहे तेंदुआ पर पड़ गई। इससे उनके होश उड़ गए। खेतों की तरफ गए किसानों को भी तेंदुआ दिखाई दिया। इससे दहशत व्याप्त हो गई। किसान और राहगीर वापस लौट गए। तेंदुए की मौजूदगी की खबर क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। तमाम ग्रामीण लाठी-डंडा लेकर मौके पर पहुंच गए, लेकिन तेंदुआ गन्ने के खेत में छुप गया। सूचना पाकर वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से पिंजरा लगवा कर तेंदुए को पकड़ने की मांग की है। टीम ने आसपास के इलाके की कांबिंग भी, लेकिन गन्ने के खेत में घुस कर तेंदुआ ओझल हो गया था।

विद्यार्थियों को किया जागरूक

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : वन विभाग द्वारा रानी लक्ष्मीबाई कन्या इंटर कॉलेज में हुई जागरूकता गोष्ठी में वन क्षेत्राधिकारी ने विद्यार्थियों को बाघ से बचाव के प्रति जागरूक किया। उन्होंने अभिभावकों के लिए विद्यार्थियों को पम्पलेट भी दिए। कॉलेज में हुई गोष्ठी में क्षेत्रीय वन अधिकारी नरेश पाल सिंह ने बताया कि बाघ को ट्रेस कर लिया गया लेकिन ट्रेंकुलाइज नहीं हो रहा है। तब तक सभी क्षेत्रवासी सतर्क रहें। बाघ प्रभावित क्षेत्र में न जाएं यदि बहुत आवश्यक हो तो समूह में ही जाए, मदिरा पान कर के घर से बाहर न जाएं, अंधेरा होने से पूर्व घर को वापस आ जाएं। उन्होंने बाघ के पग चिन्हों की पहचान पंपलेट आदि दिखाकर कराई। उन्होंने कहा कि खेतों में मरे हुए शिकार के दिखने, हिंसक वन्य जीवों के होने की सूचना अविलंब वन विभाग को दें। रात में घर से बाहर निकलना हैं तो टार्च अथवा रोशनी के साथ ही निकलें। प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार वर्मा ने भी बाघ प्रभावित क्षेत्र के छात्र/छात्राओं को सतर्कता व सावधानी बरतने का सुझाव दिया। संचालन उप प्रधानाचार्य उदयवीर ने किया।

घर में घुसकर छेड़छाड़ व धमकाने की रिपोर्ट दर्ज

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : शहर की एक महिला ने एक युवक पर घर में घुसकर सोते समय उसके कपड़े काटने और वीडियो बनाने के बाद धमकाने का आरोप लगाया है। सदर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला का कहना है कि उसके पति बाहर मजदूरी करने गए थे। 19 मई 24 की रात वह अपनी बेटी के साथ घर में सो रही थी। रात करीब दो बजे बेटी को प्यास लगी। उसको पानी देने के लिए जब वह उठी तो देखा कि उसके शरीर के सारे कपड़े किसी ने कैंची से काट दिये थे। घटना की रात करीब 3:24 बजे उसके मोबाइल पर कॉल की और कहने लगा कि तुम्हारे घर में घुस आया था। तुम्हारे सारे कपड़े काटकर एक-एक अंग का वीडियो बनाई है। आरोपी उसे रेलवे लाइन पर बुलाने का दबाव बनाने लगा। वीडियो वायरल करने की धमकी भी दी।

सार-संक्षेप

एसएसबी ने घोला में लगाया पशु चिकित्सा शिविर

पलिया कलां, अमृत विचार : नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल की 39 बीं वाहिनी के पशु चिकित्सकों ने सीमावर्ती ग्राम सुमेरनगर के घोला गांव में पशु चिकित्सा शिविर लगाया और पशुओं के स्वास्थ्य की जांच की। पशुपालकों को दवा वितरित की। शिविर में 117 पशुओं का इलाज किया गया। इस दौरान डॉ. शालिनी परिहार द्वितीय कमान अधिकारी व एसएसबी के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

भाकियू के युवा जिला अध्यक्ष बने जितेंद्र पटेल

जितेंद्र पटेल।

राकेश वर्मा।

उत्तम यादव।

संसारपुर, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन (अमन संधू) में कई पदाधिकारी का मनोनयन कर संगठन का विस्तार किया गया है। भारतीय किसान यूनियन अमन संधू के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमनदीप सिंह संधू ने बताया कि जितेंद्र पटेल को युवा जिलाध्यक्ष, उत्तम यादव को युवा जिला उपाध्यक्ष, राकेश वर्मा को जिला उपाध्यक्ष, चौधरी राजीव सिंह को तहसील अध्यक्ष गोला, रामकुमार वर्मा को विधानसभा अध्यक्ष पलिया बनाया गया है। पवन पटेल को युवा ब्लॉक अध्यक्ष बांकेगंज, विवेक कुमार ब्लॉक उपाध्यक्ष और अनिल कुमार वर्मा को ब्लॉक संयोजक बांकेगंज की जिम्मेदारी दी गई है।

गांधी विद्यालय में चलाया गया स्वछता अभियान

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : नगर पालिका परिषद के सौजन्य से गांधी स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया गया। नगर के मोहम्मदी रोड स्थित गांधी विद्यालय में चलाये गए स्वच्छता अभियान में प्रधानाचार्य डॉ सौरभ दीक्षित ने विद्यार्थियों को स्वच्छता सम्बंधित शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्र ने कहा की प्रदेश सरकार के निर्देश पर विद्यालयों, सार्वजनिक स्थानों, अस्पतालों में लोगों को व्यक्तिगत रूप से स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। पालिका के द्वारा नगर को स्वच्छ रखने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है, जिसमें लोगों की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। पालिका सफाई सहायक जितेंद्र कुमार, शिक्षक रामसनेही, डॉ राजेश कुमार, तेजराम गंगवार, बाराातीलाल आदि मौजूद रहे।

छात्राओं ने कॉलेज की सफाई कर मनाया स्वच्छता पखवाड़ा

लखीमपुर खीरी : भगवानदीन आर्य कन्या डिग्री कॉलेज में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने कॉलेज परिसर में सफाई अभियान चलाया। प्राचार्य प्रोफेसर गीता शुक्ला ने बताया कि छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर इसकी उपयोगिता बताई गई। इसके बाद स्वयंसेविकाओं ने टोली बनाकर कॉमन रूम, क्लास रूम, कॉलेज परिसर सहित अमृत वाटिका को स्वच्छ रखने के लिए विधिवत सफ़ाई कर कचरे के निष्तारण किया। इस दौरान डॉ. प्रीति सिंह सहित समस्त स्टाफ व छात्राएं मौजूद रहीं।

गोशाला में भरा बाढ़ का पानी, गोवंशों को दिक्कत

सिंगाही, अमृत विचार : नगर पंचायत सिंगाही भेडौरा में गोवंशों को रखने के लिए अस्थाई गोशाला है, जिसमें पिछले दिनों बाढ़ का पानी भर गया। आलम यह है कि जलभराव की वजह से गोवंश बैठ तक नहीं पा रहे हैं। वहीं जिम्मेदारों ने गोवंशों की सुरक्षा के लिए अब तक पुख्ता इंतजाम नहीं किए हैं। सरजू नदी के उफनाने से चखरा रोड पर बनी अस्थाई गोशाला में पानी भर गया है। इससे गोशाला में मौजूद गोवंशों को असुविधा हो रही है। हर तरफ पानी होने से गोवंश को बैठना तक दूभर हो गया है। बावजूद इसके जिम्मेदारों ने इन गोवंशों को दूसरी जगह शिफ्ट कराने की जहमत नहीं उठाई है। गोशाला में पानी भरा होने से गोवंशों के संक्रामक रोगों की चपेट में आने की संभावना बनने लगी है। वहीं चारे आदि का इंतजाम न होने से गोवंश भुखमरी के कगार पर हैं।

सर्पदंश से बचाव के लिए विद्यार्थियों को किया जागरुक

बांकेगंज, अमृत विचार : अंतर्राष्ट्रीय सर्पदंश जागरूकता दिवस पर बांकेगंज सीएचसी से विनायक इंटर कॉलेज पहुंची टीम ने विद्यार्थियों को सर्पदंश से बचाव और उसके उपचार के संबंध में व्यापक जानकारी दी। सीएचसी के डॉ सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि सर्पदंश की घटनाओं से बचने के लिए अपने घरों को चूहों से मुक्त रखें, दीमक की बांबियों और कचरे से घर को मुक्त रखें, बच्चों को झाड़ियों से दूर रखें, अंधेरे में जाते समय टॉर्च का उपयोग करें। यदि पशुपालन का कार्य किया जा रहा है तो पशुओं के बाड़े के आसपास साफ सफाई रखें, खेतों, बगीचों और निर्माण स्थलों पर बंद जूते पहनें। सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। शौचालय यदि किनारे बना है तो उसमें उचित रोशनी का प्रबंध करें। विद्यार्थियों को जानकारी देते समय काउंसलर शिवानी माथुर, फार्मासिस्ट धर्मवीर, एएनएम निशा, प्रधानाचार्य धर्मवीर गुप्ता सहित शिक्षक मौजूद रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत पनई विकास खण्ड पसगवां-खीरी

पत्रांक- मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2024-25 दिनांक: 19.09.2024

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पनई में वर्ष 2024-2025 केंद्रीय वित्त/राज्य वित्त के अंतर्गत कार्य कराए जाने हेतु कार्य सामग्री की आपूर्ति हेतु पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित फर्मों के स्थाई फर्म जिनका आयकर/वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो,से मोहर बंद निविदा दिनांक 20.09.2024 से 28.09.2024 को अपरान्ह 2:00 बजे तक डाक द्वारा अथवा ग्राम पंचायत पनई के पंचायत कार्यालय में निविदा पेटिका में आमंत्रित की जाती है , प्राप्त हुई निविदा पंचायत कार्यालय पनई में 28.09.2024 अपरान्ह 4:00 बजे खोली जायेंगी।

क्र.सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत
01.	छोटी बिटिया के मकान से रामापुर रोड तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य।	292600.00
02.	हैण्डपम्प मरम्मत	200000.00
03.	सीमेन्ट बेंच	200000.00
04.	ह्यूम पाइप स्थापना कार्य	200000.00

श्यामलता (प्रधान) कुलदीप राठौर (सचिव)

जो स्वच्छ है वह स्वस्थ्य है

कार्यालय नगर पंचायत ठिरिया निजावत खाँ बरेली

पत्रांक : 462/न.पं.ठि.खाँ/2024-25 दिनांक : 19.9.2024

विज्ञप्ति

स्वच्छता ही सेवा (एस.एच.एस.)

नगर पंचायत ठिरिया निजावत खाँ के समस्त सम्मानित नागरिकों से अपील है कि शासन के निर्देशानुसार **दिनांक 17.09.2024 से 02.10.2024** तक **''स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम''** चलाया जायेगा।

जिसके अन्तर्गत प्रत्येक वार्ड से 3 सबसे साफ व स्वच्छ घरों को **''स्वच्छ घर पुरस्कार''** से सम्मानित किया जायेगा। **''स्वच्छ घर''** पात्रता की निम्न शर्ते है :-

1. कूड़ा इधर-उधर न फेंकते हुये नगर पंचायत द्वारा डोर-टू-डोर लगे वाहनों को कूड़ा देंगे।
2. कूड़े को पृथक्कीकरण (गीले सूखे व खतरनाक कूड़े को पृथक) करते हुये ही नगर पंचायत के कूड़ा वाहनों को देंगे।
3. गीले कूड़े को होम कम्पोस्टिंग करेंगे।
4. घरों के आस-पास साफ-सफाई होनी चाहिये।

इसके साथ ही **''मेरी दुकान स्वच्छ दुकान''** की प्रतियोगिता जो 25 जून 2024 से 28 जून 2024 के मध्य प्रस्तावित थी वह अब **17 सितम्बर 2024 से 02 अक्टूबर 2024** के मध्य आयोजित की जायेगी। बिन्दु सं. 3 को छोड़कर पात्रता सभी शर्ते उपरोक्तानुसार रहेगी।

अधिशासी अधिकारी **अध्यक्ष**

न.पं. ठिरिया निजावत खां बरेली **न.पं. ठिरिया निजावत खां बरेली**

बाइक टकराने को लेकर विवाद, चले लात-घूंसे

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार: शहर में दो बाइकों की आमने सामने टक्कर हो गई। इससे गुस्साए एक बाइक चालक ने अपने साथियों को बुला लिया और दूसरे बाइक चालक की जमकर पिटाई कर दी। उधर दूसरी बाइक के चालक ने पहले बाइक चालक पर भाई, पिता व एक अन्य के साथ मारपीट करने और रुपये लूटने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर एक-दूसरे पक्ष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शहर के मोहल्ला शास्त्रीनगर निवासी नक्षत्र सहाय वह अपनी मां को लेने बाइक से जा रहा था। दिनेश दुआ की गली से तेज रफ्तार सामने से आ रहे बाइक चालक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे उसकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। तेज रफ्तार बाइक चलाने वाले युवक ने हादसे के बाद फोन कर अपने साथियों को बुला लिया। सभी ने उसे दौड़ा दौड़ा कर काफी मारा पीटा। सर पर भी कई बार किए। आरोप है पिटाई करने वाले हमलावर शिव हॉस्पिटल के हैं।

कुकरा चौकी इंचार्ज लाइन हाजिर, 26 दरोगा बदले

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: एसपी गणेश प्रसाद साहा ने कुकरा चौकी इंचार्ज कृष्ण कुमार यादव को लाइन हाजिर कर दिया है। उन पर वसूली करने का आरोप लगा था। पलिया विधायक रोमी साहनी ने पीड़ित से ली गई रकम वापस कराई थी। इसके अलावा 26 दरोगाओं के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है।

एसपी ने बताया कि साइबर थाने के एसआई सिद्धार्थ पवार को कोतवाली सदर, मोहम्मदी से महिला एसआई स्वाती यादव को थाना फरधान, रामवीर सिंह को चांदनी चौकी, देशराज सिंह को थाना नीमगांव भेजा है। पलिया के एसआई जितेंद्र बहादुर सिंह को कुकरा चौकी व थाना पढुआ से एसआई वीरेंद्र कुमार को कस्बा धौरहरा चौकी की प्रभारी बनाया है। थाना हैदराबाद से रामवीर सिंह को थाना पढुआ, नीमगांव से एसआई शिव कुमार सिंह को मोहम्मदी, ईसानगर से विद्यासागर शुक्ला को गौरीफंटा, पलिया से सतगुरु प्रसाद को मोहम्मदी, गौरीफंटा से विनोद कुमार अवस्थी को ईसानगर, मोहम्मदी से विजय कुमार को खीरी, खीरी से शैलेंद्र कुमार को मोहम्मदी, भीरा से जुबेर अहमद को साइबर थाना, पुलिस लाइन से सुनीत कुमार सिंह को थाना फूलबेहड़, श्रीनाथ विश्वकर्मा को पुलिस यार्ड रंगीला नगर, विनोद द्विवेदी धौरहरा, अमर पाल सिंह मोहम्मदी, जगदीश प्रसाद को न्यायालय सुरक्षा, सुनीत पवार चुनाव सेल से कोतवाली सदर, प्रेमचंद गौतम को पुलिस कवच आउट पोस्ट मढियाघाट (तिकुनिया), कवच आउट पोस्ट मढिया घाट से राहुल कुमार को थाना खीरी, पुलिस लाइन से एसआई रघुनंदन को मोहम्मदी, कंचन सिंह को प्रभारी वन स्टाप सेंटर और कालीचरन यादव को थाना मैगलगंज भेजा है।

लखनऊ बाया पीलीभीत ट्रैक निर्माण की जांच की मांग

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

अमृत विचार: राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय संयोजक वीएम सिंह ने रेल राज्य मंत्री को पत्र सौंपकर बरेली से लखनऊ तक बने रेलवे ट्रैक की जांच कराने की मांग की है।

रेल राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को सौंपे पत्र में किसान नेता ने कहा है कि मीटर से ब्रॉडगेज में रेलवे ट्रैक के रूपांतरण से संबंधित वर्ष 2007-08 में संसद ने बजट पारित किया गया था। फरवरी 2007 में उनके अनुरोध पर तत्कालीन प्रधानमंत्री पीलीभीत आए, उन्होंने रेलवे ट्रैक भोजीपुरा से लखनऊ वाया पीलीभीत, पीलीभीत से शाहजहांपुर वाया बीसलपुर के रूपांतरण की घोषणा की थी। रूपांतरण सितंबर, 2024 में पूरा हुआ। बरेली से लखनऊ तक लागत 672 करोड़ रुपये यानी 16-17 साल बाद आई, क्योंकि 250 किलोमीटर के हिस्से पर पुलिया/पुल बनाए जाने थे। ब्राडगेज के उद्घाटन से पहले पीलीभीत में शाहगढ़ और प्रसादपुर के बीच पुलिया/पुल टूट गया। यह बहुत गंभीर मामला है, क्योंकि यह राष्ट्रीय क्षति और लूट है। वर्ष 2021 की बाढ़ में नानपारा मैलानी मीटरगेज रेलवे ट्रैक बह गया था, जिसकी रेलवे ने मरम्मत/पुनर्निर्माण किया था। इस वर्ष भीरा की ओर अटरिया गांव क्रॉसिंग से लगभग 200 मीटर और भीरा के मटेदरा गांव से साईं बाबा मंदिर की ओर लगभग 50-60 मीटर ट्रैक बह गया है। नौ जुलाई 2024 से इस रूट पर ट्रेनें नहीं चल रही हैं, जिससे नागरिकों को परेशानी हो रही है। जब 100 वर्ष पुराना रेलवे पुल बाढ़ को झेल सकता है, लेकिन ये पुनर्निर्मित ट्रैक हर साल बह जाते हैं।

रेल राज्यमंत्री को पत्र सौंपते वीएम सिंह।

बीसलपुर से कोयला डिपो स्थानांतरित करने की मांग

बीसलपुर रेलवे स्टेशन से कोयला डिपो को स्थानांतरित करने के संबंध में आरकेएमएस सहित बीसलपुर के विभिन्न समूहों ने इसका विरोध किया और चार सितंबर 2024 को वहां गया था, जहां एसडीएम विरोध स्थल पर आए, जिन्होंने बताया कि जिला मजिस्ट्रेट पीलीभीत ने रेलवे अधिकारियों को शहर के बीच में स्थित कोयला डिपो को स्थानांतरित करने के लिए लिखा है। किसान नेता ने इन मुद्दों की जांच कराने की मांग की है।

प्रतियोगिता के विजेताओं को दिए गए प्रमाण पत्र

पसगवां, अमृत विचार : केन ग्रोवर्स इंटर कॉलेज जंगबहादुरगंज में स्वास्थ्य विभाग की ओर से निबंध लेखन व पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 11 की मनप्रीत कौर पहला, दामिनी गुप्ता दूसरा और कक्षा 12 की पूर्णिमा मिश्रा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सांत्वना पुरस्कार कक्षा 10 की आफरीन को मिला। पोस्टर में कक्षा 12 की वैष्णवी को पहला, 11 की दामिनी गुप्ता को दूसरा और 12 की कोमल को तीसरा, कृति सिंह को सांत्वना पुरस्कार मिला। वाद विवाद प्रतियोगिता में कक्षा 10 की निशा सिंह, कक्षा 12 की नैन्सी सिंह और कक्षा 10 की मुस्कान गुप्ता क्रमश: पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं।

छात्रों ने स्कूल में हरित कोना बनाकर किया पौधरोपण

लखीमपुर खीरी : लखनऊ पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में स्थापना दिवस एलआरपी स्थित विद्यालय परिसर में मना। छात्रों और शिक्षकों ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर विद्यालय में औषधीय पौधे लगाए। प्रधानाचार्य विजय सचदेवा ने बताया कि प्राइमरी के छात्रों ने अपने ज्ञान को क्राफ्टवर्क पर संजोया। वहीं जूनियर छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से स्कूल फाउंडर डॉ.एसपी सिंह के जीवन और शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए योगदान बताए।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना सं. 59/2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैः–

क्रम सं.-1, कार्य का विवरणः इज्जतनगर डिवीजन के कानपुर अनवरगंज–फर्रुखाबाद अनुभाग के मानीमऊ में गुड्स शेड के डेवलपमेन्ट/अपग्रेडेशन से सम्बन्धित सिविल कार्य एवं ट्रैक कार्य। अनुमानित लागत रूपयों में: ₹ 8,04,69,546.39, बयाना राशि रूपयों में: ₹ 5,52,400/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 15 माह।

(1) ई-निविदा दिनांक 14-10-2024 को 15:00 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे।

(2) ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाईट *www.ireps.gov.in* पर देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी.), इज्जतनगर

मुजाधि/डब्लू-250

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

पूर्वोत्तर रेलवे
अधिसूचना सं.: 183/2024

रेल यात्री बन्धुओं के लिये आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुये निम्नलिखित गाड़ियों का संचलन निम्नवत किया जायेगाः–

गाड़ी सं. 05447/05448 पीलीभीत–शाहजहाँपुर–पीलीभीत अनारक्षित विशेष गाड़ी

गाड़ी सं. 05447 पीलीभीत से प्रतिदिन
21-09-2024 से 31-12-2024 = 102 ट्रिप
गाड़ी सं. 05448 शाहजहाँपुर से प्रतिदिन
21-09-2024 से 31-12-2024 = 102 ट्रिप

05447 पीलीभीत–शाहजहाँपुर		स्टेशन	05448 शाहजहाँपुर–पीलीभीत	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	**12:10**	पीलीभीत	**16:30**	--
12:30	12:32	भोपतपुर	15:48	15:50
12:48	12:51	बीसलपुर	15:30	15:33
13:08	13:10	निगोही	15:08	15:10
13:30	13:32	शहबाजनगर	14:51	14:53
13:55	--	**शाहजहांपुर**	--	**14:40**

रेक संरचनाः सामान्य द्वितीय श्रेणी-10, एसएलआर-02 = कुल 12 कोच।

मुजाधि/टी–58 मुख्य यात्री परिवहन प्रबन्धक, गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

खाद्य सुरक्षा को लेकर प्रशिक्षित किए गए गोला गोकर्णनाथ में 50 व्यापारी

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : नगर में व्यापारियों को खाद्य सामग्री को लेकर 50 व्यापारियों को फास्ट एसी का प्रशिक्षण दिया गया। थिवास इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एक गेस्ट हाउस में प्रशिक्षण कार्यक्रम कर खाद्य व्यापारियों को खाद्य नियम सुरक्षा नियम और पेय पदार्थ को लेकर प्रशिक्षित किया गया। कोऑर्डिनेटर अमित खत्री ने कहा कि सरकार द्वारा खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत थिवास को प्रशिक्षण भागीदार बनाया गया है। गोला समेत पूरे जिले में खाद्य पदार्थों के कारोबार हो रहा है, जिसके लिए जानकारी बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि लोगों को परोसी जाने वाले खाद्य पदार्थों को लेकर सभी को उत्तम क्वालिटी की जानकारी होना जरूरी है। अरविंद सिंह ने कहा जो चीज उपभोक्ताओं को दी जा रही है, हम लोग खा रहे हैं। उसमें किसी के जीवन के साथ खिलवाड़ नहीं किया जा सकता। उन्होंने व्यापारियों को विभाग द्वारा चलाई जा रही है योजनाओं की भी जानकारी दी। प्रशिक्षण में गोला के खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामजी शुक्ला, अरविंद सिंह के अलावा व्यापारी संजय शुक्ला, सत्यप्रकाश अग्रवाल, दौलत अग्रवाल, घनश्याम अग्रवाल, शिवगोपाल गुप्ता, आनंद मिश्रा, मनीष गुप्ता, पंकज कोहली, सुमित आनंद, दिनेश गुप्ता, शरद गुप्ता, सुशील पांडे, सुभाष गुप्ता समेत तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

शिक्षक ने की बच्चों की पिटाई, तहरीर दी

बिलहरी, अमृत विचार : कुंभी ब्लाक की पिपरा ग्राम पंचायत के गांव अहिरी में उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक शेरसिंह, अध्यापक अजीत ने क्लास के अन्दर शोर मचा रहे बच्चों की पिटाई कर दी, अभिभावकों ने नीमगांव थाना में तहरीर दी है। अहिरी के उच्च प्राथमिक विद्यालय के उमेश (12) पुत्र ओमकार कक्षा चार के बच्चे ने थाना नीमगांव मे तहरीर देकर कहा है कि ब्लॉक कुम्भी के ग्राम पंचायत पिपरा के गांव अहिरी में उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक शेरसिंह, शिक्षक अजीत कुमार ने अकारण ही शराब के नशे में लगभग दो दर्जन से अधिक छात्रों को पीट दिया। जिसकी सूचना 112 डायल पुलिस को दी गई। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर मामले को शांत कराकर दिया। इसके पश्चात उमेश के पिता ओमकार ने छात्र की ज्यादा गम्भीर पिटाई के चलते थाने मे तहरीर देकर आरोपी शिक्षक पर कार्रवाई की मांग की है। खंड शिक्षा अधिकारी श्रीराम से जानकारी हासिल करनी चाही तो उनका फोन नहीं लगा। एसओ नीमगांव सुनीता कुशवाहा ने बताया कि बच्चों की पिटाई के मामले में तहरीर मिली है, जांच कराकर उचित कार्रवाई की जायेगी।

खानकाह ए नियाजिया के प्रबंधक बने जुनैदी मियां

बरेली कार्यालय : शब्बू मियां के चालीसवें की फातिहा के मौके पर खानकाह ए नियाजिया के सज्जादानशीन मेहंदी मियां ने नए प्रबंधक के रूप में जुनैदी मियां के नाम का एलान किया है। बीमारी के चलते 13 अगस्त को खानकाह ए नियाजिया के प्रबंधक शब्बू मियां नियाजी का निधन हो गया था। उनके निधन के बाद से खानकाह के प्रबंधक का पद खाली चल रहा था। दुनिया भर में सूफिज्म का संदेश देने वाली खानकाह ए नियाजिया के प्रबंधक शब्बू मियां नियाजी के निधन के बाद गुरुवार को उनकी चालीसवें की फातिहा का आयोजन किया गया।

कार्यालय ग्राम पंचायत अब्दुल्लापुर माफी वि.ख. बिथरी चैनपुर, बरेली

पत्रांक :/निविदा/2024-25 20 सितम्बर, 2024

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त अधिकृत फर्मो एवं विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अब्दुल्लापुर माफी में वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 योजनान्तर्गत ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु एस.बी.एम./15वां वित्त आयोग/मनरेगा के अन्तर्गत स्वीकृत निम्न निर्माण कार्यो पर निर्माण सामग्री जिसका विवरण व मात्रा ग्राम पंचायत पर उपलब्ध है, गुणवत्तानुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबन्द निविदाएं दिनांक 27.09.2024 तक आमंत्रित की जाती है। निविदा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 27.09.2024 को प्रात 11:00 बजे तक डाली जा सकती है। मोहरबन्द निविदाएं उसी कार्यदिवस मे दोपहर 02:00 बजे निविदादाता व निर्धारित कमेटी के समक्ष ग्राम पंचायत में खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र निविदा खोले जाने से पूर्व कार्य दिवस में निर्धारित शुल्क जमा कर ग्राम पंचायत सचिवालय से प्राप्त किये जा सकते हैं।

क्र.सं.	कार्य का प्रकार	कार्य का विवरण	सामग्री विवरण
1.	ठोस अपशिष्ट प्रबंधन	1. एकीकृत ठोस प्रबन्धन केन्द्र 2. सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गड्ढा/कम्पोस्ट पिट 3. कचरा वाहन ई. रिक्शा 4. सामुदायिक वर्मी कम्पोस्ट	ईट, रोड़ी, सीमेन्ट, बजरफुट, सरिया, लोहे के पाइप, एंगिल, जाली, पी.वी.सी. पाइप, लोहे की चादर, ई. रिक्शा आदि
2.	तरल अपशिष्ट प्रबंधन	1. सामुदायिक एवं संस्थाओं हेतु सोकपिट 2. फिल्टर चैम्बर (तालाबों/जलाशय हेतु)	ईट, रोड़ी, सीमेन्ट, बजरी, बजरफुट, सरिया, पी.वी. सी. पाइप आदि
3.	मलीय अपशिष्ट प्रबंधन	सेप्टिक टैंक से निकलने वाले ब्लैक वाटर हेतु सामुदायिक एवं संस्थागत लीच पिट	ईट, रोड़ी, सीमेन्ट, बजरी, बजरफुट, पी.वी.सी. पाइप आदि

किसी भी/समस्त निविदाओं को स्वीकार करने एवं निरस्त करने का अधिकार सचिव, ग्राम पंचायत को निहित होगा। निविदा से सम्बन्धित कोई भी विवाद मा. न्यायालय जनपद बरेली में ही मान्य होगा।

शीला देवी
ग्राम प्रधान

छवि पटेल
सचिव/ग्राम विकास अधिकारी

कार्यालय ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक जे.बी.गंज- खीरी

पत्रांकः 230/सी दिनांकः 19.09.2024

किराये पर वाहन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना

किराया पद्धति पर वाहन उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में आयुक्त महोदय गन्ना एवं चीनी तथा निबन्ध सहकारी गन्ना एवं चीनी मिल समितियां उत्तर प्रदेश के पत्रांक 316/सी/02/समिति/लखनऊ दिनांक 21.09.2023 में उल्लिखित व्यवस्था / प्रसारित निर्देशों के अन्तर्गत कार्यालय गन्ना विकास परिषद जे.बी.गंज-खीरी जनपद लखीमपुर-खीरी (उत्तर प्रदेश) में वित्तीर्य वर्ष 2024-25 हेतु निम्न किराया दर पर पंजीकृत फर्म एवं पंजीकृत ट्रैवल एजेन्सी से वाहन (बोलेरो) उपलब्ध कराने हेतु ऑफलाईन निःशुल्क निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसमें निम्न अंकित दरें अधिकतम हैं।

S.No.	Description of work/items(s)	Rate per month excluding GST (Rs.)
01.	2400 Kms and 300 hours of duty per calendar month (including Saturday, Sunday & Holiday if required) Bolero AC Model 2021 to 2023	41800.00
02.	Charges for extra per km beyond 2400 kms (including Saturday, Sunday & holiday if required Bolero AC model 2021 to 2023	9-50

निविदा स्वीकार करने की अन्तिम तिथि 30.09.2024 समय अपरान्ह 04:00 बजे तक है। निविदा गन्ना विकास परिषद जे.बी.गंज. खीरी कार्यालय में प्राप्त की जायेगी। उक्त निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा- निर्देश, नियम, शर्ते व अनुबन्ध का विवरण गन्ना आयुक्त महोदय के पत्रांक 316/सी/02/समिति/लखनऊ दिनांक 21.09.2023 के अनुसार होंगे। जिसकी प्रति एवं निविदा का प्रारूप गन्ना विकास परिषद कार्यालय से कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। निविदा को किराया दर, वाहन का माडल, वाहन का प्रकार (बोलेरो) एवं पत्र में उल्लिखित नियम-शर्तो के आधार पर निर्णीत किया जायेगा। निविदा सील्ड लिफाफे में ही स्वीकार की जाएगी निविदा जिला गन्ना अधिकारी लखीमपुर-खीरी कार्यालय में कमेटी के समक्ष दिनांक 27.09.2024 को खोली जाएंगी। निविदा को बिना किसी पूर्व सूचना/कारण के निरस्त किये जाने के अधिकार कमेटी में निहित है।

अविनाश चन्द्र तिवारी
मंत्री/ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक
गन्ना विकास परिषद, जे.बी.गंज, खीरी

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, राष्ट्रीय जल प्रबन्ध योजना
शारदा नहर खण्ड, शाहजहाँपुर

ई–निविदा सूचना सं0–01/अधि0अभि0/2024–25
(ई–टेंडरिंग के माध्यम से कराये जाने वाले कार्यो की निविदा)

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन http://etender.up.nic.in के माध्यम से निविदा, सिंचाई एवं जल संसाधान विभाग उ0प्र0 में पंजीकृत ठेकेदार/फर्म से दिनांक 30.09.2024 को पूर्वान्ह 10.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है, जो दिनांक 30.09.2024 को पूर्वान्ह 11.00 बजे गठित समिति के समक्ष कार्यालय अधिशासी अभियन्ता राष्ट्रीय जल प्रबन्ध योजना, शारदा नहर खण्ड, शाहजहाँपुर में ऑनलाइन खोली जायेगी। निविदा दिनांक 25.09.2024 को पूर्वान्ह 09.00 बजे से दिनांक 30.09.2024 को पूर्वान्ह 10.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में यह बिड अगले कार्यालय दिवस में उसी समय खोली जायेगी।

लाट सं0	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	धरोहर राशि (लाख रू0 में)	कार्य को पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र मूल्य (जी0एस0टी0 व स्टेशनरी चार्ज सहित) (रू0 में)	पंजीकृत श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7
1	New Construction of V.R.B. At km 27.960 of Shahabad Dy.	31.75	0.64	90 दिवस	854.00	सी एवं उच्च
	योग-	31.75	---	---	---	---

यह निविदा/बिड सूचना उ0प्र0 सरकार की वेबसाइट http://etender.up.nic.in व सिंचाई विभाग की वेबसाइट http://irrigation.up.in पर उपलब्ध है तथा निविदा से सम्बंधित समस्त शर्ते वेबसाइट पर व कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, राष्ट्रीय जल प्रबन्ध योजना, शारदा नहर खण्ड, शाहजहाँपुर के नोटिस पर चस्पा हैं।

(सुरेश चन्द्र आजाद)
अधिशासी अभियन्ता
राष्ट्रीय जल प्रबन्ध योजना
शारदा नहर खण्ड, शाहजहाँपुर

UP – 219608 दिनांक 17.09.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in, पर उपलब्ध है।

कार्यालय ग्राम पंचायत बक्खारी विकास खण्ड- बांकेगंज खीरी

पत्रांकः 01/ग्रा.पं./SBM/विज्ञाप्ति/2024-25 दिनांकः 19.09.2024

निविदा प्रकाश सूचना

समस्त पंजीकृत फर्म को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बक्खारी वि.खं. बांकेगंज में वर्ष 2024-25 स्वच्छ भारत मिशन SBM/ राज्यवित्त/15 वां वित्त आयोग अन्तर्गत ई रिक्शा की आपूर्ति की जानी है, कार्य का विवरण निम्नवत् है:-

क्र.सं.	कार्य का नाम	धनराशि (लाख रू. में) प्रति यूनिट	धरोहर धनराशि	निविदा बिक्री की धनराशि (रू. में)
01.	स्वच्छ भारत मिशन (SBM) / राज्यवित्त / 15 वां वित्त ई रिक्शा (यूनिट 01)	150000.00	3000.00	100.00

अतः अपेक्षा की जाती है कि विज्ञाप्ति में प्रकाशित निविदानुसार ई-रिक्शा गुणवत्ता सहित कार्य करने हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है निविदादाता कार्यालय कार्य दिवस में दिनांक 20.09.2024 से 26.09.2024 तक निविदा मूल्य देकर निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत के पंचायत भवन से 10 बजे से 2 बजे तक पंचायत सहायक से प्राप्त किये जा सकते है। निविदा दिनांक 26.09.2024 को अपरान्ह 02:00 बजे तक सीलबन्द लिफाफे में कार्यालय में नियमानुसार टेण्डर बाक्स में डाले जायेंगे जिसे अधोहस्ताक्षरी द्वारा गठित कमेटी की उपस्थिति में दिनांक 26.09.2024 को सायं 03:00 बजे खोली जायेगी।

मुख्य शर्तेः-

1. फर्म का आयकर जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है।
2. अन्य विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत बक्खारी कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।
3. एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत बक्खारी की गठित समिति में निहित होगा।
4. सशर्त निविदा / ओवर राइटिंग कटिंग निविदा मान्य नहीं होगी।
5. निविदा स्वीकृत के अनुसार समस्त औपचारिकतायें पूर्ण करनी होगी।
6. आपूर्ति गुणवत्ता के साथ नियत अवधि में पूर्ण कराना अनिवार्य होगा।
7. आपूर्ति के सत्यापन के उपरान्त कार्य संतोषजनक पाये जाने पर ही फर्म को भुगतान किया जायेगा।
8. निविदा के साथ 10/- रू. के स्टाम्प पेपर पर शपथ पब्लिक नोटरी द्वारा सत्यापित देना अनिवार्य होगा।
9. निविदा स्वीकृत होने के बाद 100/- रू. के स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध निष्पादित करना होगा।
10. ब्लैक लिस्टेड तथा अन्य कारणों से अस्वीकृत फर्मो की निविदा मान्य नहीं होगी।
11. समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत आदेशों / शर्ते फर्म को मान्य होगी।
12. विवाद की स्थिति में जिला पंचायत राज अधिकारी महोदय का निर्णय अन्तिम माना जायेगा एवं विशेष विवाद की परिस्थितियों में न्याय क्षेत्र लखीमपुर खीरी होगा।

रामदयाल (ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत बक्खारी वि.खं. बांकेगंज-खीरी

ब्रजेश कुमार सबिता (सचिव)
ग्राम पंचायत बक्खारी वि.खं. बांकेगंज-खीरी

कार्यालय ग्राम पंचायत अधकटा ब्रम्हानान वि. खं. फतेहगंज पश्चिमी बरेली

निविदा सूचना

आरजीएसए/बहुउद्देशीय पंचायत भवन अनुदान संख्या 83/पंचम/पंद्रहवा वित्त आयोग के अंतर्गत ग्राम पंचायत की स्वीकृत कार्य योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य, कार्यदायी संस्था ग्राम पंचायत के द्वारा कराए जाने हैं।

क्र.सं.	कार्य का नाम	अनुमानित धनराशि	कुल धनराशि	धरो.धनराशि
1	बहुउद्देशीय पंचायत भवन अनुदान संख्या 83	1850000/- (715000/- पंचम/पंद्रहवां वित्त आयोग से)	2565000/-	256500/-

उपरोक्त कार्य हेतु जीएसटी पंजीकृत फर्म निविदा हेतु आमंत्रित की जाती हैं निविदा दिनांक 19.09.2024 से दिनांक 05.10.2024 तक अपरान्ह 3:00 बजे तक निविदा बॉक्स ग्राम पंचायत अधकटा ब्रम्हनान में डाली जा सकती है और उसी दिन निविदा अपरान्ह 4:00 बजे निविदा हेतु गठित समिति के द्वारा ग्राम पंचायत कार्यालय पर जनप्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेंगी।

ग्राम प्रधान-कमलेश कुमारी **सचिव-हर्ष चौहान**

कार्यालय ग्राम पंचायत चौखण्डी वि.खं. भदपुरा नवाबगंज (बरेली)

निविदा आमंत्रण सूचना दिनांक : 20.09.2024

समस्त अधिकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत चौखण्डी में मनरेगा के अन्तर्गत निम्न कार्य हेतु स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आंमत्रित की जाती है।

क्र.सं.	कार्य का नाम	सामग्री	अनु. लागत
1.	मेन खडंजा से राकेश पंडित जी के घर तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण	सरिया, सीमेंट, रोड़ा, ईट, बजरफुट	1,20,058

उक्त कार्य हेतु निविदा दिनांक 20.09.2024 से 22.09.2024 तक पंचायत कार्यालय में डाली जायेगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति की सूचना ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है। जो किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान-पुष्पा देवी **सचिव-विवेक कुमार चौधरी**

कार्यालय नगर पालिका परिषद बीसलपुर-पीलीभीत

पत्रांकः 865/न.पा.परि.बी./2024-25 दिनांकः 19.09.2024

नगर पालिका परिषद बीसलपुर के गृहकर, जलकर एवं अधिभार के बड़े बकायदारों की सूची

नगर पालिका परिषद बीसलपुर के निम्नांकित बड़े बकायेदारों के गृहस्वामियों को सूचित किया जाता है कि आपको बार-बार मांग पत्र देने के उपरान्त भी आपके द्वारा गृहकर व जलकर का बकाया जमा नहीं किया गया है। अतः अपने-अपने गृहकर, जलकर एवं अधिभार एवं सप्ताह में जमा कर रसीद प्राप्त कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा निम्नांकित विवरण में दर्शायी गयी बकाया धनराशि की आर.सी. (तहसील द्वारा वसूली) प्रकाश के दिनांक से एक सप्ताह बाद जारी कर दी जायेगी। कृपया निम्न विवरण के अनुसार सूचित हों।

क्र. सं.	डि.नं.	वार्ड संख्या	नाम	गृहकर	जलकर	अधिभार	कुल
01.	51	10	मीतू जायसवाल पत्नी सचिन जायसवाल	5764	2882	1729	10375
02.	620	13	बिहारी जी प्रबन्धक श्री छेदालाल जायसवाल	0	576720	115344	692064
03.	522 से 537, 549 से 509 तक	13	विमला देवी पत्नी छेदालाल जायसवाल	172398	86200	51720	310318
04.	469 से 492 तक	13	बिहारी जी स्कूल प्रबन्धक श्री छेदालाल जायसवाल	156528	78266	46959	281753
05.	518 से 521 तक	13	अरविन्द कुमार पुत्र श्री छेदालाल जायसवाल	4952	2476	1486	8914
06.	52 से 56 तक	13	छेदालाल जायवाल पुत्र श्रीराम	21060	10530	6318	37908
07.	545 से 548 तक	13	रेनू जायसवाल पुत्री छेदालाल जायसवाल	5760	2880	1728	10368
08.	538 से 540 तक	13	रेखा जायसवाल पुत्र छेदालाल जायसवाल	5904	2952	1771	10627
09.	541 से 544 तक	13	विमला देवी पत्नी छेदालाल जायसवाल	8640	4320	2592	15552
10.	507 से 510 तक	13	आदेश कुमार पुत्र छेदालाल जायसवाल	7560	3780	2268	13608
11.	515 से 517 तक	13	नितिन पुत्र छेदालाल जायसवाल	4320	2160	1296	7776
12.	511 से 514 तक	13	सचिन जायसवाल पुत्र छेदालाल जायसवाल	7200	3600	2160	12960

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद बीसलपुर

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कन्नौज

पत्रांकः / के0जी0बी0वी0/स्टाफ चयन/2678–83 /2024–25/ दिनांक – 19.09.2024

(निविदा सूचना)

महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक के0जी0बी0वी0/ शिक्षक/11308/2022–23 दिनांक–14.02.2023 तथा शासनादेश सं0–2805/68–5–2023–5/2020 दिनांक 01.02.2023 एवं शासनादेश सं0–1553 (1)/68–5–2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग–5 लखनऊ दिनांक 11 दिसम्बर 2020 के अनुक्रम में जिलाधिकारी महोदय, कन्नौज के अनुमोदन अनुपालन में जनपद में संचालित 05 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में रिक्त पदों पर सेवा अनुबन्ध (संविदा) के आधार पर कार्य करने हेतु इच्छुक अर्ह केवल महिला अभ्यर्थियों से पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कन्नौज में निर्धारित प्रारूप पर दिनांक 05.10.2024 की सांय 5:00 बजे तक निर्धारित शर्तो के आधीन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। पंजीकृत डाक के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। रिक्त पदों का विवरण निम्नवत है–

क्र0 सं0	पदनाम	शैक्षिक योग्यता	कुल रिक्त पद	वर्गवार रिक्त पदों का विवरण				मानदेय प्रतिमाह (रू0 में)
				अनारक्षित	अन्य पिछड़ा वर्ग	अनु जाति	अनु0ज0न जाति	
1	पूर्णकालिक शिक्षिका (विज्ञान)	विज्ञान (जेड0बी0सी0 वर्ग से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0)	03	01	01	01	00	24200/–
2	पूर्णकालिक शिक्षिका (गणित)	गणित (पी0सी0एम0 वर्ग से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0)	02	02	00	00	00	24200/–
3	पूर्णकालिक शिक्षिका (सामाजिक विषय)	समाजिक विषय (भूगोल, इतिहास एवं नागरिक शास्त्र में से किसी एक विषय से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0)	01	01	00	00	00	24200/–
4	अंशकालिक शिक्षिका (शा0शिक्षा)	स्काउट गाइड एवं शारीरिक शिक्षा (बी0पी0एड0, सी0पी0एड0 एवं डी0पी0एड0 आदि उपाधि)	03	01	00	02	00	10780/–
5	अंशकालिक शिक्षिका (कम्प्यूटर शिक्षा	कम्प्यूटर प्रशिक्षित स्नातक, प्रशिक्षण उपाधि के अन्तर्गत एन0सी0टी0ई0 से मान्य बी0एड0/समकक्ष एल0टी0 इत्यादि प्रशिक्षित सम्मलित हो। इसके अन्तर्गत कम्प्यूटर पी0जी0डी0सी0ए0/ बी0सी0ए0/ बी0एस0सी0 कम्प्यूटर साइंस अथवा स्नातक सहित डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 या समकक्ष संस्था से ओ0 लेवल / एड्वलेवल कम्प्यूटर डिप्लोमा आदि शैक्षिक योग्यता भी वांछित होगी।	03	02	01	00	00	10780/–
6	अंशकालिक शिक्षिका (कला/संगीत)	कला, क्राफ्ट एवं संगीत आदि विषयों के लिये शैक्षिक योग्यता स्नातक उपाधि होगी।	02	01	01	00	00	10780/–
7	पूर्णकालिक लेखाकार	स्नातक वाणिज्य विषय के साथ, एम0एस0 ऑफिस पर कार्य करने का ज्ञान अनिवार्य । डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 या समकक्ष संस्था से ओ0 लेवल कम्प्यूटर डिप्लोमा को वरीयता।	01	01	00	00	00	12100/–
8	मुख्य रसोइया	कक्षा–08 पास तथा अभ्यार्थी को शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नही होना चाहिए	01	01	00	00	00	7590/–
9	सहायक रसोइया	कक्षा–08 पास तथा अभ्यार्थी को शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नही होना चाहिए	04	01	02	01	00	5693/–

अर्हता एवं शत :– 1. यह चयन पूरी तरह अपर मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या–1553 (1)/68–5–2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग–5 लखनऊ दिनांक 11 दिसम्बर 2020 एवं शासनादेश संख्या 2805/68–5–2023–5/2020 दिनोंक 01.02.2023 में जारी विषयगत योग्यता एवं निर्देशों के अधीन रहेगी।

2. पूर्णकालिक शिक्षिकाओं के पद के लिये निर्धारित योग्यता उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 एवं प्रशिक्षित स्नातक होगी। प्रशिक्षण उपाधि के अन्तर्गत एन0सी0टी0ई0 से मान्य बी0एड0/ समकक्ष एल0टी0 इत्यादि प्रशिक्षण को सम्मिलित किया जायेगा।

3. अभ्यर्थियों की न्यूनतम आयु 01 अप्रैल 2024 को 25 वर्ष से कम एवं अधिकतम आयु 01 अप्रैल 2024 को 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

4. क0गा0आ0बा0वि0 के ऐसी शिक्षिकायें जो आवेदित पद हेतु निर्धारित आर्हता रखती हों किन्तु शैक्षिक सत्र 2020–21 में नवीन संविदा से वंचित रह गयी हैं उन शिक्षिकाओं द्वारा आवेदन करने पर आयु सीमा में क0गां0आ0बा0वि0 में कार्यरत रहने की अवधि के समतुल्य छूट प्रदान की जायेगी किन्तु यह प्रतिबन्ध है कि सम्बंधित अभ्यर्थी की आयु 60 वर्ष से अधिक न हो।

5. क0गां0आ0बा0वि0 के ऐसी शिक्षिकायें जो शैक्षिक सत्र 2020–21 में नवीन संविदा से वंचित रह गयी हैं उन शिक्षिकाओं द्वारा आवेदन करने पर उन्हें क0 गां0आ0बा0वि0 में पूर्व में कार्यरत रहने के प्रत्येक शैक्षिक सत्र हेतु 02 प्रतिशत अतिरिक्त भारांक दिया जायेग किन्तु अधिकतम भारांक 30 प्रतिशत से अधिक नहीं दिया जायेगा।

6. कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में शैक्षिक स्टॉफ यथा पूर्णकालिक शिक्षिका, अंशकालिक शिक्षिका, उर्दू शिक्षिका के पद पर चयन सीधे मेरिट के आधार पर किया जायेगा। मुख्य रसोइया, सहायक रसोइया एवं चौकीदार के पद पर चयन साक्षात्कार द्वारा किया जायेगा।

7. किसी सेवा से बर्खास्त, नैतिक चारित्रिक अक्षमता के अपराध के लिये दोष सिद्ध एवं दिवालिया व्यक्ति चयन के लिये अर्ह नहीं होंगे। चयन समिति अभ्यर्थी के चरित्र के सम्बन्ध में यथोचित समाधान करेगी।

8. अभ्यर्थी को अन्तिम शैक्षिक संस्था / किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा। यदि चयनित अभ्यर्थी की सेवाएं अनुपयुक्त पायी जाती हैं जो उन्हें एक माह का नोटिस देकर सेवाओं को समाप्त कर दिया जायेगा। गम्भीर परिस्थितियों / वित्तीय अनियमिता / गंभीर अनुशासनहीनता की स्थिति उत्पन्न होती है तो जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रस्तुत पुष्ट प्रमाणों के आधार पर जिलाधिकारी के अनुमोदनोपरान्त संविदा समाप्त करते हुए सम्बन्धित के विरूद्ध प्राथमिक सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी जायेगी।

9. अभ्यर्थी को तैनाती से पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी से चिकित्सीय परीक्षणोपरान्त फिजिकल फिटनेस का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा कि वह कार्य करने में अक्षम एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नहीं है।

10. चयन उपरान्त, पूर्णकालिक शिक्षकाओं, का पद पूर्णकालिक होने के कारण विद्यालय परिसर में ही निवास करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में उनका चयन समाप्त कर दिया जायेगा। पूर्णकालिक स्टाफ को अपने साथ परिवार के किसी भी सदस्य को विद्यालय परिसर में रखने की अनुमति नहीं है। समस्त स्टाफ को भोजन व्यवस्था उनकी स्वयं की होगी।

11. पूर्णकालिक शिक्षिका, अंशकालिक शिक्षिका एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के पदों पर केवल महिला अभ्यर्थियों का ही चयन किया जायेगा।

12. उपरोक्त रिक्तियों हेतु प्रकाशित विज्ञप्ति एवं आवेदन पत्र को जनपद कन्नौज के वेबसाइट https://kannauj.nic.in पर क्लिक करके डाउनलोड किया जा सकता है। उक्त के सम्बन्ध में किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कन्नौज में आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

13. लिफाफे के ऊपर मोटे अक्षरों में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में पद/विषय/जाति वर्ग के लिए आवेदन किया जा रहा है. स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए। अभ्यर्थी द्वारा एक से अधिक पदों हेतु आवेदन करने की स्थिति में प्रत्येक पद हेतु अलग–अलग आवेदन करना होगा, जिस पर आवेदित पद का नाम, विषय तथा आरक्षण वर्ग अंकित करना होगा।

14. इच्छुक पात्रताधारी अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र दिनांक. 05/10/2024 को सायं 05.00 बजे तक कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कन्नौज पिन कोड–209727 को केवल स्पीड पोस्ट / रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित कर सकते हैं। इनके बाद प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

15. आवेदन पत्र के साथ अपनी दो स्व–प्रमाणित फोटो, समस्त शैक्षिक अंक पत्र, प्रमाण पत्र, अनुभव (के0जी0बी0वी0) प्रमाण–पत्र, सामान्य निवास प्रमाण–पत्र जाति प्रमाण पत्र, राजपत्रित अधिकारियों द्वारा निर्गत 02 चरित्र प्रमाण पत्र. आधार कार्ड, टी0ई0टी0 (उच्च प्राथमिक स्तर) एवं वांछित प्रमाण–पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियाँ तथा अपने पता लिखे हुए 02 लिफाफे स्पीड पोस्ट के निर्धारित शुल्क की डाक टिकट लगे हुए अवश्यक संलग्न करें।

16. अपूर्ण, अस्पष्ट, बिना संलग्नकों वाले, बिना हस्ताक्षर, प्रारूप से भिन्न, अधूरे संलग्नकों वाले आवेदन पत्रों को निरस्त कर दिया जायेगा।

17. विज्ञप्ति को किसी भी समय बदलने / निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा। विज्ञप्ति लिपिकीय त्रुटि के अधीन रहेगी।

18. आवश्यकतानुसार रिक्तियों की संख्या घट/बढ़ सकती है। चयन सेवा अनुबन्ध के आधार पर एक शैक्षिक सत्र (अधिकतम 11 माह 29 दिन) हेतु होगा तथा कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर आगामी सत्र के लिये सेवा अनुबन्ध का विस्तारीकरण किया जायेगा।

19. उक्त विज्ञप्ति माननीय उच्च न्यायालय/ उच्चतम न्यायालय में योजित विभिन्न याचिकाओं के अन्तिम निर्णय के अधीन होगी।

(रोहित कुमार)
जिला समन्वयक (बा0शि0)
समग्र शिक्षा कन्नौज

(संदीप कुमार)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
कन्नौज

शैले शैले न माणिक्यं,मौक्तिम न गजे गजे।
साधवो नहि सर्वत्र,चंदन न वने वने।।

प्रत्येक पर्वत पर अनमोल रत्न नहीं होते, प्रत्येक हाथी के मस्तक में मोती नहीं होता। सज्जन लोग सब जगह नहीं होते और प्रत्येक वन में चंदन नहीं पाया जाता।

संपादकीय

समुद्री सुरक्षा की चुनौतियां

हिंद महासागर में चीन की बढ़ती आक्रामकता और लाल सागर में संवेदनशील स्थिति के बीच भारत के समुद्री हितों की रक्षा के लिए नौसेना की बढ़ती ताकत भारत की व्यापक समुद्री रणनीति का पूरक बन रही है। भू-राजनीतिक स्थितियों को देखते हुए, देश के सामरिक परिदृश्य की वजह से नौसेना की भूमिका बढ़ती जा रही है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नौसेना की बढ़ती सामर्थ्य को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। गुरुवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नौसेना कमांडरों के सम्मेलन में कहा कि भारत को एक समय समुद्री तटों से घिरा देश माना जाता था, लेकिन अब इसे भूमि सीमाओं के साथ एक द्वीपीय देश के रूप में देखा जाता है। उन्होंने आर्थिक, व्यापार, परिवहन और समग्र राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए एक सशक्त नौसैन्य क्षमता की आवश्यकता पर जोर दिया। वास्तव में भारत की समुद्री जागरूकता के विकास को लेकर जो सबक मिलते हैं, वो हमें देश की सुरक्षा और समृद्धि दोनों के लक्ष्य हासिल करने में भारतीय नौसेना की बढ़ती हुई केंद्रीय भूमिका बेहतर ढंग से स्वीकार करने का संकेत देते हैं। हाल के वर्षों में, हिंद महासागर क्षेत्र में क्षेत्रीय और वैश्विक शक्तियों की सैन्य उपस्थिति में वृद्धि देखी गई है। क्षेत्र में तीव्र भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता और लगातार विकसित हो रही रणनीतिक स्थिति के साथ-साथ, हिंद-प्रशांत समुद्री क्षेत्र में विदेशी पक्षों की ओर से समुद्री डकैती, सशस्त्र डकैती, प्राकृतिक आपदाएं, जलवायु संबंधी मुद्दों जैसी विभिन्न गैर-पारंपरिक चुनौतियों में वृद्धि हुई है। इस बीच भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपने साझेदारों के साथ सहयोगात्मक तरीके से जुड़ रहा है। समुद्री सुरक्षा हिंद महासागर के तटीय देशों के साथ भारत के जुड़ाव का एक महत्वपूर्ण पहलू है। वर्तमान में विभिन्न औपचारिक और अनौपचारिक संरचनाओं के माध्यम से ऐसा किया जा रहा है। हिंद और प्रशांत महासागर में द्वीपों पर भी ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। भारत की गतिशील और कार्रवाई उन्मुख, 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' ने विस्तारित भौगोलिक पहुंच और रणनीतिक सार के साथ विस्तारित पूर्वी पड़ोसियों के साथ भारत के सहयोग को बढ़ावा देने का एक दशक पूरा कर लिया है।

देश की समुद्री सुरक्षा को सशक्त करने के लिए भारतीय नौसेना तथा भारतीय तटरक्षक बल को और अधिक समन्वय की आवश्यकता है। साथ ही नौसेना में 'आत्मनिर्भरता' हासिल करने के तरीके तलाशने की जरूरत है। उम्मीद है नौसेना को 'खरीदार' से 'निर्माता' में बदलने का दृष्टिकोण 2047 तक इसे पूरी तरह से आत्मनिर्भर बनाने में सहायक साबित होगा। हालांकि पिछले पांच वर्षों के दौरान नौसेना के आधुनिकीकरण बजट का दो-तिहाई से अधिक हिस्सा स्वदेशी खरीद पर खर्च किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप घरेलू रक्षा इकोसिस्टम का त्वरित विकास संभव हुआ है।

लेबनान पेजर ब्लास्ट: हम कितने सुरक्षित हैं

डॉ .राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

ये पेजर सन 1980 और 90 के दशक में परस्पर संदेश देने के लिए इस्तेमाल होते थे। फिर मोबाइल फोनों के रूप में बेहतर यंत्र आ जाने के बाद इनका उपयोग बंद हो गया था,लेकिन हिजबुल्लाह ने इनका पुन: प्रयोग करना इसलिए शुरू किया था, क्योंकि उनके मोबाइल फोन को ट्रेस करके इजराइल उन पर मिसाइल दाग दे रहा था।

हम सुरक्षित तो कहीं नहीं हैं। रेल में डर यह है कि कोई पटरी पर रुकावट न रख दे। सड़कों पर दुर्घटनाएं होती ही रहती हैं। हम लोग अपने घरों में भी सुरक्षित नहीं हैं। वहां भी घुसकर लूटमार हो ही जाती है, बिस्तर पर लेटे-लेटे भी हमारे दिमाग की नस फट सकती है या हमें हार्ट अटैक पड़ सकता है और अब तो हमारा पॉकेट कंप्यूटर, हमारा पॉकेट बैंक, हमारा पिक्चर एल्बम, हमारा सब कुछ हमारी जेब में रखा हमारा मोबाइल फोन भी सुरक्षित नहीं है। साइबर सिक्योरिटी ब्रीच के अतिरिक्त यदि कोई इसमें विस्फोटक पदार्थ नहीं भी लगाता है तो इसकी बैटरी फट सकती है और हमारे चेहरे के चिथड़े उड़ सकते हैं।

17 सितंबर को स्थानीय समय के अनुसार दोपहर लगभग 3:30 बजे लेबनान और सीरिया में एक संचार यंत्र पेजर में एक साथ हुए विस्फोटों से 12 लोगों की मृत्यु हो गई और 2750 लोग घायल हो गए। 18 तारीख को फिर हुए विस्फोटों में 9 लोगों की मृत्यु हो गई और 300 घायल हो गए। इन मरने वालों में अधिकांश लोग वहां के राजनीतिक दल और आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह के सदस्य थे, कुछ लोग विस्फोटों के आसपास खड़े हुए अन्य लोग भी थे।

ये पेजर सन 1980 और 90 के दशक में परस्पर संदेश देने के लिए इस्तेमाल होते थे। फिर मोबाइल फोनों के रूप में बेहतर यंत्र आ जाने के बाद इनका उपयोग बंद हो गया था, लेकिन हिजबुल्लाह ने इनका पुनः प्रयोग करना इसलिए शुरू किया था, क्योंकि उनके मोबाइल फोन को ट्रेस करके इजराइल उन पर मिसाइल दाग दे रहा था। मोबाइल फोन को ट्रेस करना बहुत आसान होता है,क्योंकि यह अनेक प्रकार के सॉफ्टवेयर और चिप्स पर काम करता है। इसके अतिरिक्त यह इंटरनेट का इस्तेमाल भी करता है। जबकि पेजर को ट्रेस करना बहुत कठिन होता है,क्योंकि यह केवल कुछ रेडियो तरंगों पर कार्य करता है।

न्यूयॉर्क टाइम्स की अपुष्ट रिपोर्ट के अनुसार यह काम इजरायल की गुप्तचर संस्था 'मोसाद' ने इन पेजर्स की सप्लाई लाइन में सेंध लगाकर और उसमें बैटरी के पास में ईपीटएन विस्फोटक फिट करके किया था। यह पेजर बनाने वाली कंपनी ताइवान की थी,लेकिन उसने कहा है कि उसके नाम से यह पेजर यूरोप में बनाए गए थे। हिजबुल्लाह ने उस कंपनी से 5 हजार पेजर्स मंगाए थे। इस तरह से पेजर्स की सप्लाई लाइन में सेंध लगाकर,उसमें विस्फोटक फिटकर देना किसी गुप्तचर संस्था के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। मोसाद ने पहले भी बहुत कठिन कार्यों को अंजाम दिया है और इस बार फिर उसने आतंकवादियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की है। यद्यपि अनेक लोग इस कार्य को गलत भी कह सकते हैं, लेकिन यहां पर मेरा उद्देश्य मोसाद को सही अथवा गलत ठहराना नहीं है। मैं इस कार्य के औचित्य पर नहीं जा रहा हूं। यहां पर मेरा उद्देश्य हमारी स्वयं की सुरक्षा पर विचार करना है। हम लोग अनेक प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का प्रयोग करते हैं। इसमें मोबाइल फोन, कंप्यूटर्स, सीसीटीवी, राउटर्स और अन्य अनेक उपकरण आते हैं। स्मार्ट घरों को रिमोट कंट्रोल से संचालित किया जाता है। घर के तमाम उपकरण दूर से ही नियंत्रित किए जा सकते हैं।

इन सब चीजों को हैक करके अपने नियंत्रण में ले आना बहुत आसान कार्य है। कुछ समय पहले हम एक सर्वर में कमी के कारण संसार के तमाम कंप्यूटर्स के निष्क्रिय हो जाने को देख ही चुके हैं। अनेक प्रकार के साइबर फ्रॉड भी सामने आते ही रहते हैं। यहां तक कि हमारे मोबाइल के कैमरे से हमारी गतिविधियों को भी देखा जा सकता है। हमारे घर में लगे सीसीटीवी को कंट्रोल में लेकर हमारे घरों में हमको देखा जा सकता है। हमारे राउटर्स को भी दूर से ही अपने नियंत्रण में लेकर हमारी निजी जिंदगी में सेंध लगाई जा सकती है। इंटरनेट पर आधारित हमारी मोबाइल बैंकिंग भी सुरक्षित नहीं है। हमारे कंप्यूटर और मोबाइल में सुरक्षित हमारी फोटोज और वीडियोज को भी हैकर्स अपने नियंत्रण में ले सकते हैं और हैकर्स के अतिरिक्त एक संभावना यह भी है कि कोई सुपर कंप्यूटर इन सब यंत्रों को अपने नियंत्रण में ले ले और मानव के विरुद्ध प्रयोग में लाए। यह बाद वाली संभावना तो बहुत कम है,मुख्य खतरा तो हमें मानव से ही है।

सत्य तो यह है कि हम जितने अधिक इन इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर निर्भर होते जाएंगे, उतनी ही हमारी समस्याओं में घिरने की संभावनाएं बढ़ती जाएंगी। अनेक प्रकार के सिक्योरिटी सॉफ्टवेयर और धोखाधड़ी से बचने के तरीके निकाले जाते हैं,लेकिन हैकर्स उनसे एक कदम आगे ही रहते हैं। तू डाल डाल मैं पात पात। साइबर सिक्योरिटी ब्रीच का कोई मामला सामना आने पर जब तक उसका तोड़ निकाला जाता है,तब तक एक नया तरीका सामने आ जाता है। मनुष्य का मस्तिष्क इन अपराध कार्यों में लगा ही रहता है।

हम सुरक्षित तो कहीं नहीं हैं। रेल में डर यह है कि कोई पटरी पर रुकावट न रख दे। सड़कों पर दुर्घटनाएं होती ही रहती हैं। हम लोग अपने घरों में भी सुरक्षित नहीं हैं। वहां भी घुसकर लूटमार हो ही जाती है, बिस्तर पर लेटे-लेटे भी हमारे दिमाग की नस फट सकती है या हमें हार्ट अटैक पड़ सकता है और अब तो हमारा पॉकेट कंप्यूटर, हमारा पॉकेट बैंक, हमारा पिक्चर एल्बम, हमारा सब कुछ हमारी जेब में रखा हमारा मोबाइल फोन भी सुरक्षित नहीं है। साइबर सिक्योरिटी ब्रीच के अतिरिक्त यदि कोई इसमें विस्फोटक पदार्थ नहीं भी लगाता है तो इसकी बैटरी फट सकती है और हमारे चेहरे के चिथड़े उड़ सकते हैं। हम क्या कर सकते हैं इस स्थिति से बचने के लिए?

सच पूछें, तो हम कुछ नहीं कर सकते हैं। हम आधुनिक साधनों का इस्तेमाल तो करेंगे ही,हम पुनः आदिम युग में नहीं जा सकते हैं। ऐसा करने पर खतरे तो होंगे हैं और आदिम युग में ही हम कौन सा सुरक्षित थे। तब तो खतरे अब से कहीं ज्यादा थे। तब आदमी अपनी जान बचाए फिरता था। तब उसे हर बात से डर था- जंगली जानवरों से, वर्षा से, आंधी-तूफान से, बिजली से, शीत से, तथाकथित भूत-प्रेतों से, देवी-देवताओं से, ईश्वर के कोप से और सबसे बढ़कर भूख से। अब तो फिर भी हम पहले से बहुत बेहतर स्थिति में हैं। यद्यपि अब विनाश के भयंकर साधन भी बन चुके हैं फिर भी हम उस समय से बेहतर हैं। क्या कोई उस समय की स्थिति में जाकर रहना चाहेगा? जो लोग कहते हैं कि हर कार्य ईश्वर ही करता है, वह यही कहेंगे कि यह सब युद्ध, बम विस्फोट, हत्याएं,धोखाधड़ी इत्यादि ईश्वर ही करवाता है।

तीर्थयात्रा को जाते हुए लोगों, देव-दर्शन को जाते हुए लोगों को वही मरवाता है। हत्याएं और बलात्कार भी वही करवाता है। यह सब उसकी प्रेरणा और इच्छा से ही होता है और मरने वालों ने पूर्व जन्म में कोई कुकर्म किए होंगे,जिनका उन्हें दंड मिल रहा है या इस जन्म में जो कुकर्म किए जा रहे हैं उनका अगले जन्म में दंड मिलेगा। जिन लोगों की ऐसी सोच हो,वह अपनी सोच के साथ प्रसन्न रह सकते हैं। एक उचित तरीके से सोचने वाला व्यक्ति केवल यह कामना और प्रयास कर सकता है कि मनुष्य की सोच उचित मार्ग पर लगी रहे। मनुष्य और मनुष्य के बीच ये युद्ध समाप्त हों और मनुष्य-मनुष्य के प्राण लेने को उद्यत न हो।

प्रसंगवश

जेल और केजरीवाल

दिल्ली प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे अरविंद केजरीवाल गत दिनों लगभग छह मास आबकारी नीति घोटाले के आपराधिक मामले में जेल में रहे। इसके पहले अब तक जब-जब कोई पदासीन मुख्यमंत्री जेल गया था,तो उसने अपने पद से इस्तीफा दिया था,किंतु इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ जब पदासीन मुख्यमंत्री जेल तो गया,किंतु त्यागपत्र नहीं दिया और बिना काम राजकोष से वेतन भी ग्रहण किया। राज्य कर्मचारियों के लिए नियम है कि यदि वह 48 घंटे कारागार में रह ले तो स्वयमेव निलंबित मान लिया जाता है, किंतु मुख्यमंत्री या मंत्री आदि के लिए ऐसे किसी कानूनी प्रावधान का अभाव है। यह जनता के साथ सरासर धोखा है और लोक धन का खुलमखुल्ला दुरुपयोग। केजरीवाल पदलोलुपता के चलते कुर्सी से चिपके रहे, भले ही उन्हें इस पद का कार्य करने की अदालती रोक थी और केंद्र सरकार व उप राज्यपाल उन्हें पद से बर्खास्त करने से इसलिए कतराते रहे कि उन्हें इससे कहीं जन सहानुभूति न मिल जाए, जिससे वे चुनाव में फायदा उठा लें। दोनों की इन कूट चालों से नुकसान तो जनता का ही होता रहा, जिसकी परवाह किसी को नहीं। अब जब वह जमानत पर छोड़ दिए गए हैं, तब इस्तीफा दिया है, क्योंकि कुछ मास बाद ही दिल्ली में चुनाव होने हैं। सोचा कि त्यागमूर्ति भी बन लें। हालांकि यह जनता की आंखों में धूल झोंकना ही है, क्योंकि सुप्रीमकोर्ट ने जमानत देते समय शर्त लगाई है कि वे मुख्यमंत्री कार्यालय तक नहीं जाएंगे। वे परोक्षतः अदालत के आदेश को चैलेंज करने वाला बयान देते हुए यह भी कह रहे हैं कि वे सीएम की कुर्सी पर तभी बैठेंगे, जब जनता बिठाएगी। अर्थात चुनाव में पार्टी की जीत होने पर वे फिर अपने को नेता चुनवाएंगे और सांविधानिक गतिरोध पैदा करेंगे, क्योंकि आपराधिक केस तो गतिमान है और बेल पर रहते यदि सुप्रीमकोर्ट की शर्त भी प्रचलित रहती है, तब जनता उन्हें सीएम की कुर्सी पर कैसे बिठा पाएगी? फिलहाल चुनाव बाद की स्थिति तो अभी अस्पष्ट है, पर इतना स्पष्ट है कि किसी मुख्यमंत्री/मंत्री के जेल जाने पर उसके पद पर बने रहने/हटने विषयक कोई कानून नहीं है, जिसकी सख्त जरूरत है।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत पीसीएस

एक देश, एक चुनाव की व्यावहारिक कठिनाई

केंद्र सरकार की कैबिनेट की ओर से सर्वसम्मति से एक देश एक चुनाव के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में बनी समिति की रिपोर्ट के आधार पर मोदी सरकार ने वन नेशन-वन इलेक्शन को हरी झंडी दी है। इसके बाद संसद, संविधान संशोधन और राज्यों के सहयोग के साथ सरकार आगे इस दिशा में रास्ता तय करेगी।

भारत में लोकसभा और विधानसभा चुनाव को दोबारा एक साथ कराने का मुद्दा साल 1983 में भी उठा था, लेकिन उस वक्त केंद्र की इंदिरा गांधी सरकार ने इसे कोई महत्व नहीं दिया था। उसके बाद साल 1999 में भारत में 'लॉ कमीशन' ने लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने का सुझाव दिया था। उस वक्त केंद्र में बीजेपी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार चल रही थी। साल 2014 में बीजेपी ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के मुद्दे को अपने चुनावी घोषणापत्र में शामिल किया था। अब केंद्र सरकार ने इसके लिए पहल की है, लेकिन विपक्षी दल सरकार पर हमलावर हैं।

लोकसभा और राज्यों के विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के पीछे कई तरह के तर्क दिए जाते रहे हैं। इससे देश के विकास कार्यों में तेजी आएगी। चुनावों के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होते ही सरकार कोई नई योजना लागू नहीं कर सकती है। आचार संहिता के दौरान नए प्रोजेक्ट की शुरुआत,नई नौकरी या नई नीतियों की घोषणा भी नहीं की जा सकती है और इससे विकास के काम पर असर पड़ता है। एक चुनाव होने से चुनावों पर होने वाले खर्च भी कम होगा। इससे सरकारी कर्मचारियों को बार-बार चुनावी ट्यूटी से भी छुटकारा मिलेगा। भारत में साल 1967 तक लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए चुनाव एक साथ ही होते थे। साल 1947 में आजादी के बाद भारत में नए संविधान के तहत देश में पहला आम चुनाव साल 1952 में हुआ था। उस समय राज्य विधानसभाओं के लिए भी चुनाव साथ ही कराए गए थे, क्योंकि आजादी के बाद विधानसभा के लिए भी पहली बार चुनाव हो रहे थे। उसके बाद साल 1957, 1962 और 1967 में भी लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ ही हुए थे।

प्रो . विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

यह क्रम पहली बार उस वक्त टूटा था जब केरल में साल 1957 के चुनाव में ईएमएस नंबूदरीबाद की वामपंथी सरकार बनी।

यह क्रम पहली बार उस वक्त टूटा था जब केरल में साल 1957 के चुनाव में ईएमएस नंबूदरीबाद की वामपंथी सरकार बनी। इस सरकार को उस वक्त की केंद्र सरकार ने अनुच्छेद 356 के अधीन राष्ट्रपति शासन लगाकर हटा दिया था। केरल में दोबारा साल 1960 में विधानसभा चुनाव कराए गए थे। साल 1967 के बाद कुछ राज्यों की विधानसभा जल्दी भंग हो गई और वहां राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया। इसके अलावा साल 1972 में होने वाले लोकसभा चुनाव भी समय से पहले कराए गए थे। साल 1967 के चुनावों में कांग्रेस को कई राज्यों में विधानसभा चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था। बिहार,उत्तर प्रदेश, राजस्थान,पंजाब, पश्चिम बंगाल और ओडिशा जैसे कई राज्यों में विरोधी दलों या गठबंधन की सरकार बनी थी। इनमें से कई सरकारें अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाईं और विधानसभा समय से पहले भंग हो गई थी। इस तरह से साल 1967 के बाद बड़े पैमाने पर लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होने का सिलसिला टूट गया। भारत की मौजूदा केंद्र सरकार इसे दोबारा एक साथ कराना चाहती है।

इसमें समस्या यह है कि अब भारत में कांग्रेस जैसी कोई एक पार्टी नहीं है, जिसकी केंद्र के साथ ही ज्यादातर राज्यों में अपनी सरकार हो। ऐसे में केंद्र और राज्य से बीच सामंजस्य आसान नहीं होगा। दोनों चुनाव साथ कराना संभव है। इसके लिए सरकार को चार काम करना होगा। इसके लिए सबसे पहले संविधान के 5 अनुच्छेदों में संशोधन जरूरी होगा। इसमें विधानसभाओं के कार्यकाल और राष्ट्रपति शासन लगाने के प्रावधानों को बदलना होगा। जन प्रतिनिधित्व कानून और सदन में अविश्वास प्रस्ताव को लाने के नियमों को बदलना होगा। इसके लिए 'अविश्वास प्रस्ताव' की जगह 'रचनात्मक विश्वास प्रस्ताव' की व्यवस्था करनी होगी। यानी अविश्वास प्रस्ताव के साथ यह भी बताना होगा कि किसी सरकार को हटाकर कौन सी नई सरकार बनाई जाए, जिसमें सदन को विश्वास हो,ताकि पुरानी सराकर गिरने के बाद भी नई सरकार के साथ विधानसभा या लोकसभा का कार्यकाल पांच साल तक चल सके।

सोशल फोरम

भूतपूर्व एनजीओ

दिल्ली की नव प्रस्तावित मुख्यमंत्री के साथ मैं एक कार्यक्रम में शिरकत कर चुका हूं, लेकिन दूर से। जब से मुझे उनके बारे में पता चला है कि वह भूतपूर्व एनजीओ हैं, तब से अनेक आशंकाएं तथा आश्वस्तियां मेरे दिमाग में तैर रही हैं।

एनजीओ के बारे में मेरे गहन शोध विश्लेषण का सार इस प्रकार है : एनजीओ बिजली के एसी और डीसी करंट की तरह विरोधाभासी होता है,जो कभी करंट मारकर अपने साथ चिपका देता है और फिर झटका मारकर दूर फेंक देता है। एनजीओ अगर पुरुष है तो वह दाढ़ी बढ़ा लेता है और अगर महिला है तो वह पुरुष जैसी ड्रेस पहनता है। बाल कटवाकर पुरुष की तरह दिखने का प्रयास करता है। सिगरेट आदि खुलकर पीता है तथा मीटिंग, ईटिंग और चीटिंग का एक्सपर्ट होता है। वह गोष्ठियों में उंगली उठा कर ललकरता है तथा मंच और लंच का अभ्यासी होता है। वह अंग्रेजी मिश्रित हिंदी का भी अभ्यासी होता है। गांव अथवा स्लम इसकी चरागाह होते हैं, लेकिन स्वयं शहर में कोठी बनाकर रहता है। राजनीति अथवा व्यापार या प्रशासनिक सेवाओं में असफल रहने वाला पढ़ा लिखा जातक एनजीओ बन जाता है तथा पिछले दरवाजे से सत्ता और संपत्ति का सुख भोगता है।

एक एनजीओ को यदि साल में कम से कम एक पुरस्कार न मिले तो वह भारी डिप्रेशन में चला जाता है। तब डॉक्टर उसे कोई फर्जी पुरस्कार दिलाने की सलाह देते हैं, जिससे वह ठीक हो जाता है। एक एनजीओ में पैदल चलने तथा ग्रामीणों तथा स्लम्स के निवासियों के बीच घुलने-मिलने की अपार क्षमता होती है। वह प्रोजेक्ट बनाने में माहिर होता है तथा एक आध दिन की भूख हड़ताल आराम से झेल लेता है। वह बगैर प्रोजेक्ट पास कराए अपने बच्चों की स्कूल ड्रेस भी नहीं सिलवाता तथा अपने घरेलू नौकरों की तनख्वाह भी पर्चे पर साइन करवा के उसे किसी प्रोजेक्ट के पेटे में डाल देता है। एनजीओ सरकार से बजट लेकर ही सरकार के खिलाफ आंदोलन करता है। यह एनजीओ पर मेरे शोध का सारांश है।

राजीव नयन बहुगुणा
पत्रकार, देहरादून

-फेसबुक वॉल से

पितृपक्ष माने स्मृतियों का महोत्सव

पितृपक्ष माने स्मृतियों का पाक्षिक महोत्सव। श्राद्ध पक्ष में पुरखे याद आते हैं,जिनको याद नहीं आते वे महान हैं। पुरखों को याद करने का एक रूप है श्राद्ध करना, उनके बहाने सगे-संबंधियों और अच्छे गुणीजनों को बढ़िया भोजन कराना। याद करने की यह कला या पद्धति बेहद रोचक और श्रम-साध्य है,जिसने सबसे पहले श्राद्ध किया होगा और पितरों के नाम भोज दिया होगा,वो निश्चित तौर पर बेहद अक्लमंद इंसान होगा। श्राद्ध में पितर की स्मृति प्रमुख है,भोजन गौण है, गऊ ग्रास गौण है। श्राद्ध माने पितरों की स्मृतियों को याद करने, एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी की ओर पितरों के अनुभवों के आदान-प्रदान करना। यह पर्व 15 दिन चलता है।

पुरखों का श्राद्ध करना, श्राद्ध के बहाने ब्रह्मभोज करना, यह सब सनातन धर्म का असर है,लेकिन पुरखों को याद करना उनके गुण-अवगुणों की चर्चा करना यह सब भौतिकवादी प्राचीन परंपरा है। परंपरा ज्ञान से परिवार के इतिहास को जिंदा रख सकते हैं, सनातन धर्म का तो स्मृतियों से बैर है। ठीक वैसे ही जिस ब्रिटिश हुकूमत का स्मृतियों से बैर था,इन दिनों बहुराष्ट्रीय निगमों के सांस्कृतिक नजरिए का स्मृतियों से बैर है। हमारे समाज में सनातन धर्म का असर गहरा है। इसके कारण पितरों की स्मृतियों पर घरों में इस मौके पर संवाद नहीं होता, सिर्फ खाना होता है और पितर विदा कर दिए जाते हैं। समाज को बचाने के लिए पितरों की स्मृतियों को याद रखना जरूरी है,इससे समाज को परंपराविहीन होने से बचाया जा सकता। हमारे राजनेताओं के यहां भी गांधी-आंबेडकर आदि का औपचारिक कर्मकांड से अधिक महत्व नहीं है इसीलिए वे उनके विचारों और स्मृतियों पर जोर नहीं देते, मूर्तिपूजा और सामाजिक-राजनीतिक पाखंड पर जोर देते हैं। सामाजिक और वैचारिक परंपराएं धर्म या कर्मकांड से नहीं बचतीं,बल्कि संबंधित व्यक्ति के विचारों और स्मृतियों पर संवाद से बचती हैं। संसार की प्रकृति का निर्धारण उन सब चीजों, व्यक्तियों और संस्कारों से होता है, जिनको समाज ने सैकड़ों सालों से सजाया-संवारा है।

समाज का मतलब माता-पिता,भाई-बहन ही नहीं है वे भी समाज का अंग हैं,जो इस दायरे के बाहर हैं। अपने जीवन में ईश्वर की उपस्थिति को कभी भूल नहीं सकता। ईश्वर मुझे विरासत में मिला है, वह ऐसा तत्व नहीं है, जिसकी उपेक्षा की जा सके। सवाल यह है जब ईश्वर के बारे में सच बोलते हैं और कहते हैं कि वह है तो हम मान लेते हैं वो है। सवाल यह है सच बोलने के दायरे में हम सिर्फ ईश्वर को ही क्यों रखना चाहते हैं? हम समाज के बाकी पहलुओं के बारे में सच क्यों नहीं बोलते? यदि ईश्वर है,यह सत्य है तो जीवन भी तो सत्य है, समाज, संस्कृति, राजनीति, धर्म, दर्शन आदि को भी सत्य की कसौटी पर रखकर परखने की कोशिश क्यों नहीं करते? ईश्वर के साथ धोखा नहीं करते, लेकिन जीवन में पग-पग पर धोखेबाजी करते हैं,जो लोग ईश्वर को धोखा देते हैं, ईश्वर के साथ पाखंड रचते हैं, ईश्वर को वस्तु बनाकर बेचते हैं,वे ही असल जीवन में धोखाधड़ी करते हैं। ईश्वर माने स्वयं को जानने की कला। ईश्वर माने भगवान नहीं, कोई मूर्ति नहीं। मूर्ति तो बहाना है,असल में ईश्वर के बहाने स्वयं को पाने,अर्जित करने की कोशिश की जानी चाहिए। हमने जीवन में कुछ ऐसा विभाजन किया है कि ईश्वर पर जो चीज लागू होती है ,वह जीवन पर लागू नहीं होती। जीवन पर जो लागू होती है वह ईश्वर पर लागू नहीं होती। ईश्वर और जीवन में भेद की दीवार के कारण तमाम किस्म के सामाजिक भेदों को हमने ईश्वरकृत बना दिया। असल में ईश्वर तब तक है जब तक मनुष्य का जीवन है,मनुष्य खत्म तो ईश्वर खत्म! ईश्वर की सत्ता का आधार है मनुष्य की सत्ता, लेकिन पढ़ाया उलटा गया है।

हमें बताया गया कि ईश्वर ही समाज का रचयिता है। सच एकदम उलट है, वह तसल्ली के आदिम उपायों की देन है। पितर असल में हमारे को ईश्वर रचित आख्यान से मुक्त करने में मदद करते हैं। स्मृतियों को जितनी बार व्याख्यायित किया जाएगा उतनी ही तेजी से वे रूढ़ियों और जड़ता से मुक्त होंगी। पितरों की स्मृतियां शाश्वत नहीं होतीं,वे भी परिवर्तनीय हैं। उनका आख्यान कहने वाले की शैली के अनुसार बदलता रहता है। उसमें नए आख्यान का जन्म होता रहता है। मरने के बाद नए आख्यान की सृष्टि करने की कला सिर्फ मनुष्य के पास है और इसी के गर्भ से सभी किस्म के पुरा-आख्यानों का जन्म हुआ। ईश्वर का होना, उसके बारे में संशय का आना, अपने आप में नए विचारों और नए किस्म की सामाजिक-वैचारिक संवेदना को जन्म देता है। इसी तरह जब आप अपने पुरखों को याद करते हैं,उनके आख्यान बनाते हैं, उनके गुण-अवगुणों की चर्चा करते हैं तो नए आख्यान की सृष्टि करते हैं।

प्रो . जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

समाज का मतलब माता-पिता,भाई-बहन ही नहीं है वे भी समाज का अंग हैं,जो इस दायरे के बाहर हैं। अपने जीवन में ईश्वर की उपस्थिति को कभी भूल नहीं सकता। ईश्वर मुझे विरासत में मिला है, वह ऐसा तत्व नहीं है, जिसकी उपेक्षा की जा सके।

असंगत संवैधानिक परिकल्पना

आतिशी को दूसरे की महत्वाकांक्षा का बंधक क्यों बनाते हो? मुझे राजनीतिक पार्टियों में कोई दिलचस्पी नहीं है। मैं किसी भी पार्टी का सदस्य नहीं हूं, लेकिन देश का एक नागरिक हूं,जिससे अपने देश से बहुत मोहब्बत है और खास तौर से अगली पीढ़ी से,क्योंकि हमारी पीढ़ी का काम तो बहुत कुछ निपट गया है। बचा खुचा देश के प्रधानमंत्री अच्छी तरह निपटा ही रहे हैं। दिल्ली में अभी-अभी एक घटना हुई।

आतिशी मार्लेना को मुख्यमंत्री खास परिस्थितियों के चलते पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने बना दिया। इस बात का हल्ला है और प्रामाणिक है कि उन्हें अगले चुनाव तक जो लगभग चार-पांच महीना बाद हो सकता है, की अवधि के लिए मुख्यमंत्री निर्वाचित नहीं,बल्कि मनोनीत किया गया है। अगले चुनाव में यदि आम आदमी पार्टी जीत जाती है। तब उन्हें हटना पड़ेगा। वह भरत के खड़ाऊं की तरह राम की प्रतीक्षा करने वाली मुख्यमंत्री बताई जाती हैं। मैं समझता हूं यह फूहड़ राजनीतिक परिकल्पना है। एक युवा काबिल सुशिक्षित मुख्यमंत्री को एडवेंचर के साथ काम करते देना भी तो आम आदमी पार्टी का मकसद होना चाहिए। केजरीवाल काफी दिन रह लिए और वैसे भी वह मुख्यमंत्री कहां हैं। अब तो राष्ट्रीय नेता बन रहे हैं। पंजाब जो दिल्ली से बड़ा प्रदेश है, जिसके मुख्यमंत्री को दिल्ली के मुख्यमंत्री से ज्यादा संवैधानिक अधिकार हैं। वह भगवंत सिंह मान केजरीवाल के सामने दोयम दर्जे के नेता हैं। यह तो असंगत संवैधानिक परिकल्पना है। फेडरल स्ट्रक्चर के खिलाफ है। अरविंद केजरीवाल राजनीति के माहिर खिलाड़ी हैं। उन्हें उसका ही विकास करना चाहिए। छोटे मकान में आ जाएंगे। अपनी पुरानी नीले रंग की वैगन आर कार में शायद चलेंगे और बहुत कुछ करेंगे। करतब करने के लिए माहिर खिलाड़ी हैं, लेकिन शुद्ध राजनीति और संविधान के तकाजों के अनुसार आम आदमी पार्टी ने एक साहसिक फैसला किया है। आतिशी को मुख्यमंत्री बनाकर ऐलान करना चाहिए कि उनका बदलाव नहीं होगा। अरविंद केजरीवाल की कोई वसीयत नहीं है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री की कुर्सी को लेकर कि जिसे चाहे उसे दे सकते हैं।

कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता , छ.ग.

यह संवैधानिक परंपराओं का उन्मूलन और अपमान है। आम आदमी पार्टी वैसे भी राजनीतिक आईडियोलॉजी की पार्टी नहीं है। वह तो केवल व्यवस्था और सहूलियतें देने के नाम पर आगे बढ़ने की बात करती है। यह पार्टी अजीब बात करती है। मानो मुख्यमंत्री की कुर्सी एक पोस्ट डेटेड ब्लैंक चेक है,जिसका नगदीकरण चाहे जब किया जाए। एक राजनीतिक पार्टी होने के नाते यह हिंदुस्तानी लोकतंत्र के लिए बहुत जरूरी है कि संभावित काबिल मुख्यमंत्री को चुनाव के बाद जीतने पर इस तरह काम करने दिया जाए। वरना राजनीति का इतना व्यवसायीकरण हो गया है। वह भी तो एक तरह का कारपोरेटीकरण हो गया है नेताओं के अंगूठे के नीचे। युवा उम्र में महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों को संभालना कई नेताओं का अनुभव तो रहा है।

आयुष कॉलेजों में दाखिले के लिए काउंसिलिंग जल्द

लखनऊ, अमृत विचार: प्रदेश में आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक व यूनानी कॉलेजों में स्नातक पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए इसी माह में 26 सितंबर से काउंसिलिंग शुरू होने की संभावना है। आयुष विभाग के अधिकारियों की गुरुवार को संपन्न बैठक में काउंसिलिंग शुरू करने तिथि पर मंथन हुआ मगर, अधिकारिक घोषणा नहीं हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश के तीन राजकीय आयुर्वेद कॉलेजों में बीएएमएस(बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड सर्जरी) की 588 सीटों में केवल 337 सीटों पर दाखिले की मान्यता मिल चुकी है।

तेजी लाने के लिए संगठन ने शुरू किया जिलों व महानगरों में प्रतिस्पर्धी माहौल

एक करोड़ हुई भाजपा की सदस्यता, सबसे आगे यूपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। सदस्यता अभियान को लेकर प्रदेश भाजपा की टीम ने देश में अव्वल स्थान बरकरार रखते हुए गुरुवार को एक करोड़ का आंकड़ा भी छू लिया।

मगर, अभी भी पुरानी सदस्यता के साथ 1.62 लाख पोलिंग बूथों पर 3 करोड़ 24 लाख नए सदस्य बनाने की बड़ी चुनौती है। इसे हासिल करने के लिए संगठन के बड़े नेता जिलों व महानगरों में प्रतिस्पर्धी माहौल बनाने में जुट गए हैं। देशभर में एक सितंबर से चल रहे भाजपा के सदस्यता अभियान में आगे निकलने की होड़ सभी राज्यों में मची हुई है। इसमें उप्र सबसे आगे है। भाजपा के प्रदेश महामंत्री व सदस्यता प्रभारी गोविंद पांडेय कहते हैं कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह समेत दोनों उप मुख्यमंत्रियों-मंत्रियोंसे लेकर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं की मेहनत बृहस्पतिवार सदस्य संख्या एक करोड़ के करीब हो गई है। दो दिन पहले मंगलवार को 82 लाख सदस्य बने थे, जबकि प्रतिस्पर्थी माहौल बनाने से 11 लाख सदस्य एक दिन में बने और संख्या 93 लाख पहुंच गई। भाजपा में बड़े-बड़े पदाधिकारी को सदस्यता के लिए चेन मार्केटिंग करनी पड़ रही है। संगठन से साफ संदेश है कि जिन्हें भविष्य में पद चाहिए, उन नेताओं को सक्रिय कार्यकर्ता बनना पड़ेगा। इसके तहत सामान्य नेता को कम से कम 100 प्राथमिक सदस्य बनाने होंगे। अभियान के लिए एक लिंक बना है, उसको नेता जब दूसरे लोगों को भेजेगा और उसके जरिए जितने लोग सदस्य बनेंगे इससे उस नेता की सदस्य बनाने की गिनती बढ़ेगी।

- **1.62 लाख पोलिंग बूथों पर बनाने हैं 3 करोड़ 24 लाख नए सदस्य बनाना चुनौती**

जिलों में अमरोहा और महानगरों में लखनऊ प्रथम

भाजपा ने जिलों और महानगरों में प्रतिस्पर्धी माहौल के जरिए तेजी लाने के लिए सदस्यता की टॉप टेन सूची जारी की है। इसमें छोटे जिले के कार्यकर्ताओं की मेहनत ने बड़े जिलों को पीछे छोड़ दिया है। अमरोहा जिला सबसे आगे हैं, जबकि महानगरों में लखनऊ टॉप पर है। हालांकि ओवर आल टॉप टेन में लखनऊ महानगर का तीसरे स्थान पर आना निराशाजनक माना जा रहा है। टॉप टेन में महानगरों में बरेली, अयोध्या, कानपुर, मुरादाबाद, वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, मेरठ, झांसी, अलीगढ़, सहारनपुर, फिरोजाबाद, मथुरा-वृंदावन और शाहजहांपुर का नाम तक नहीं है। प्रदेश के 75 जिलों में अमरोहा, हरदोई, बुलंदशहर, कुशीनगर, उन्नाव सहारनपुर और बहराइच ही टॉप टेन सूची में क्रमश: शामिल हैं।

एक नजर

उप्र. पावर कॉरपोरेशन का फैसला, ऊर्जा निगमों में अब चतुर्थ श्रेणी में नहीं मिलेगी अनुकंपा नियुक्ति

लखनऊ, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन समेत सहायक बिजली कंपनियों में अब चतुर्थ श्रेणी में अनुकंपा नियुक्ति नहीं मिलेगी। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद सेवाकाल में मृत सेवकों के आश्रितों की नियमावली-1975 में संशोधन कर दिया गया है। इस सिलसिले में कॉरपोरेशन की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है। पावर कॉरपोरेशन के वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी लोकेंद्र सिंह की ओर से जारी आदेश में निदेशक मंडल की ओर लिए गए निर्णय का उल्लेख किया गया है। जारी आदेश के अनुसार अब मृतक आश्रितों को तृतीय श्रेणी में नियुक्ति दी जाएगी। इनमें वेतन मैट्रिक्स लेवल-पांच ग्रेड पे 2600 के टेक्नीशियन, कार्यकारी सहायक व लेखा लिपिक के पद शामिल हैं। इस आदेश में 2010 में हुए शासनादेश का उल्लेख किया गया है, जिसमें चतुर्थ श्रेणी के रिक्त होने वाले पदों के सम्बन्ध में केवल आउटसोर्सिंग के माध्यम से नियुक्ति की बात कही गई है। आदेश में कहा गया है कि मृतक कर्मी की मृत्यु के पांच साल के अंदर तृतीय श्रेणी पद पर नियुक्ति के लिए आवश्यक अर्हता पूरी करने पर ही नियुक्ति दी जाएगी। पावर कॉरपोरेशन को छोड़कर अनुकंपा नियुक्ति उसी इकाई में दी जाएगी, जहां पर मृत कर्मी सेवायोजित थे।

निजी स्कूलों में आरटीई के तहत प्रवेश 1 दिसंबर से

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में निजी स्कूलों में आरटीई के तहत गरीब परिवार के बच्चों के लिए आरक्षित 25 फीसदी सीटों पर अगले शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया 1 दिसंबर से शुरू होगी। अभिभावकों की मदद के लिए बीएसए और बीईओ कार्यालयों में हेल्प डेस्क बनाई जाएगी। इस बार अभिभावकों को सुनवाई का पूरा मौका दिया जाएगा और उनके फॉर्म में कमियों को हेल्प डेस्क की मदद से पूरा कराया जाएगा। उप शिक्षा निदेशक (समग्र शिक्षा) डा. मुकेश कुमार सिंह के अनुसार1 दिसंबर से लेकर 27 मार्च 2025 तक चार चरणों में दाखिले की प्रक्रिया चलेगी। चार चरणों की प्रवेश प्रक्रिया का कार्यक्रम घोषित किए जाने के बाद अब सभी जिलों को अभी से तैयारियों की समीक्षा के निर्देश दिए गए हैं।

झांसी के एडीएम की मेदांता अस्पताल में हार्ट अटैक से मौत

लखनऊ, अमृत विचार : मेदांता अस्पताल लखनऊ में गुरुवार को हृदय रोग विभाग की ओपीडी में झांसी के अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार सिंह की हार्ट अटैक पड़ने के बाद मृत्यु हो गयी। एमडीएम, हृदय रोग विभाग के अध्यक्ष डॉ .पीके गोयल की ओपीडी में दिखाने के लिए प्रतीक्षा हाल में बैठकर इंतजार कर रहे थे, दिल का दौरा पड़ने पर परिवारीजन लेकर इमरजेंसी पहुंचे, वहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। हालांकि इस संबन्ध में अस्पताल प्रशासन की ओर से कोई अधिकारिक जानकारी नहीं दी गयी है। झांसी के जिलाधिकारी अनिनाश कुमार द्वारा सोशल मीडिया एक्स पर, अशोक कुमार सिंह की मृत्यु की जानकारी साझा की। जानकारी के अनुसार वाराणसी के रहने वाले 2015 बैच के पीसीएस अधिकारी एके सिंह, झांसी में एडीएम पद पर तैनात थे, उन्हें नमामि गंगे जल आपूर्ति और रूरल वाटर सप्लाई विभाग का प्रभार मिला था।

रिटायर्ड प्रोफेसर को डिजिटल अरेस्ट कर ठगे 54.62 लाख

लखनऊ, अमृत विचार : साइबर जालसाजों ने दिल्ली पुलिस का अधिकारी बन रिटायर्ड प्रोफेसर को ड्रग तस्करी में जेल भेजने की धमकी देकर डिजिटल अरेस्ट कर लिया। उनको दो दिन तक घर में डिजिटल अरेस्ट रखा और 54 .61लाख रुपये अलग-अलग खाते में ट्रांसफर करा लिए। इंदिरानगर में रहने वाली इंदिरा राय गैरजनपद के महाविद्यालय से रिटायर्ड प्रोफेसर है। इंदिरा राय ने बताया कि 12 सितंबर को उनके पास एक नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को दिल्ली के नेहरा पुलिस स्टेशन का अधिकारी बताया। धमकाते हुए कहा कि आपके आधार कार्ड से एचडीएफसी बैंक में एक खाता खोला गया है। खाते में मिलियन डॉलर जमा किए गए है। खाते का प्रयोग मनी लॉन्ड्रिंग में किया गया है। इसी आधार कार्ड पर एक सिम कार्ड लिया गया है। जिसे ड्रग तस्करी में प्रयोग किया जा रहा है। उसने कहा कि संदीप कुमार नाम का तस्कर गिरफ्तार किया गया है।

मोहिंदर सिंह ने बिल्डरों को पहुंचाया करोड़ों का लाभ

नोएडा का सेक्टर 75 और फार्म हाउस घोटाला भी चर्चा में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: नोएडा प्राधिकरण के पूर्व सीईओ पद पर तैनात रहे पूर्व आईएएस मोहिंदर सिंह की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। छापों के बाद अब ईडी उन्हें पूछताछ के लिए तलब करने जा रही है। आरोप है कि 30 नवंबर 2007 को नोएडा प्राधिकरण में बतौर सीईओ पहुंचे मोहिंदर सिंह ने नियमों को ताख पर रखकर बड़े स्तर पर बिल्डरों को लाभ पहुंचाया गया। शासनादेश के बगैर नोएडा प्राधिकरण ने अपनी वीटो का इस्तेमाल करते हुए महज 10 प्रतिशत लेकर बिल्डरों को जमीन आवंटित की गई।

आरोप के मुताबिक स्पोर्ट्स सिटी की विभिन्न परियोजनाओं में पीएएसी की आपत्तियों का जवाब अब तक प्राधिकरण नहीं दे पाया। बताया जा रहा है कि सेक्टर-75 के आवंटन में बड़े पैमाने पर घोटाला किया गया। बिल्डरों ने छोटे-छोटे कंसोर्शियम बनाए और जमकर जमीन आवंटित कराई। बताया जा रहा है कि आज भी एक बिल्डर प्राधिकरण का करीब 26 हजार करोड़ रुपए बकाया है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में हजारों खरीददारों की रजिस्ट्री नहीं हो सकी और न ही उनको सपनों का घर मिल सका। यही नहीं मोहिंदर सिंह पर 2000 करोड़ का फॉर्म हाउस घोटाला करने का भी आरोप है। यमुना किनारे योजना लाकर सस्ते दामों पर फॉर्म हाउस आवंटित किए गए। प्राधिकरण ने 2008 और 2010 में ओपेन एंड स्कीम के तहत दो बार में फॉर्म हाउस योजना निकाली। दोनों बार 305 आवेदन स्वीकार किए गए। इसमे से 157 आवंटियों को 18 लाख 37 हजार 340 वर्गमीटर भूखंड आवंटन किया गया। अब इस घोटाले की जांच शुरू हुई है।

2007 से 12 तक प्राधिकरण के हाकिम बने रहे मोहिंदर

पूर्व आईएएस मोहिंदर सिंह 2007 से लेकर 2012 तक नोएडा प्राधिकरण में विभिन्न पदों पर तैनात रहे। 30 नवंबर 2007 से 14 दिसंबर 2010 तक वह नोएडा प्राधिकरण में बतौर सीईओ तैनात रहे। इसके बाद 01 जनवरी 2010 से 19 जुलाई 2011 चेयरमैन के तौर पर तैनात रहे। 0 1 नवंबर 2011 से 20 मार्च 2012 तक चेयरमैन के पद पर पुन : तैनाती ले ली। बसपा सरकार में रसूख के कारण ही मोहिंदर सिंह लगातार पांच वर्षों तक टिके रहे।

गायत्री प्रजापति की किस्मत का फैसला आज होगा

विधि संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में शुक्रवार को सपा सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे गायत्री प्रसाद प्रजापति जमानत पर फैसला आएगा। वह दुराचार के मामले में उम्र कैद की सजा काट रहा है और पिछले लगभग साढे सात साल से जेल में है। गायत्री व अन्य अभियुक्तों द्वारा दोषसिद्धि व सजा के ट्रायल कोर्ट के निर्णय को हाईकोर्ट में अपील के माध्यम से चुनौती दी गई है। उक्त अपीलों में जमानत के प्रार्थना पत्रों पर न्यायालय ने 10 सितम्बर को अपना फैसला सुरक्षित कर लिया था जिसे शुक्रवार को 1 बजे सुनाया जाएगा।

न्यायमूर्ति विवेक चौधरी व न्यायमूर्ति मो. फैज आलम खान की खंडपीठ के समक्ष गायत्री प्रजापति के साथ-साथ आशीष कुमार शुक्ला व अशोक तिवारी के जमानत प्रार्थना पत्र भी फैसला सुनाए जाने के लिए सूचीबद्ध किये गए हैं। अभियुक्तों की ओर से मामले के तथ्यों के साथ-साथ मुख्य रूप से उनके द्वारा जेल में बिताई गयी अवधि को भी जमानत का आधार बताया गया है। वहीं राज्य सरकार ने बहस के दौरान जमानत दिये जाने का विरोध किया है। हालांकि गायत्री कई आपराधिक मामलों में जेल में निरुद्ध है लेकिन उसके खिलाफ दर्ज यह मामला सबसे संगीन माना जाता है।

18 फरवरी, 2017 को सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर गायत्री प्रसाद प्रजापति व अन्य छह अभियुक्तों के खिलाफ थाना गौतमपल्ली में गैंगरेप, जानमाल की धमकी व पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश पीड़िता की याचिका पर दिया था। पीड़िता ने गायत्री प्रजापति व उनके साथियों पर गैंगेरप का आरोप लगाते हुए अपनी नाबालिग बेटी के साथ भी जबरन शारीरिक संबध बनाने का आरोप लगाया था।

- **दुराचार के मामले में काट रहा है उम्र कैद की सजा**

वृद्धाश्रम के पते पर ही बनवाए जाएंगे आधार कार्ड

लखनऊ, अमृत विचार: मानसिक रूप से अस्वस्थ वृद्धजनों समेत अन्य के आधार कार्ड और निवास प्रमाण पत्र वृद्धाश्रम के पते पर बनवाए जाएंगे। समाज कल्याण विभाग की ओर से इसके लिए कवायद शुरू कर दी गई है।

समाज कल्याण विभाग प्रदेश में 75 वृद्धाश्रमों का संचालन कर रहा है। इसमें लगभग 6 हजार से अधिक बुजुर्ग हैं। लगभग 15 सौ बुजुर्ग ऐसे जिनके आधार कार्ड नहीं है। इनमें कुछ बुजुर्ग ऐसे हैं जिनका मानसिक स्वास्थ्य ठीक नहीं है। ऐसे बुजुर्गों के घर का पता आदि के बारे में जानकारी नहीं है। जबकि कुछ बुजुर्ग ऐसे जिनके अंगूठे और अंगुलिया का निशान बायोमैट्रिक्स में न आने के कारण आधार कार्ड नहीं बन पा रहे हैं। मानसिक रूप से अस्वस्थ्य बुजुर्गों का स्थायी निवास प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अब वृद्धाश्रम का पता दिया जाएगा।

बेटे के गिरफ्तार होते ही सपा विधायक ने किया समर्पण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: बेटे के गिरफ्तार होते ही भदोही के सपा विधायक जाहिद जमाल बेग ने गुरुवार को न्यायालय में समर्पण कर दिया है। बताया जा रहा है कि वह नंगे पैर पहुंचे थे। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट साहिबा खातून ने उन्हें 14 दिन के न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

विधायक आवास पर किशोरी के आत्महत्या किये जाने के बाद से ही पुलिस का शिकंजा लगातार विधायक व उनके परिवार पर बढ़ता जा रहा था। बेटे के जेल जाने के बाद पांच दिनों से गायब विधायक ने कोर्ट में सरेंडर करने का फैसला किया। आखिरकार सपा विधायक पुलिस को चकमा देकर कोर्ट के अंदर प्रवेश कर गए।

- **सीजेएम ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा**

बी.एड डिग्री धारकों के नियुक्ति आदेश पर रोक

जूनियर बेसिक स्कूलों को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट का फैसला

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जूनियर बेसिक स्कूलों में शिक्षक के रूप में नियुक्ति के लिए बी.एड डिग्री धारकों को अमान्य घोषित करने के मामले में विचार करते हुए माना कि मौजूदा मुद्दा एक कानूनी प्रश्न है, जिसकी भली प्रकार जांच होने के बाद ही कोई निर्णय लिया जा सकता है।

इस संदर्भ में विपक्षियों से एक सप्ताह के भीतर हलफनामा मांगते हुए एकल न्यायाधीश के आक्षेपित आदेश दिनांक 5 8.2024 को स्थगित रखने का निर्देश दिया है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम की खंडपीठ ने बेसिक शिक्षा बोर्ड, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज और दो अन्य की विशेष अपील पर सुनवाई करते हुए पारित किया।

दरअसल बोर्ड के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया था कि विपक्षी बी.एड डिग्री धारक हैं, जो सुप्रीम कोर्ट के 8 अप्रैल 2024 के आदेशानुसार जूनियर बेसिक स्कूलों में शिक्षक के रूप में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे। यह निर्णय उन सभी मामलों को शासित करेगा, जो किसी भी राज्य या संघ राज्य क्षेत्र में विभिन्न न्यायिक मंचों पर लंबित हैं।

ऐसी स्थिति में विपक्षियों को नियुक्ति पत्र जारी करने वाले एकल न्यायाधीश द्वारा दिए गए आदेश को रद्द किया जाना चाहिए। हालांकि उक्त आक्षेपित आदेश को कोर्ट ने फिलहाल स्थगित कर दिया है। मामले की अगली सुनवाई आगामी 27 सितंबर को सुनिश्चित की गई है।

बिजली कनेक्शन प्रस्ताव को लेकर बनी भ्रम की स्थिति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: प्रदेश में नए बिजली कनेक्शन के प्रस्ताव को लेकर गुरुवार को भ्रम की स्थिति बन गई। एक ओर जहां उपभोक्ता परिषद ने लाइन चार्ज बढ़ाकर कनेक्शन महंगा करने व इसका कड़ा विरोध का तर्क दिया, तो उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने प्रस्ताव में पहले की तुलना में कनेक्शन को सस्ता कर उपभोक्ताओं को राहत देने की बात कही। कॉरपोरेशन की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि प्रस्तावित व्यवस्था में उपभोक्ता को बिना भागदौड़ के ऑनलाइन आवेदन पर पारदर्शी तरीके से कनेक्शन मिलेगा।

इस्टीमेट का झंझट खत्म कर दिया गया है। अब इस्टीमेट के नाम पर उपभोक्ताओं का उत्पीड़न नहीं होगा। कहा गया है कि अभी तक दो किलोवाट व 100 मीटर तक के घरेलू कनेक्शन के लिए आवेदनकर्ता को इस्टीमेट के तौर पर 21,422 रुपए जमा करने पड़ते थे, अब मात्र 2522 रुपए ही जमा करने होंगे। इस तरह उपभोक्ताओं को 18,900 रुपए की बचत होगी। इसी तरह 5 से 10 किलोवाट के घरेलू उपभोक्ता को वर्तमान व्यवस्था में 39,157 रुपए से 20,8657 रुपए तक देना पड़ता है। प्रस्तावित व्यवस्था में मात्र 14,957 रुपए से 24,957 रुपए तक की राशि जमा करनी होगी।

वर्तमान व्यवस्था में 40 मीटर से अधिक दूरी के कनेक्शन के लिए उपभोक्ता को इस्टीमेट दिया जाता है। प्रस्तावित व्यवस्था में 150 किलोवाट तक के उपभोक्ताओं से इस्टीमेट की व्यवस्था समाप्त कर दी गई है।

- **पावर कॉरपोरेशन ने कहा, कनेक्शन होगा सस्ता, इस्टीमेट की व्यवस्था होगी समाप्त**

अनाप-शनाप इस्टीमेट की आशंका खत्म होगी-आशीष

पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल का कहना है कि 40 मीटर से अधिक दूरी के उपभोक्ताओं की शिकायतें और समस्याएं लगातार आ रही थीं। वर्तमान व्यवस्था में इस्टीमेट और स्थलीय निरीक्षण में विलम्ब व उत्पीड़न की शिकायतें भी आ रही थीं। प्रस्तावित व्यवस्था पारदर्शिता व उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखकर बनाई गई है। अब 150 किलोवाट व 250 मीटर तक के कनेक्शन भार के अनुरूप निर्धारित राशि जमा होगी। अनाप-शनाप इस्टीमेट की आशंका खत्म हो जाएगी।

वर्ग पहेली-197

बाएं से दाएं

3.1. जनसाधारण की नि :स्वार्थ सेवा 2. सरकारी नौकरी।

5.1. एक प्रकार का बड़ा हुक्का, गुड़गुड़ी 2. पुरानी चाल की बंदूक का एक पुरज़ा।

7.1. आज्ञा, आदेश 2. हिदायत या सलाह देना 3. किसी को ठीक रास्ता बतलाना, पथ प्रदर्शन 4. मुशायरों के दौरान गायक द्वारा शेर पेश करने के लिए श्रोताओं द्वारा प्रयुक्त अनुमति सूचक शब्द।

8. निचली मिट्टी।

ऊपर से नीचे

1.1. दीया

2.1. ज़बरदस्त 2. बहुत बड़ा या विशाल।

3. जनकल्याण, जनता की भलाई।

4. लोहे आदि की बनी मज़बूत अलमारी जिसमें व्यक्ति रुपया आदि रखता है

6.1. भरे हुए शरीरवाला 2. कोमल, मुलायम।



वर्ग पहेली -196 का हल

1 पु	रां	त	क		2 रु
					का
3 प			4 नि		व
5 रि	टा	य	र	में	ट
धा			व		
नी			6 का	7 ज	ल
य		8 रा	श	न	

सुडोकू -110

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

3				1		2		
7	5		8				1	
		6		9				3
			7		5		8	
2		8				3		7
	4		3		1	6		
9				7		8		
	6				2		4	1
		5		3				6

सुडोकू - 109 का हल

8	1	4	5	6	2	3	7	9
5	7	6	4	3	9	8	2	1
2	3	9	1	7	8	5	4	6
3	4	8	6	5	1	2	9	7
9	5	1	7	2	3	6	8	4
6	2	7	9	8	4	1	3	5
4	9	3	8	1	6	7	5	2
7	6	2	3	4	5	9	1	8
1	8	5	2	9	7	4	6	3

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 सितंबर शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-तृतीया 21.15 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-शरद। चन्द्रबल- मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्विनी 21 सितंबर 02 .43 तक तत्पश्चात भरणी।

मेष
आज का दिन विशेष रूप से लाभप्रद रहेगा। अपने रुके हुए प्रोजेक्ट्स को पुन : शुरू कर सकते हैं। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। प्रतियोगी परीक्षा में उत्तम सफलता मिल सकती है। माताजी की सेहत का ध्यान रखना चाहिए।

वृष
आज व्यक्तिगत जीवन में अनुशासन का पालन करें। शुभचिंतकों से व्यवहार खराब हो सकते हैं। थायराइड के रोगियों की समस्या बढ़ सकती है। यदि आपको किसी वस्तु या आदत की लत है तो उससे दूरी बनाकर रखें।

मिथुन
आज विवादों को संवाद के माध्यम से सुलझाने में सफलता मिलेगी। उच्च शिक्षा में आपका प्रदर्शन बेहतरीन रहेगा। विद्यार्थियों को करियर को लेकर चिन्ता दूर होगी। ससुराल पक्ष से धन लाभ हो सकता है। घर में पकवानों का आनंद उठाएंगे।

कर्क
आज प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों को उच्च पद मिल सकता है। पुरुष जातकों का महिलाओं के प्रति व्यवहार बहुत अच्छा रहेगा। परिवार के लोग आपसे बहुत प्रसन्न रहेंगे। आपकी अच्छी आदतों से लोग प्रेरणा लेंगे।

सिंह
आज वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को हितशत्रुओं से सावधान रहना चाहिए। सुबह कोई शुभ सूचना मिल सकती है। रिश्तेदारों से अपना व्यवहार अच्छा रखें, लेकिन अपनी भावी योजनाओं पर चर्चा करने से बचें।

कन्या
आज आपको शांत रहने की आवश्यकता है। संयुक्त परिवार में थोड़ी खिटपिट हो सकती है। बच्चों का व्यवहार कुछ उद्दंड हो सकता है। जीवनसाथी की सलाह को अनसुना न करें। व्यवसाय में अनावश्यक व्यय हो सकता है।

तुला
आज अस्त-व्यस्त चीजों को व्यवस्थित करने की कोशिश करेंगे। शत्रुओं पर आप विजय प्राप्त करेंगे। कार्यक्षेत्र की परिस्थितियां आपके अनुकूल रहेंगी। गुरुजनों की सलाह आपको काफी काम आएगी। युवा उत्सव के मूड में रहेंगे।

वृश्चिक
आज व्यापार में कुछ नए प्रयोग कर सकते हैं। समाज में आपका दबदबा बढ़ेगा। घर में आप काफी व्यस्त रहेंगे। सुबह सेहत कुछ नरम रहेगी। स्वयं को फिट रखने के लिए अपनी जीवनशैली में योग और सात्विक आहार को अवश्य शामिल करें।

धनु
आज ज्यादा सोच-विचार करने से महत्वपूर्ण अवसर निकल सकते हैं। विद्यार्थी उच्च अध्ययन में काफी रुचि लेंगे। बच्चों के करियर को लेकर कुछ महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। आपके मन में नए व रचनात्मक विचार उत्पन्न होंगे।

मकर
आज लोग आपसे काफी अपेक्षाएं रखेंगे। अपने आसपास के लोगों के साथ संबंध अच्छे रखें। पार्टनरशिप संबंधी कार्यों से आपको लाभ मिलेगा। आप कुछ चिड़चिड़े से हो सकते हैं। घर से दूर जॉब कर रहे लोगों को छुट्टी लेने में परेशानी सकती है।

कुंभ
आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। जीवनसाथी के साथ समय बिताना पसंद करेंगे। वैवाहिक जीवन काफी रोमांटिक रहेगा। व्यापार में अनुभवी लोगों की सलाह लेना उत्तम होगा। अपने आदर्शों पर अडिग रहें। आय के नए स्रोत विकसित करने में सफलता मिलेगी।

मीन
आज किसी जरूरी काम को लेकर अनिर्णय की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। दूसरों की सहायता करने के चक्कर में अपने हितों की अवहेलना न करें। आप मानसिक रूप से थोड़ा परेशान हो सकते हैं। नया कर्ज लेने से आपको बचना चाहिए।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
दरार
सुबह : 09 .00
रंग
शाम : 06 .00
घूमर
सुबह : 10 .50
सजनी शिंदे का वायरल वीडियो
रात : 08 .00

&pictures
जिओ स्ट्राम
सुबह : 11.03
जॉन विक : चैप्टर 3
रात : 09 .00

SONY PIX
अंतिम
सुबह : 11.29
सूर्यवंशी
रात : 08 .00

ZEE CINEMA
प्लेयर्स
सुबह : 10 .16
आदमी
रात : 07 .30

colors CINEPLEX

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

दांत का डॉक्टर- आपका दांत निकालना पड़ेगा, क्योंकि ये सड़ चुका है।
राजू- हां तो कितने पैसे लगेंगे ?
दांत का डॉक्टर- बस 500 रुपये लगेंगे।
राजू- 50 रुपये ले लो और थोड़ा सा ढीला कर दो, निकाल तो मैं खुद लूंगा।

टीचर- अच्छा बच्चों बताओ ड्राइवर और कंडक्टर में क्या फर्क होता है।
छात्र-गुरुजी, कंडक्टर सो गया तो किसी का टिकट नहीं कटेगा, लेकिन अगर ड्राइवर सो गया तो सबका टिकट कट जाएगा।

मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 980, फ्लैग-1115, बोल्ड- 1160, डीएमओ- 850
रामपुर : शिवालिक-970, फ्लैग-1090, डीएमओ-840, बोल्ड-1160।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 2535, राज श्री 1830, फ़ॉर्चून कि. 2115, रविन्द्रा 2390, फॉर्चुन ली. 1955, जय जवान 1930, सचिन 1980, सूरज 1955, अवसर 1980, राग गोल्ड 2090, गृहणी ली 2025, क्लासिक (किलो) 2090, मोर 2110, चक्र टिन 2350, ब्लू 2145, आशीर्वाद मस्टर्ड 2330, स्वास्तिक 2505। किराना-(प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 30500, लाल मिर्च 17000-20000, धनिया 8000-10000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800-900, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 800, किसमिस पीली 140-180, मखाना 850-1050। चावल - (प्रति कु0)डबल चाबी सेला 10000, स्पाइस 7600, शरबती कच्ची 4450, शर्बती स्टीम 4600, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9200, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल नया 10100, जेनिथ 10000, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950। दाल दलहन-मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10700, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050-7500 मलका दाल 7275-7900, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9600-10200, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 11600, उड़द साबुत दिल्ली 11400, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900,चना काला 8800, दाल चना 9250, लाल हिंदुस्तान 9350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 10000, चना अकोला 9000, डबरा 10200-11200, सच्चा हीरा 12800, मोटा हीरा 14800, अरहर गोला मोटा 12900, अरहर पटका मोटा 13600, अरहर कोरा मोटा 14000, अरहर पटका छोटा 15300-15700, अरहर कोरी छोटी 16100। चीनी- डालमियां 4020, पीलीभीत 4000, नवाबगंज 3990।

विकसित भारत के लिए बैंकों की भूमिका अहम

केंद्रीय वित्तमंत्री सीतारमण ने बैंकों के लिए तकनीक सुरक्षा पर जोर देने को कहा

पुणे, एजेंसी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र या विकसित भारत बनाने के एजेंडे को आगे बढ़ाने में बैंकिंग क्षेत्र को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। सीतारमण ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र के 90वें स्थापना दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री की तरफ से निर्धारित एजेंडे को आगे बढ़ाने में बैंकों को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी और आपकी भूमिका से हम इस सपने को हासिल करने में और तेजी लाएंगे।

वित्तमंत्री ने कहा कि बैंकों को बुनियादी ढांचा क्षेत्र को सशक्त रफ्तार देने, एमएसएमई क्षेत्र को जरूरत के हिसाब से वित्त मुहैया कराने, बैंक सेवाओं से वंचित आबादी को बैंक दायरे में लाने और बीमा पहुंच बढ़ाने में मदद करनी होगी। सीतारमण ने कहा कि प्रौद्योगिकी बैंक परिदृश्य को तेजी से बदल रही है, क्योंकि यह सभी ग्राहकों को सुरक्षित एवं आसानी से संचालित किया जा सकने वाला डिजिटल बैंकिंग अनुभव देती है। हालांकि इसके साथ ही उन्होंने बैंकों के लिए प्रौद्योगिकी सुरक्षा पर भी जोर देने के लिए कहा। वित्त मंत्री ने कहा कि आप (बैंक) ऐसी डिजिटल प्रणाली नहीं रख सकते हैं, जो कहीं भी हैक हो जाए और पूरी प्रणाली एवं उस पर आधारित भरोसा खतरे में पड़ जाए। इसके लिए आपको एक मजबूत प्रणाली चाहिए। आपको हर बार यह सुनिश्चित करना होगा कि पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम मौजूद हैं और किसी भी आपातकालीन स्थिति में किस तरह के कदम उठाने होंगे।

वित्त मंत्री ने डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने में एकीकृत भुगतान प्रणाली यूपीआई की बढ़ती लोकप्रियता पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर तत्काल होने वाले सभी डिजिटल भुगतानों में से 45 प्रतिशत भारत में होते हैं।

सात देशों में यूपीआई की सुविधा

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) अब सात देशों में उपलब्ध है, जिसके अनुसार सभी वास्तविक समय डिजिटल भुगतानों में से 45 प्रतिशत भारत में हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी बैंकिंग परिदृश्य को बदल रही है, क्योंकि यह सभी ग्राहकों को सुरक्षित और आसानी से नेविगेट करने योग्य डिजिटल बैंकिंग अनुभव प्रदान करती है।

भारत में 2030 तक बिजली खपत में होगी 10% की बढ़ोतरी

नई दिल्ली। भारत की बिजली खपत वर्ष 2030 तक 10 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ 3000 टेरावॉट प्रति घंटा (टीडब्ल्यूएच) तक बढ़ सकती है। वैश्विक निवेश प्रबंधन कंपनी ओमनीसाइंस कैपिटल की गुरुवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में बिजली क्षेत्र में कोविड के बाद एक बड़ा बदलाव देखा गया है।

वित्त वर्ष 2011 से वित्त वर्ष 24 तक बिजली की खपत लगभग 10 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ रही है, जिसके 2030 तक जारी रहने की उम्मीद है। रिपोर्ट में आवासीय और वाणिज्यिक दोनों क्षेत्रों में एक मजबूत विस्तार पर भी प्रकाश डाला गया है। रिपोर्ट के अनुसार, मार्च 2024 तक लगभग 40 लाख इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बिकने से भारत का ईवी बाजार विस्फोटक वृद्धि के दौर से गुजर रहा है।

भारत 2030-31 तक तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने को तैयार

मुंबई, एजेंसी

एसएंडपी ग्लोबल ने गुरुवार को कहा कि भारत अनुमानित 6.7 प्रतिशत की एक जबरदस्त वार्षिक वृद्धि दर के बल पर वित्त वर्ष 2030-31 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है। कंपनी ने "इंडिया फॉरवर्डः इमर्जिंग पर्सपेक्टिव्ज" अध्ययन का पहला संस्करण प्रकाशित किया, जिसमें भारत को एक अग्रणी वैश्विक अर्थव्यवस्था केतौर पर दिखाया गया है।

इस रिपोर्ट में कहा गया है कि यह वित्त वर्ष 2024 में 8.2 प्रतिशत की शानदारजीडीपी वृद्धि दर के आगे की स्थिति है, जो इस सरकार के 7.3 प्रतिशत के पूर्व के अनुमान से अधिक है। एसएंडपी ग्लोबल इंडिया लीडरशिप काउंसिल के प्रमुख और एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस के चीफ डेटा अधिकारी अभिषेक तोमर ने इस रिपोर्ट को जारी करते हुए कहा कि भारत वृद्धि के लिए कमर कस चुका है और युवा एवं गतिशील कार्यबल के साथ यह वैश्विक आर्थिक परिदृश्य को नया आकार देने को तैयार है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2024 में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ भारत सबसे तेजी से बढ़ रही बड़ी अर्थव्यवस्था है। कारोबारी लेनदेन और लॉजिस्टिक्समें सुधार, निजी क्षेत्र का निवेश बढ़ाने और सरकारी पूंजी पर निर्भरता घटाने के लिए सतत सुधार महत्वपूर्ण है।

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	90,900
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	75,300
गिन्नी (प्रति नग)	56,100-56,300
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	74,900
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	74,750
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	88,200
चांदी तैयार	88,300
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	74,500
सोना जेवरात गिन्नी	73,500
चांदी पक्की	868 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	75,100
चांदी आभूषण	89,500।

श्वेत क्रांति 2.0 की शुरुआत डेयरी क्षेत्र को मिलेगा बढ़ावा

नई दिल्ली, एजेंसी

- शाह ने कहा- महिलाओं को सशक्त बनाने में मिलेगी मदद

भारत के डेयरी सहकारी क्षेत्र को बदलने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को 'श्वेत क्रांति 2.0' की शुरुआत की। इसे महिला किसानों को सशक्त बनाने और रोजगार के अवसर पैदा करने के उद्देश्य से एक व्यापक पहल माना जा रहा है।

कार्यक्रम में चार प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इसमें महिला किसानों को सशक्त बनाना, स्थानीय दूध उत्पादन को बढ़ाना, डेयरी बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और डेयरी निर्यात को बढ़ावा देना शामिल है। शाह ने कहा कि डेयरी क्षेत्र में अधिकतर महिलाएं लगी हुई हैं, जिनमें से कुछ अकेले गुजरात में 60,000 करोड़ रुपये का कारोबार कर रही हैं। यह नई पहल महिलाओं को सशक्त बनाने और कुपोषण के खिलाफ लड़ाई को और मजबूत करने पर केंद्रित होगी। श्वेत क्रांति 2.0 के तहत, सरकार का लक्ष्य अगले पांच साल में डेयरी सहकारी समितियों द्वारा दूध की खरीद में 50 प्रतिशत की वृद्धि करना है।

बुनकरों-कताई करने वालों की मजदूरी में होगा इजाफा

नई दिल्ली। खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग ने बुनकरों की सात प्रतिशत और कताई करने वाले श्रमिकों की मजदूरी 25 प्रतिशत बढ़ाने की घोषणा की है। खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि चरखे पर सूत कातने वाले श्रमिकों के पारिश्रमिक में 25 प्रतिशत और बुनकरों के पारिश्रमिक में सात प्रतिशत की वृद्धि का निर्णय किया है। बढ़ा पारिश्रमिक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिन 2 अक्टूबर से लागू होगा। सूत कातने वाले श्रमिकों को प्रति लच्छा 10 रुपये की जगह 12.50 रुपये का मेहनताना मिलेगा।

बोवाई पिछड़ी, देर से खाने को मिलेगा नया आलू

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- सितंबर आखिरी या अक्टूबर की शुरुआत में बोवाई के आसार

अमृत विचार : प्रदेश में खराब मौसम की वजह से इस बार अगेती आलू की बोवाई पिछड़ गई है, जो अब मौसम साफ होने पर सितंबर अंत या फिर अक्टूबर माह की शुरुआत तक होगी। इस वजह से नया आलू दिवाली के बाद ही बाजार में आएगा। हालांकि मुख्य आलू की फसल में देरी नहीं होगी। इसकी 15 से 25 अक्टूबर तक बोवाई की जाएगी और फरवरी में फसल तैयार हो जाएगी।

उद्यान विभाग ने सात लाख हेक्टेयर में आलू की बोवाई का लक्ष्य रखा है। इसमें 265 लाख मीट्रिक टन उत्पादन का अनुमान है, जबकि पिछले वर्ष सात लाख हेक्टेयर में 243 लाख मीट्रिक टन आलू का उत्पादन हुआ था। जो बारिश और कोहरा के कारण अनुमान से कम था, लेकिन पिछले वर्षों की अपेक्षा उत्पादन अधिक रहा।

कृषि विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ विज्ञानी डॉ. अखिलेश कुमार दुबे ने बताया कि अगेती फसल में ज्यादा देरी नहीं हुई है। किसान मौसम साफ होते ही खेत सूखने पर बीज उपचारित करके पोटैटो प्लांटर से आलू की बोवाई करें। खेतों में नमी होने की वजह से पलेवा नहीं करना पड़ेगा। जलनिकासी की व्यवस्था जरूर करें। इससे बारिश होने पर फसल बर्बाद नहीं होगी।

कुफरी भास्कर नया, नीलकंठ की ज्यादा मांग: इस बार केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, शिमला द्वारा विकसित कुफरी भास्कर प्रजाति की किसानों में ज्यादा मांग है। साथ ही यहां की विकसित नीलकंठ प्रजाति की भी मांग है। नीलकंठ में कैंसर से लड़ने वाले कैरोटिन एंथोसाइनिन नामक तत्व होते हैं। इसके दाम अच्छे मिलते हैं।

राष्ट्रीय

एक नजर

राज्यसभा सदस्यता से जवाहर सरकार का इस्तीफा मंजूर

नई दिल्ली। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को तृणमूल कांग्रेस सदस्य जवाहर सरकार का उच्च सदन की सदस्यता से इस्तीफा स्वीकार कर लिया। कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में एक डॉक्टर के बलात्कार और हत्या की घटना के बाद उठाए गए कदमों को लेकर पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार पर सवाल उठाने वाले सरकार ने उच्च सदन से इस्तीफे की घोषणा की थी।

बिहार के चर्चित आईपीएस शिवदीप लांडे का इस्तीफा

पटना। बिहार कैडर के वर्ष 2006 बैच के आईपीएस के अधिकारी शिवदीप वामनराव लांडे ने गुरुवार को अपना इस्तीफा दे दिया। लांडे पूर्णिया रेंज के महानिरीक्षक (आईजी) के पद पर तैनात थे। वह बिहार के दूसरे आईपीएस हैं, जिन्होंने पिछले दो महीने में नौकरी से इस्तीफा दिया है।

भाजपा के चुनाव संकल्प पत्र में 20 वादे

अग्निवीर को सरकारी नौकरी की गारंटी, महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 2100 रुपये

हरियाणा विस चुनाव

चंडीगढ़, एजेंसी

भाजपा ने 5 अक्टूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार को पार्टी का घोषणापत्र जारी किया, जिसमें महिलाओं को 2,100 रुपये मासिक सहायता प्रदान करने, युवाओं के लिए दो लाख नौकरियां और राज्य के अग्निवीरों को सरकारी नौकरियां देने का वादा किया गया है।

केंद्रीय मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रोहतक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्रियों मनोहर लाल खट्टर, राव इंद्रजीत और चुनाव घोषणापत्र समिति के प्रमुख कृष्णपाल गुर्जर की उपस्थिति में संकल्प पत्र जारी किया। हरियाणा में अगले महीने होने वाले चुनावों के बाद लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की कोशिश कर रही सत्तारूढ़ भाजपा ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर 24 फसलों की खरीद का भी वादा किया है। हरियाणा में भाजपा सरकार पहले से ही 14 फसलों को एमएसपी पर खरीद रही है। पिछले महीने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की घोषणा के बाद राज्य मंत्रिमंडल ने 10 और फसलें एमएसपी पर खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी।

सेना में अल्पकालिक भर्ती से संबंधित अग्निपथ योजना को लेकर विपक्षी दलों की आलोचना का सामना कर रहे नड्डा ने कहा कि हरियाणा से संबंध रखने वाले प्रत्येक अग्निवीर को सरकारी नौकरी दी जाएगी।

भाजपा ने घोषणापत्र में जो 20 प्रमुख वादे किए हैं उनमें 'लाडो लक्ष्मी योजना' के तहत सभी महिलाओं को 2,100 रुपये प्रति माह देने का वादा भी शामिल है। सत्तारूढ़ पार्टी ने कांग्रेस सरकार के दौरान कथित भ्रष्टाचार का जिक्र करते हुए कहा कि युवाओं को बिना 'खर्ची-पर्ची' के दो लाख सरकारी नौकरियां दी जाएंगी। सत्तारूढ़ भाजपा ने 'हर घर गृहणी योजना' के तहत 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर देने की भी घोषणा की। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार राज्य में पहले से ही गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) और अंत्योदय परिवारों को हर घर गृहिणी योजना के तहत 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर दे रही है।

एमएसपी पर 24 फसलें खरीदने का वादा

चंडीगढ़। भाजपा के घोषणापत्र में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर 24 फसलें खरीदने का भी वादा किया गया है। पार्टी ने देश भर के किसी भी सरकारी मेडिकल या इंजीनियरिंग कॉलेज में ओबीसी, एससी समुदायों से संबंधित हरियाणा के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति और ग्रामीण क्षेत्रों में कॉलेज जाने वाली लड़कियों को स्कूटर देने का भी वादा किया। नड्डा ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार में हरियाणा प्रगति के पथ पर आगे बढ़ा है। उन्होंने पिछली सरकारों के दौरान हुए कथित भ्रष्टाचार और घोटालों का जिक्र करते हुए कहा कि आप स्पष्ट रूप से देख सकते हैं हरियाणा बदल गया है।

गया-कैमूर में एनआईए की बड़ी कार्रवाई हथियार और चार करोड़ नकद बरामद

पटना/गया, एजेंसी

- आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण भी मिले

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सीपीआई (माओवादी) मगध जोन मामले में गुरुवार को बिहार के गया और कैमूर जिले के पांच ठिकानों पर छापेमारी कर 10 हथियार, 4.03 करोड़ रुपये नकद, आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण बरामद किए।

एनआईए की ओर से कहा गया कि बिहार के गया और कैमूर जिलों में कुल पांच स्थानों पर छापेमारी की गई। इस छापेमारी का उद्देश्य मगध क्षेत्र में प्रतिबंधित संगठन को पुनर्जीवित करने और मजबूत करने की सीपीआई (माओवादी) की साजिश को विफल करना था। इस साजिश मामले में तीन संदिग्धों के घरों और कार्यालय परिसरों में छापेमारी की गई। इस क्रम में एनआईए ने पाया कि तीनों मगध क्षेत्र में अपनी नक्सली गतिविधियों को पुनर्जीवित करने के लिए सीपीआई (माओवादी) के नेताओं को धन और रसद सहायता प्रदान करने में शामिल थे। गया और कैमूर जिले के पांच ठिकानों पर की गई छापेमारी में अलग-अलग बोर के दस हथियार, 4.03 करोड़ रुपये नकद, कई डिजिटल उपकरणों के साथ ही आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए हैं।

एनआईए ने कहा कि यह मामला बीते साल 7 अगस्त को औरंगाबाद जिले के गोह थाना क्षेत्र से सीपीआई (माओवादी) के दो कैडरों की गिरफ्तारी से प्रकाश में आया था। गिरफ्तार किए गए कैडरों में रोहित राय और प्रमोद यादव शामिल हैं। उनके पास से हथियार और गोला-बारूद के साथ-साथ सीपीआई (माओवादी) मगध जोनल सांगठनिक कमेटी से संबंधित पुस्तिकाएं भी बरामद की गई थीं।

पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी के यहां भी छापेमारी

गया। बिहार में सत्तारूढ़ जदयू की पूर्व विधान पार्षद मनोरमा देवी के आवास पर भी एनआईए की टीम ने छापेमारी की है। मनोरमा देवी के गया शहर के एपी कॉलोनी स्थित आवास पर गुरुवार एनआईए टीम ने कार्रवाई की। छापेमारी में भारी मात्रा में कैश मिलने की भी बात आ रही है। एसबीआई के कर्मचारी नोट गिनने की दो मशीन एवं तीन बक्से लेकर उनके आवास पहुंचे थे। इससे यह आशंका जताई जा रही है कि भारी संख्या में आवास से कैश मिला है।

कॉलेजियम की सिफारिशें कोर्ट के साथ साझा करेगा केंद्र

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट से कहा कि वह देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों में मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्तियों से संबंधित कॉलेजियम की अनुशंसाओं के बारे में अगले सप्ताह कुछ जानकारियां प्रदान करेगी। अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणि ने प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष ये टिप्पणियां करते हुए शुक्रवार के लिए सूचीबद्ध एक जनहित याचिका पर सुनवाई स्थगित करने का अनुरोध किया।

अटॉर्नी जनरल ने न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की सदस्यता वाली इस पीठ से कहा, "कॉलेजियम की अनुशंसाओं के बारे में कुछ विवरण उपलब्ध कराएंगे। कृपया याचिका को एक सप्ताह बाद सूचीबद्ध करें।"

झूठी गवाही के दावे पर पूजा खेडकर से मांगा जवाब

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को यूपीएससी के उन आरोपों पर पूर्व प्रशिक्षु भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी पूजा खेडकर से जवाब मांगा है, जिसमें कहा गया है कि खेडकर ने अपनी अग्रिम जमानत याचिका के संबंध में गलत बयान देकर झूठी गवाही दी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने आयोग के आवेदन पर खेडकर से जवाब दाखिल करने को कहा।

पूर्व पुलिस आयुक्त ने जज के खिलाफ दर्ज कराया मानहानि का मुकदमा

गुरुग्राम। गुरुग्राम के पूर्व पुलिस आयुक्त कृष्ण कुमार राव ने एक जज के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर कर उनसे एक करोड़ का हर्जाना मांगा है। राव के अनुसार, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमित सहरावत ने फरवरी 2022 में पारित एक आदेश में करोड़ों रुपये की डकैती के मामले में गुरुग्राम पुलिस के पूर्व उपायुक्त धीरज सेतिया की जमानत याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी थी कि मामले में जो दिख रहा है, उससे कहीं अधिक है। जज ने कहा कि मुख्य संदिग्ध सचिंदर जैन द्वारा की गई स्वीकारोक्ति के आधार पर यह संदिग्ध लगता है कि सेतिया, जिस पर मामले में जांच को पटरी से उतारने के लिए रिश्वत लेने का आरोप है, राव के अधीन ऐसा कर सकता है, विशेषकर यह देखते हुए कि गैंगस्टर गुरुग्राम कमिश्नरेट में उससे मिलने आते थे।

मुंबई के पूर्व पुलिस प्रमुख संजय पांडेय कांग्रेस में शामिल

मुंबई। मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त संजय पांडेय गुरुवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। वह कांग्रेस में ऐसे समय शामिल हुए हैं, जब महाराष्ट्र में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित है। वर्ष 1986 बैच के सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी को 2022 में ईडी ने 'नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के कर्मचारियों की फोन टैपिंग से जुड़े धन शोधन के मामले में गिरफ्तार किया था। पांडेय को कांग्रेस की मुंबई इकाई प्रमुख वर्षा गायकवाड ने पार्टी में शामिल कराया। सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी पांडेय ने स्वयं को धर्मनिरपेक्ष विचारधारा वाला व्यक्ति बताते हुए कहा कि कांग्रेस को छोड़कर कोई अन्य राजनीतिक दल धर्मनिरपेक्ष विचारधारा का पालन नहीं करता है।

फुटपाथ पर सो रहे दो लोगों को कार ने कुचला

नई दिल्ली। गीता कॉलोनी इलाके में फुटपाथ पर सो रहे दो मजदूरों को एक तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो उसने देखा कि एक कार फुटपाथ पर चढ़ी हुई है। पुलिस को वहां पहुंचने पर पता चला कि सोनू (40) और मोहम्मद इस्लाम (38) इस दुर्घटना में घायल हो गए। सोनू की इलाज के दौरान मौत हो गई।

आतंक वित्तपोषण और मनी लॉन्ड्रिंग के खिलाफ लड़ाई में उपलब्धि

भारत जी-20 देशों के विशिष्ट समूह में शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद वित्तपोषण के विरुद्ध लड़ाई के लिए फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) से 'रेगुलर फॉलो-अप' रेटिंग प्राप्त करने वाले सिर्फ चार जी20 देशों के एक विशिष्ट समूह में शामिल हो गया है, लेकिन एफएटीएफ ने अलकायदा और आईएसआईएल जैसे आतंकी संगठनों से उत्पन्न खतरों से भी चेताया है।

